www.navpradesh.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, बुधवार, 7 अक्टूबर 2026 | कृष्ण पक्ष-द्वादशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 175 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

किसानों को बड़ी राहत: धान बेचने के लिए सह खातेदारों का एग्रीस्टेक पंजीयन जरूरी नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। इसके मुताबिक अब केवल लंबरदार को ही एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य है। सह खातेदारों को एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की कोई जरूरत नहीं होगी।

शासन द्वारा सोमवार को यह महत्वपूर्ण आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के बाद पंजीयन के लिए भटक रहे हजारों किसानों को राहत मिल सकेगी।

नवप्रदेश खबर का असर

शासन द्वारा जून महीने में जारी किए गए आदेश के अनुसार सह खातेदारों को भी एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य किया गया था, तभी वे समर्थन मूल्य पर अपना धान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिला सह-खातेदारों को भी बड़ी राहत

राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक नई व्यवस्था का सबसे सीधा असर उन महिला सह-खातेदारों पर पड़ेगा, जिनका विवाह हो चुका है और वे दूसरे स्थान पर रह रही हैं। ऐसी कई महिला खातेदारों ने मोबाइल ओटीपी के जरिए एग्रीस्टेक पंजीयन कराया था। अब उनके लिए अलग से पंजीयन कराना जरूरी नहीं होगा। वहीं एक से अधिक खातेदार रहने पर धान बिक्री के लिए खाते के लंबरदार का एग्रीस्टेक पंजीयन पर्याप्त होगा।

पहले पंजीयन अनिवार्य किया गया था

इस श्रेणी की महिला खातेदारों के द्वारा भी मोबाइल ओटीपी के आधार पर अपना एग्रीस्टेक पंजीयन कराया गया था। सोमवार को शासन ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए पूर्व में जारी सह खातेदारों के भी एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब केवल लंबरदार का एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य है। सह खातेदारों को एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की कोई जरूरत नहीं है।

"खाते में दर्ज सारे सह खातेदार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अब आवश्यक नहीं है। धान बेचने के लिए केवल लंबरदार का पंजीयन अनिवार्य है। शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

-भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक, रायपुर

कितने खातेदारों ने करा लिए पंजीयन, कोई रिकॉर्ड नहीं

खाते में शामिल सभी किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य करने के बाद हड़बड़ाए किसान बड़ी संख्या में एग्रीस्टेक पंजीयन कराने सेंटर में पहुंचते रहे। जबकि जिले के किसी भी विभाग के पास इस बात की डिटेल नहीं है कि अब तक कितने खातों के शत प्रतिशत किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन पूर्ण हो चुका चुका है व कितने खाते अभी भी इससे छूटे हैं। अधीक्षक भू-अभिलेख केएस यादव ने इस बात की पुष्टि की है कि कितने खातों के सारे सह खातेदारों के द्वारा भी अपना पंजीयन कार्य पूरा करा लिया गया है इस बात का विभाग में कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है।

आज बेबाक

सही बात है। डर सबको लगता है। गला सभी का सूखता है। मुन्ना भाई को भी देश का माहौल देखकर डर लग रहा है तो इसमें हैरत की कोई बात नहीं है। आमिर खान, शाहरुख खान, नसीरुद्दीन शाह और स्वरा भास्कर के सुर में सुर मिलाते हुए संजय दत्त ने फरमाया है कि देश में शांति का माहौल नहीं है। यदि उन्हें लगता है कि ऐसा है तो निकल लो यहां से। कौन रोक रहा है? चले जाओ वहां जहां ड्रग एडिक्ट बनने, आतंकियों से यारी करने तथा घर पर एके 47 रखने की छूट मिले। परम शांति प्राप्त होगी।

सीईसी ज्ञानेश कुमार का छत्तीसगढ़ दौरा स्थगित

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का छत्तीसगढ़ दौरा स्थगित हो गया है। उन्हें 7 और 8 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आना था। उनके दौरे को लेकर राज्य सरकार और प्रशासन ने प्रोटोकॉल की तैयारियां भी शुरू कर दी थीं। अब निर्वाचन आयोग की ओर से नई तारीख मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने गुरुवार पत्र संबंधित विभागों को लैटर भेजकर दौरा स्थगित होने की जानकारी दी है।

पंजाब सीएम के चंडीगढ़ कैंप ऑफिस में सीबीआई की रेड

चंडीगढ़/ए.। केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित कैंप ऑफिस में मंगलवार शाम छापा मारा। सीबीआई की टीमें मोहाली और संगरूर भी पहुंचीं। यह कार्रवाई पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीएम आफिस में ट्रांसफर-पोस्टिंग और करप्शन के आरोप लगाए थे। ईडी ने सीएम के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन को मुख्य आरोपी बनाया था पर पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर नहीं दर्ज की। मामला हाईकोर्ट पहुंचा और 5 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने ओएसडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सीबीआई जांच का आदेश दिया।

गरमा-गरम

विरोध : राहुल गांधी समेत 19 दलों के विपक्षी सांसदों ने दिल्ली में चुनाव आयोग तक मार्च निकाला

वट वृक्ष के नीचे राहुल-प्रियंका डटे चुनाव दफ्तर जाने की जिद पर अड़े

नई दिल्ली/ए.। राहुल और प्रियंका गांधी तीन घंटे से ज्यादा समय से दिल्ली के आकाशवाणी कैंपस में धरने पर बैठे हैं। वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 19 विपक्षी पार्टियों के सेव डेमोक्रेसी मार्च में शामिल थे।

संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस जा रहे मार्च को पुलिस ने रोका, राहुल-प्रियंका को हिरासत में लेकर बस में बैठाया, तो वे उतरकर आकाशवाणी परिसर में पेड़ के नीचे बैठ गए। राहुल ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने वोट चोरी में भाजपा की मदद की। आकाशवाणी से आयोग का ऑफिस 270 मीटर दूर है और राहुल वहां तक जाने देने की मांग कर रहे हैं। चुनाव आयोग के खिलाफ दिल्ली और मुंबई में पिछले पांच दिनों में सातवां प्रदर्शन है।

300 सांसदों को आयुक्त से मिलने से रोका: नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा- 300 लोकसभा और राज्यसभा के सांसद आए थे। हम चाहते थे ज्ञानेश कुमार और उनके दो चुनाव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मैं लोकतंत्र बचाने यहां खड़ा हूं : राहुल गांधी

सवाल पूछने पर राहुल ने नाराजगी जताई और कहा कि क्या मैं आपको भाजपा का कार्यकर्ता लगता हूं। भाजपा जो बोले मुझे उसमें कोई इंटरेस्ट नहीं है। मैं लोकतंत्र बचाने यहां खड़ा हूं। अमित शाह, नरेंद्र मोदी, ज्ञानेश कुमार और मोहन भागवत ने देश के लोकतंत्र को खत्म कर दिया है। देश के युवा ये बात जानते हैं। चुनाव को मोदी-शाह ने हाइजैक किया है और ज्ञानेश कुमार ने उनकी मदद की है। यहां पुलिस वाले भी यही कर रहे हैं। इनमें से कोई भी बचकर नहीं जाएगा। जो इन्होंने देश के साथ किया है, वह देशद्रोह है।

विजय चौक पर भारी सुरक्षा और बैरिकेड्स

विपक्षी सांसदों के इस प्रस्तावित मार्च को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने विजय चौक, नीति आयोग और निर्वाचन सदन के आसपास सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। कई स्तरों पर मजबूत बैरिकेडिंग की गई है, ताकि मार्च को आगे बढ़ने से रोका जा सके। इसके बावजूद, सांसद और विपक्षी नेता अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।

अखिलेश और अभिषेक लिए गए हिरासत में

विपक्ष के इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी को हिरासत में ले लिया है। नीति आयोग के दफ्तर के सामने सुरक्षाकर्मियों ने इंडी गठबंधन के मार्च को पूरी तरह से रोक दिया था। बैरिकेडिंग के पास पहुंचकर नेताओं ने 'वोट चोर' जैसे नारे लगाए।

फॉर्म-6 में कॉमा-फुल स्टॉप तक नहीं बदला: चुनाव आयोग

नई दिल्ली/ए.। फॉर्म-6 और मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच टकराव तेज हो गया है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के उस दावे का फैक्ट चेक कर खंडन किया है, जिसमें फॉर्म-6 में अवैध बदलाव का आरोप लगाया गया था। आयोग का कहना है कि मूल फॉर्म में कोई बदलाव नहीं किया गया है, बल्कि नियमों के तहत एक अतिरिक्त घोषणा-पत्र जोड़ा गया था। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 'फॉर्म-6' में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, मूल फॉर्म-6 के टेक्स्ट में एक भी शब्द, कॉमा या पूर्ण विराम तक में कोई फेरबदल नहीं किया गया है। आयोग ने साफ किया कि केवल नए मतदाताओं के सत्यापन के लिए इसके साथ एक अतिरिक्त घोषणा-पत्र जोड़ा गया था जो प्रोटोकॉल का हिस्सा हैं।

'बेबुनियाद' दावों से देश को गुमराह कर रहा इंडी गठबंधन

नई दिल्ली/ए.। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया ब्लॉक गठबंधन का मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत तमाम सांसद सड़क पर उतरे हैं। वहीं, इस विरोध-प्रदर्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने भी बयानबाजी की है। पार्टी प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रेस कॉफ्रेंस करते हुए देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस से सवाल किया कि वह बिना वेरिफिकेशन के 'अनुपस्थित, दूसरी जगह चले गए, मृत और डुप्लिकेट वोटरों' को वोटिंग का अधिकार देने का समर्थन क्यों कर रही है। उन्होंने पूछा कि पार्टी इस कदम से किसे फायदा पहुंचाना चाहती है। उन्होंने कांग्रेस पर 'बेबुनियाद' दावों से देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेतृत्व ने 'लोकतंत्र का गला घोंटते हुए/वंशवादी शासन व्यवस्था अपनाई और अब आकाशवाणी में 'घुसपैठ' करने की कोशिश की है।

भारत में दो साल के भीतर उड़ेंगे स्वदेशी यात्री विमान

■ **मोदी सरकार के मेड इन इंडिया सिविलियन प्लेन को लेकर बड़ा ऐलान**

नई दिल्ली/ए.। मोदी सरकार ने भारत के पहले स्वदेशी यात्री हवाई जहाज को लेकर बहुत बड़ी बात कही है। सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि आने वाले दो वर्षों में देश में बने स्वदेशी यात्री विमान उड़ान बनने लगेंगे। सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू के अनुसार स्वदेशी यात्री विमानों को निर्माण ज्वाइंट वेंचर में होगा। उन्होंने दिल्ली में इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट के सिंपोजियम में यह बातें कही हैं। दो साल के अंदर हमारे पास मेड इन इंडिया सिविलियन एयरक्राफ्ट होंगे।

एविएशन सेक्टर में तेज विकास का दावा: राममोहन नायडू के अनुसार स्वदेशी यात्री विमान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फ्रांसिस हाल्जेन को मिला 2026 का फिजिक्स नोबेल

■ **अंतरिक्ष से आने वाले रहस्यमयी कणों को पकड़ने का तरीका खोजा, ब्रह्मांड को समझने में मदद मिली**

नई दिल्ली/ए.। बेल्जियम के वैज्ञानिक फ्रांसिस हैल्जेन को 2026 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला है। उन्हें यह पुरस्कार अंतरिक्ष से धरती तक आने वाले बेहद ताकतवर न्यूट्रिनो को पकड़ने और उनके बारे में पता लगाने में अहम काम के लिए दिया गया है। उन्होंने दक्षिणी ध्रुव की बर्फ में न्यूट्रिनो पकड़ने वाली आइसक्यूब ऑब्जर्वेटरी बनाने का विचार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

2011 में आइसक्यूब न्यूट्रिनो ऑब्जर्वेटरी बनी

आइसक्यूब न्यूट्रिनो ऑब्जर्वेटरी का निर्माण 2011 में पूरा हुआ। यहां पकड़े गए उच्च-ऊर्जा वाले न्यूट्रिनो ने वैज्ञानिकों को सौरमंडल से बहुत दूर मौजूद स्रोतों और वहां होने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी हासिल करने का नया तरीका दिया। पहले वैज्ञानिक ब्रह्मांड को मुख्य रूप से दिखाई देने वाली रोशनी, एक्स-रे के जरिए समझते थे।

साय की 15 दिग्गज ग्लोबल कंपनियों के साथ छत्तीसगढ़ में निवेश पर मंत्रणा

रायपुर/नवप्रदेश। सिंगापुर में आयोजित प्रतिष्ठित सीईओ राउंडटेबल में छत्तीसगढ़ के लिए विदेशी निवेश की नई राहें खुली हैं। 15 से अधिक ग्लोबल कंपनियों के बिज़नेस लीडर्स के साथ हुई इस अहम बैठक में राज्य को भारत के प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने पर सकारात्मक चर्चा हुई।

सिंगापुर में हुए सीईओ राउंडटेबल के दौरान टीसीएस, एसएमबीसी टोलाराम ग्रुप, एग्रोकार्प, इंडियन ओशन ग्रुप और ब्लू एक्वा जैसी 15 से ज़्यादा ग्लोबल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक बेहद सार्थक बातचीत संपन्न हुई। इस वैश्विक मंच पर छत्तीसगढ़ की प्रगतिशील औद्योगिक नीति, सुधार-उन्मुख सुशासन और निवेशकों के अनुकूल इकोसिस्टम के आधार पर राज्य में निवेश की मज़बूत संभावनाओं को मजबूती से पेश किया गया। यह पहल छत्तीसगढ़ को ग्लोबल कंपनियों के लिए एक आदर्श स्थान बनाने और राज्य में रोज़गार के नए अवसर पैदा करने के विजन का अहम हिस्सा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शिवसेना चुनाव चिह्न विवाद, दलबदल संवैधानिक पाप: सुको

■ **चुनाव आयोग दोनों को अलग-अलग निशान दे सकता था, 4 साल से चल रहा चुनाव चिन्ह विवाद**

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना के चुनाव चिह्न विवाद पर सुनवाई की। कोर्ट ने पूछा कि दल-बदल करने वालों के लिए पार्टी के निशान की भावना कैसे लागू होगी।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने यह सवाल उठाया। बेंच एकनाथ शिंदे गुट को धनुष-बाण निशान देने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जस्टिस बागची ने पूछे सवाल

जस्टिस बागची ने पूछा कि अगर अयोग्यता की कार्यवाही झेल रहे सदस्य बाद में अपनी सदस्यता खो देते हैं, तो पार्टी का चुनाव चिह्न कैसे काम करेगा। उन्होंने कहा, 'राजनीतिक दल के पास स्वतंत्रता रहती है। अगर अयोग्य सदस्य चले जाते हैं, तो बाकी सदस्यों को अलग चुनाव चिह्न मिल जाता है। आप अभी सादिक अली के फैसले को पढ़ने वाले थे। इसके बाद जस्टिस बागची ने पूछा, 'क्या चुनाव चिह्न की भावना उन लोगों के लिए लागू होगी, जिन्होंने संवैधानिक पाप किया है? या उन लोगों के लिए, जिन्होंने संवैधानिक पाप की शिकायत की है?

बहुमत के आंकड़ों पर दलील

शिंदे गुट के वकील नीरज किशन कौल ने कहा कि शिंदे का समर्थन करने वाले 40 विधायक, 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीतने वाले शिवसेना के 55 विधायकों के पक्ष में पड़े कुल वोटों का 76% प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने लोकसभा के आंकड़ों का भी हवाला दिया। कौल ने कहा कि शिंदे का समर्थन करने वाले 13 सांसद, पार्टी के जीतने वाले 18 सांसदों के पक्ष में पड़े कुल वोटों का 73% प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ अयोग्यता की कार्यवाही लंबित होने से चुनाव आयोग को पैराग्राफ 15 के तहत पार्टी के चुनाव चिह्न विवाद पर फैसला लेने से नहीं रोका जा सकता। कौल ने यह भी कहा कि 2019 की महाराष्ट्र विधानसभा भंग हो चुकी है। 2024 के चुनाव के बाद नया सदन बन चुका है।

विकास : पुल-सुरंगों से कटे लंबे चक्कर, एक्सप्रेसवे ने घटाए घंटे, नई पीढ़ी की ट्रेनों ने भी बदला यात्रा का गणित

दूरी वही, लेकिन सफर हुआ आधा, बदल रही देश की रफ्तार

■ **रायपुर से विशाखा-पट्टनम का सफर 12 घंटे से घटकर 5 से 7 घंटे तक आने की उम्मीद**

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। देश के नक्शे पर शहरों के बीच भौगोलिक दूरी भले ही नहीं बदली हो, लेकिन उन दूरियों को तय करने में लगने वाला समय तेजी से बदल रहा है। कहीं नदी पर बने नए पुल ने पूरे दिन की यात्रा को एक-दो घंटे में समेट दिया है, कहीं पहाड़ के भीतर बनी सुरंग घंटों का चक्कर बचा रही है। एक्सप्रेसवे बड़े शहरों के बीच सड़क ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ में दो वंदे भारत कनेक्शन

प्रदेश में दुर्ग-विशाखापट्टनम और बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत सेवाएं तेज रेल संपर्क का हिस्सा हैं। बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत शुरू होने के समय यात्रा अवधि को 7-8 घंटे से घटाकर करीब 5 घंटे 30 मिनट करने की बात कही गई थी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में 2014 के बाद 2,731 किलोमीटर लंबाई की 25 नई रेलवे परियोजनाएं करीब 37,018 करोड़ के निवेश के साथ ली गई हैं। 32 स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किए जाने की योजना भी रेल नेटवर्क के बड़े बदलाव का हिस्सा है।

बुलेट ट्रेन लगाएगी अगली छलांग

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर भारत में यात्रा समय घटाने की अगली बड़ी परियोजना है। करीब 508 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर ट्रेनें अधिकतम 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने की योजना है। इसके जरिए मुंबई-अहमदाबाद यात्रा को करीब दो घंटे के आसपास लाने का लक्ष्य रखा गया है। कॉरिडोर में 12 स्टेशन प्रस्तावित हैं। परियोजना की एक प्रमुख विशेषता ठाणे क्रीक क्षेत्र में बनने वाली समुद्र के नीचे की रेल सुरंग है।

रेलवे में भी 'समय' पर सबसे बड़ा फोकस

सड़क के साथ रेलवे नेटवर्क में भी यात्रा समय कम करने की कोशिश तेज हुई है। रेलवे की 2026 की समय-सारिणी में 549 ट्रेनों की यात्रा अवधि कम किए जाने का उल्लेख है। इनमें 20 ट्रेनों में एक घंटे या इससे ज्यादा, 48 ट्रेनों में 31 से 59 मिनट और 105 ट्रेनों में 16 से 30 मिनट तक की बचत दर्ज की गई। अन्य 376 ट्रेनों के सफर में भी 5 से 15 मिनट तक कमी की गई।

लौह खदान की 3 मशीनों में लगाई आग, मिले पर्चे

■ **नक्सल मुक्त घोषित होने के बाद कांकेर में बड़ी वारदात, पुलिस कर रही जांच**

भानुप्रतापपुर/कांकेर/नवप्रदेश। क्या नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो चुका है? यह सवाल एक बार फिर उठने लगा है। छत्तीसगढ़ में 31 मार्च 2026 को 'नक्सल मुक्त' घोषित किए जाने के बाद कांकेर जिले में सामने आई एक घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

लोहत्तर थाना क्षेत्र के ग्राम चेमल स्थित पुष्प स्टील लिमिटेड की लौह अयस्क खदान में अज्ञात तत्वों ने खड़ी मशीनों में आग लगा दी। घटना में तीन पोकलेन मशीनें जलकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं मौके से दो पर्चे भी मिले हैं, जिनमें खदान को नियमित रूप से संचालित करने और एक सप्ताह के भीतर मांगें मानने की बात लिखी गई है। पर्चों में 'लाल सलाम' भी लिखा हुआ है। हालांकि, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बिंझवार समाज की एकजुटता, विधायक द्वारिकाधीश ने दिया भाईचारे का संदेश

सराईपाली बुंदेली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ग्राम सराईपाली बुंदेली में बिंझवार समाज द्वारा आयोजित नुआखाई पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने समाजजनों से मुलाकात कर नुआखाई पर्व की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ मनाए गए इस आयोजन में समाज की एकजुटता और आपसी मेल-मिलाप की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने नुआखाई पर्व के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक एवं सामाजिक आयोजन समाज के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने के साथ आपसी संबंधों को मजबूत करने का काम करते हैं। उन्होंने समाजजनों को भाईचारे, एकता और सामाजिक सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।

नुआखाई पर्व के अवसर पर बिंझवार समाज के लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समाजजनों ने विधायक यादव का स्वागत किया। इस दौरान सामाजिक विषयों पर भी चर्चा हुई। आयोजन आपसी मेल-मिलाप, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और सामाजिक एकजुटता का अवसर बना।

कार्यक्रम में प्रेमसिंग, हेमसागर बिंझवार, परमेश्वर बिंझवार, दशरथ बिंझवार, अजय बिंझवार, दयाराम बिंझवार, विश्वनाथ बिंझवार, श्यामलाल बिंझवार, ईश्वर बिंझवार, नैनसिंग बिंझवार, कन्हैया बिंझवार, सूरजचंद, मंशाराम बिंझवार, धनउ बिंझवार, चंदन सिंह बिंझवार, माखन बिंझवार, मालिक राम बरिहा, झुमूक लाल बिंझवार, नवधर बिंझवार, युगल किशोर बिंझवार एवं बजरंग बिंझवार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

नीट में सिमगा के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

मुक्तिमनी मारकंडे 135वें और हिमांशु कोसले 144वें रैंक पर

सिमगा/नवप्रदेश। पीएमश्री स्वामी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय सिमगा की प्राचार्य गीता लहरे के द्वारा बताया गया कि हमारे विद्यालय से दो छात्र मुक्तिमनी मारकंडे ने 135 वां रैंक और हिमांशु कोसले ने 144 वां रैंक नीट परीक्षा में अपना स्थान बनाया. यह पूरे सिमगा क्षेत्र के लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि हमारे विद्यालय और हमारे नगर के छात्र राष्ट्रीय स्तर के नीट प्रतियोगिता में भाग लेकर स्थान प्राप्त किया. यश राज देवांगन ने बनारस विश्वविद्यालय में अपना स्थान बनाया.विद्यालय परिसर में इन तीनो छात्रों को मुंह मीठा कर उन्हें और उनके परिवार जनों को बधाई दी गई. संस्था के प्राचार्य द्वारा यह बताया गया कि हमारे विद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बच्चों को नीट जेई क्लैट, एनडीए, जूनियर साइंटिस्ट नवोदय में प्रवेश परीक्षा सैनिक परीक्षा एन एमएमएस के स्कॉलरशिप परीक्षा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का कक्षा लगाया जाता है इसकी संपूर्ण जानकारी तापस राय ग्रंथपाल द्वारा दी गई संस्था की प्राचार्य गीता लहरें आशीष कुमार शर्मा चंद्रिका सम दीपिका साहू अमृतांश सोनी मनीष चौहान पलाश रामटेक रामबाबू यादव कुशल पटेल एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे!

केंद्र सरकार ने रबी फसलों की एमएसपी बढ़ाने को दी मंजूरी

■ सांसद संतोष पांडेय ने प्रधानमंत्री व केंद्र सरकार का जताया आभार

कवर्धा/नवप्रदेश। क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि केंद्र सरकार ने साल 2027-28 के लिए सभी छह रबी फसलों का एमएसपी बढ़ाने को मंजूरी दी है। सरकार के इस फैसले का उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम देना और उत्पादन लागत पर पर्याप्त मार्जिन सुनिश्चित करना है।

सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि गेहूं के एमएसपी में 25 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। गेहूँ की उत्पादन लागत करीब ?1,264 प्रति क्विंटल है। इसके मुकाबले सरकार ने 2027-28 के लिए एमएसपी 2,610 रूपए प्रति क्विंटल तय किया है। यानी गेहूं का एमएसपी उत्पादन लागत के दोगुने से भी ज्यादा है। गेहूं देश की प्रमुख रबी फसल है। इसकी बुवाई आमतौर पर अक्टूबर से शुरू होती है, जबकि अप्रैल से इसकी कटाई शुरू होती है। ऐसे में नई एमएसपी की घोषणा किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार ने सिर्फ गेहूं ही नहीं, बल्कि अन्य पांच रबी फसलों के एमएसपी में भी बढ़ोतरी की है। जौ का एमएसपी 2,150 रुपए से बढ़ाकर 2,286 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। दालों में चने का एमएसपी 5,875 रुपए से बढ़कर 5,958 रुपए और मसूर का एमएसपी 7,000 रुपए से बढ़कर 7,390 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। वहीं तिलहन फसलों में सरसों का एमएसपी 6,200 रूपए से बढ़ाकर 6,613 रुपए और कुसुम का एमएसपी 6,540 रुपए से बढ़ाकर 7,215 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने किसानों को खेती के लिए सस्ते दाम पर खाद उपलब्ध कराने के लिए उर्वरकों (क्त्र्य) पर 41,533 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की है। उक्त निर्णय के लिए सांसद संतोष पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

किसानों को मिलेगा 90,962 करोड़ का भुगतान : सरकार के अनुमान के मुताबिक, 2027-28 के मार्केटिंग सीजन में करीब 324 लाख टन रबी फसलों की खरीद के लिए किसानों को कुल ?90,962 करोड़ का भुगतान किया जाएगा। एमएसपी तय करने में कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की सिफारिशों को आधार बनाया गया है।

गेहूं उत्पादन का लक्ष्य भी बढ़ा : कृषि मंत्रालय ने 2026-27 फसल वर्ष के लिए गेहूं उत्पादन का लक्ष्य 12.1 करोड़ टन रखा है। गेहूं की रूस्क में बढ़ोतरी से किसानों को बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है। वहीं सरकार का फोकस उत्पादन बढ़ाने के साथ किसानों को लागत के मुकाबले उचित रिटर्न उपलब्ध कराने पर भी है।

बिना सिग्नल कार मोड़ना पड़ा भारी, बाइक सवार दंपती घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली में भारती हॉस्पिटल के पास अचानक कार मोड़ने से बाइक और कार में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। मामले में सरायपाली पुलिस ने कार चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम जलगढ़ निवासी एलीसीवा तांडी 3 अक्टूबर को अपने पति टीकाराम तांडी और पुत्र लव तांडी के साथ बाइक क्रमांक सीजी 06 जीपी 1130 से सरायपाली गई थीं। बाइक टीकाराम तांडी चला रहे थे। भारती हॉस्पिटल के पास आगे चल रही कार क्रमांक सीजी 06 जीआर 5705 के चालक ने अचानक बिना संकेत दिए कार मोड़ दी।

इस दौरान पीछे से आ रही बाइक कार से जा टकराई। दुर्घटना में एलीसीवा तांडी की कमर और टीकाराम तांडी के दाहिने पैर में चोट आई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 125(ए) और 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

नरोधी गांव में गंभीर घटना, पीड़िता ने पति, ससुर और सास पर लगाए आरोप

पेट्रोल डालकर बहू को जलाने की कोशिश का आरोप, महिला गंभीर रूप से झुलसी

एफआईआर के बाद गिरफ्तारी नहीं होने का दावा

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के नरोधी गांव से एक 26 वर्षीय महिला को कथित तौर पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश का गंभीर मामला सामने आया है। घटना 4 सितंबर की बताई जा रही है, जिसमें लीला पाली गंभीर रूप से झुलस गई। पीड़िता ने अपने पति, ससुर रूप सिंह पाली और सास कुंती पाली पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है।

पीड़िता के मुताबिक, घटना के बाद मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है, लेकिन नामजद आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने से वह पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठा रही हैं। लीला का कहना है कि घटना में गंभीर रूप से झुलसने के बाद भी उसे न्याय के लिए अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

फिलहाल मामले में लगाए गए आरोपों की पुलिस जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस की जांच, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। वहीं, गंभीर रूप से झुलसी महिला द्वारा न्याय की गुहार लगाए जाने के बाद अब पुलिस की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

एसपी से भी की लिखित शिकायत

पीड़िता ने बताया कि उसने मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक के समक्ष भी लिखित शिकायत दी है। इसके बावजूद आरोपियों के खिलाफअपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि वह गंभीर रूप से घायल है और उसके दो छोटे बच्चे हैं। ऐसे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से उसे अपनी सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

मामले को दबाने का लगाया आरोप

लीला ने आरोप लगाया है कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ने से उन्हें न्याय मिलने को लेकर आशंका है। गंभीर रूप से झुलसी पीड़िता ने वीडियो के माध्यम से सरकार और संबंधित अधिकारियों से मदद की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।

पुलिस कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

यह मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि पीड़िता के अनुसार एफआईआर दर्ज होने के बाद भी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि गिरफ्तारी में देरी की वजह क्या है? पुलिस जांच में अब तक क्या तथ्य सामने आए हैं और आरोपों की पुष्टि के लिए पुलिस की ओर से क्या कार्रवाई की जा रही है?

बैलाडीला में 7200 पेड़ों की कटाई पर कांग्रेस का हमला

आलोक बोले- एक पेड़ मां के नाम का ढोंग, जंगल उजाड़ने में जुटी सरकार

ग्रामसभा को दरकिनार करने का आरोप

कांग्रेस नेता ने पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में ग्रामसभा की भूमिका को लेकर सरकार से सवाल किए। उन्होंने कहा कि पूर्व की ग्रामसभा शून्य होने के बाद बिना ग्रामसभा के पेड़ों की कटाई की अनुमति कैसे दी गई? यदि इसके बाद कोई नई ग्रामसभा आयोजित की गई है तो उसकी कार्यवाही और पंजी सार्वजनिक किए जाने चाहिए। उन्होंने अदाणी की लीज निरस्त होने के बाद एनसीएल को किन शर्तों पर लीज दी गई, इसे भी सार्वजनिक करने की मांग की। साथ ही एनएमडीसी से डिपॉजिट-13 को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा।

महासमुंद/नवप्रदेश। बैलाडीला के जंगलों में पेड़ों की कटाई की अनुमति को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महासचिव एवं छत्तीसगढ़ जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने आरोप लगाया कि भाजपा एक ओर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का दिखावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर दंतेवाड़ा के बैलाडीला में लौह अयस्क खनन के लिए हजारों पेड़ों की बलि देने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि डिपॉजिट-13 तक पहुंच मार्ग बनाने के लिए प्रथम चरण में करीब 7200 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई है और वन विभाग द्वारा पेड़ों की मार्किंग के बाद कटाई भी शुरू हो गई है।

चंद्राकर ने कहा कि बैलाडीला की पहाड़ियों में स्थित डिपॉजिट-13 और नंदराज पर्वत को बचाने के लिए 18 गांवों के ग्रामीण फिर एकजुट हो गए हैं। तामोड़ी गांव में हुई बैठक में गमपुर, डोडीतुमनार, हिरोली सहित 18 गांवों के प्रमुख शामिल हुए। ग्रामीणों ने 'नंदराज बचाओ संयुक्त पंचायत जन संघर्ष समिति' के बैनर तले आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। पर्यावरण बचाओ मंच, मूलवासी बचाओ मंच और आदिवासी समाज ने भी आंदोलन में शामिल होने की सहमति जताई है।

'सड़क की कटाई अलग, खनन क्षेत्र में कटाई अलग'

आलोक चंद्राकर ने कहा कि डिपॉजिट-13 तक पहुंचने के लिए रास्ता तैयार करने के नाम पर करीब 7200 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई है। वन विभाग ने पेड़ों की मार्किंग कर दी है और ठेकेदार के माध्यम से कटाई शुरू होने का भी उन्होंने दावा किया। उन्होंने कहा कि यह कटाई केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि खनन क्षेत्र में होने वाली पेड़ों की कटाई इसके अतिरिक्त होगी। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों को सौंपने की दिशा में काम कर रही है। इससे आदिवासियों और किसानों की जमीन छिनेगी और वे अपनी ही जमीन पर मजदूर बनने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान जल, जंगल और जमीन से है और इसे किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने दिया जाएगा।

कुटकीपारा में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित

■ गांव-गांव तक पहुंचे उनके संघर्ष और स्वाभिमान की प्रेरणा : राजा खड्ग राज सिंह

कुटकीपारा/नवप्रदेश। ग्राम कुटकीपारा में मंडला गढ़ की वीरांगना रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर कलश यात्रा के साथ गांव भ्रमण किया गया। गांव में जगह-जगह ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात हुई तथा लोगों ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान रानी दुर्गावती जी के प्रति समाज की श्रद्धा और सम्मान देखने को मिला। कार्यक्रम को लेकर राजा खड्ग राज सिंह ने कहा कि ग्राम कुटकीपारा में रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा की स्थापना हम सभी के लिए हर्ष, गर्व और सम्मान का विषय है। रानी दुर्गावती जी का जीवन साहस, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा देता है। उनका इतिहास आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कुटकीपारा में किया गया यह प्रयास केवल एक प्रतिमा की स्थापना तक सीमित नहीं रहना चाहिए। रानी दुर्गावती जी की सोच, उनके संघर्ष और आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास को गांव-गांव तक पहुंचाने की दिशा में इसे एक शुरुआत के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुटकीपारा से शुरू हुआ यह प्रयास धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में आगे बढ़े, इसके लिए समाज के साथ मिलकर निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कंडरापारा डोंगरगढ़ को मिला राष्ट्रीय स्तर का शिक्षा ज्योति सम्मान

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। विश्व शिक्षक दिवस पर देश भर के 128 उत्कृष्ट शिक्षकों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम में हुए सम्मानित।

विश्व शिक्षक दिवस (05 अक्टूबर 2026) के पावन अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य राष्ट्रीय ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गरिमामय समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के 128 चयनित शिक्षकों को 'शिक्षा ज्योति सम्मान' से विभूषित किया गया।

इसी क्रम में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, आतुरगांव (विकासखण्ड व जिला - उत्तर बस्तर कांकेर, छत्तीसगढ़) की कर्मठ एवं समर्पित व्याख्याता श्रीमती हेमलता मिश्रा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अभिनव प्रयोगों, नवाचारी शिक्षण विधियों एवं उत्कृष्ट शिक्षण योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है।

यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य आयोजक 'शिक्षा ज्योति' की संस्थापक अर्चना शर्मा एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र सिंह राठौर द्वारा संयुक्त रूप से ऑनलाइन मंच के माध्यम से प्रदान किया गया।

आयोजकों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि अमित कुमार वर्मा जी ने शिक्षा के क्षेत्र में, प्रकृति संरक्षण सामाजिक सेवा भाव वा विद्यार्थियों में ज्ञान व संस्कारों के संचार के लिए जो अनुकरणीय कार्य किया है, वह अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। उनके निरंतर समर्पण, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजकों ने उन्हें हार्दिक बधाई व मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

अमित कुमार वर्मा को यह सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार, संकुल, क्षेत्र के शिक्षाविदों, सहकर्मियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

छत्तीसगढ़ के साथ मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार, राजस्थान, राज्यों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

मानपुर चौक से जैन भवन तक गूंजा सुरक्षा का संदेश - एसपी ने खुद चलाई बाइक

यातायात, साइबर अपराध और नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान संपन्न

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। जिला पुलिस बालोद, राजहरा व्यापारी संघ, राजहरा परिवहन संघ, पत्रकार संघ, अनाज किराना व्यापारी संघ एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में यातायात नियम, साइबर अपराध और नशा मुक्ति को लेकर नगर के जैन भवन चौक में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किरण गंगाराम चव्हाण (पुलिस अधीक्षक, जिला बालोद)एवं चंद्रकांत गवर्ना (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में छालीवुड की जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री इशिका यादव एवं फिल्म अभिनेता भूपेंश चौहान तथा नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू मौजूद रहे। ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस शिविर में लगभग 70 लोगों के लाइसेंस बनाए गए।

साइबर अपराध पर चेताते हुए एसपी ने कहा

इंटरनेट ने हमारी जिंदगी आसान बना दी है, घर बैठे हम दुनिया से जुड़ सकते हैं, पढ़ाई कर सकते हैं, बैंक के काम कर सकते हैं। लेकिन इसका दुष्परिणाम भी है। चोरों को अब घर में घुसकर चोरी करने की जरूरत नहीं, वो घर बैठे-बैठे आपका खाता खाली कर देते हैं। बालोद जिले में ही पिछले तीन सालों में साइबर अपराधियों ने 30 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। फेसबुक, इंस्टाग्राम हमें फ्री लगता है, हम खुशी-खुशी अपनी निजी जानकारी अपलोड कर देते हैं। वही जानकारी लीक होकर ठगों तक पहुँचती है। अपनी निजी जानकारी, बैंक खाता, ओटीपी किसी को भी शेयर न करें। यदि ठगी का शिकार हो जाएं तो तुरंत 1930 पर कॉल करें, सरकार आपकी मदद करेगी।

मानपुर चौक से जैन भवन तक गूंजा सुरक्षा का संदेश - एसपी ने खुद चलाई बाइक- रविवार को दोपहर 4 बजे जैसे ही जिला पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण का दल्ली राजहरा के मानपुर चौक पर आगमन हुआ, आयोजक समिति ने उनके स्वागत में सुरक्षा का संदेश देने के लिए एक विशाल बाइक रैली निकाली।

इस रैली में खास बात यह रही कि एसपी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले, राजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की सहित विशेष अतिथि फिल्म अभिनेत्री इशिका यादव एवं अभिनेता भूपेंश चौहान ने स्वयं बाइक चलाकर लोगों को जागरूक किया। मानपुर चौक से शुरू हुई यह रैली शहीद वीर नारायण सिंह चौक, पुराना बाजार होते हुए जैन भवन चौक तक पहुँची, जिसमें 300 से अधिक नागरिकों ने हेलमेट पहनकर भाग लिया। रैली के पश्चात मंच पर अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा और साइबर क्राइम पर बनाई गई चित्रकला प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया। सेल्फी जोन में सभी ने तस्वीरें लीं और सड़क सुरक्षा शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम का शुभारंभ रुकैया द्वारा गाए गए मधुर वंदे मातरम से हुआ।

डिजिटल अरेस्ट पर उन्होंने स्पष्ट किया - कई बार फोन आता है कि आप या आपके परिजन किसी गैरकानूनी धंधे में हैं और आपको डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। याद रखिए, कानून में कोई डिजिटल अरेस्ट नहीं होता। यदि आपसे कोई अपराध हुआ है तो पुलिस स्वयं आपके पास आएगी और अरेस्ट करेगी। ऐसे कॉल से डरें नहीं और अपनी जमा पूंजी बचाकर रखें।

सिमगा की किंजल ताम्रकार का राज्य स्तरीय अंडर-17 क्रिकेट में चयन

सिमगा/नवप्रदेश। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा की छात्रा ने खेल के मैदान में लहराया परचम, (प्राचार्या)गीता लहरे ने व व्यायाम शिक्षक ने दी बधाई ।

खेल के मैदान से ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की प्रतिभाएं लगातार अपनी चमक बिखेर रही हैं इसी कड़ी में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के अंतर्गत आने वाले ब्लॉक मुख्यालय सिमगा से एक गौरवपूर्ण खबर सामने आई है क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल सिमगा की होनहार छात्रा किंजल ताम्रकार का चयन राज्य स्तरीय अंडर-17 बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है किंजल की इस अभूतपूर्व सफलता से न केवल उनके विद्यालय में, बल्कि पूरे सिमगा क्षेत्र और बलौदाबाजार जिले में खुशी और उत्साह का माहौल है

कड़ी मेहनत और लगन से हासिल किया मुकाम : शिक्षकों और खेल विशेषज्ञों के अनुसार, किंजल ताम्रकार एक अत्यंत प्रतिभाशाली और अनुशासित खिलाड़ी हैं। उन्होंने राज्य स्तर पर अपनी जगह बनाने के लिए खेल के मैदान पर कड़ा पसीना बहाया है। अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट के प्रति उनका समर्पण और जुनून ही उनकी सफलता का मुख्य आधार बना। जिला और संभाग स्तरीय ट्रायल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद चयनकर्ताओं ने उनकी असाधारण बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कौशल को देखते हुए उन्हें राज्य स्तरीय टीम में शामिल किया है उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प हो, तो सीमित संसाधनों में भी ऊंचे मुकाम हासिल किए जा सकते हैं।

विद्यालय परिवार और क्षेत्र में जश्न का माहौल

किंजल ताम्रकार की इस बड़ी उपलब्धि पर उनके विद्यालय की (प्राचार्या) गीता लहरे ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने किंजल की पीठ थपथपाते हुए कहा किंजल ने अपनी प्रतिभा कड़ी मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता हासिल की है उसकी इस उपलब्धि ने हमारे विद्यालय और पूरे सिमगा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

रंगोली केवल कला नहीं, भारत की संस्कृति और सेवा का संकल्प है- धरमलाल कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा में रंगोली राष्ट्र, सेवा संकल्प और आभार की रंगोली, कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजनों में राष्ट्र सेवा, देशभक्ति और भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक जी रहे तथा अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सतीश शर्मा , नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेंड्रे, बिल्हा जनपद अध्यक्ष डॉ. रामकुमार कौशिक, सेवा के रंग बिल्हा ब्लॉक के संयोजक नंदनी क्षत्रिय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ भारत, विकसित भारत, नारी शक्ति, डिजीटल इंडिया और शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवा संकल्प की थीम पर आकर्षक

रंगोलियों का निर्माण किया जिसने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि रंगोली केवल रंगों का खेल नहीं बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति, शुभता और सृजन का प्रतीक है भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से विद्यार्थियों में समाज सेवा और राष्ट्रप्रेम की भावना सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि यदि हम सब अपने-अपने क्षेत्रों में कुशलतापूर्वक कार्य करें तो वह दिन दूर नहीं कि जब भारत विश्व के अग्रणी देशों में शामिल होगा। युवाओं से कहा कि आप देश का भविष्य हैं आप पढ़ाई के साथ - साथ स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें महाविद्यालय के विकास हेतु हम कृत संकल्पित हैं। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान तभी सफल होगा जब हर युवा देश और समाज के विकास के लिए संकल्प लेगा।

विकसित भारत का संकल्प हम सभी को मिलकर पूरा करना है। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि छात्र- छात्राओं ने सेवा संकल्प अभियान के तहत बहुत सुंदर रंगोली बनाई है और महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव तत्पर रहती है। महाविद्यालय की प्राचार्य - डॉ. (सावित्री त्रिपाठी ने कहा कि 'महाविद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और राष्ट्र सेवा की भावना का बीजारोपण करना है। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. विजय शंकर पात्रे कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा किया गया एवं संचालन डॉ. आर. पी. शर्मा द्वारा किया गया।

न्यूज गैलरी

12 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीपत पुलिस ने ग्राम जेवरा में कार्रवाई करते हुए 12 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 56 वर्षीय पंचराम नेताम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 6 अक्टूबर को ग्राम जेवरा में दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से करीब 12 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 2400 रुपए बताई गई है। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की। आरोपी पंचराम नेताम पिता स्व. भारत नेताम, निवासी जेवरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत की गई। पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

एकता ही समाज की असली ताकत : विष्णु यादव

बिलासपुर/नवप्रदेश। ईमलीपारा स्थित श्रीकृष्णाधाम यादव भवन में जिला देशहा यादव समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संचालन समिति सदस्य एवं पूर्व पार्षद विष्णु यादव ने कहा कि समाज के विकास के लिए एकता जरूरी है और यही समाज की असली ताकत है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और रूढ़िवादी व्यवस्थाओं को छोड़कर व्यवस्थित समाज के निर्माण पर जोर दिया। रामचंद्र यादव ने मृत्यु संस्कार में कपड़े के स्थान पर श्रद्धांजलि राशि देने और मृत्युभोज में आडंबर समाप्त कर सामान्य भोजन प्रसाद रखने का सुझाव दिया। बैठक में महिला पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। भगवती यादव को नगर अध्यक्ष, सपना यादव को उपाध्यक्ष और शीला यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर मंत्रिमंडल का प्रस्ताव ऐतिहासिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के मुखिया

के रूप में 25 वर्षों की सेवा पूर्ण करने के अवसर पर केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित प्रस्ताव को ऐतिहासिक और प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव केवल प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन का अभिनंदन नहीं, बल्कि लोकतंत्र की शक्ति, जनविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना का सम्मान है। साहू ने कहा कि प्रस्ताव में नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा-यात्रा को निःस्वार्थ कर्म और राष्ट्रसेवा की अनवरत यात्रा के रूप में रेखांकित किया गया है। उन्होंने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री और 26 मई 2014 को देश के प्रधानमंत्री के रूप में दायित्व संभाला।

दोपहर बाद तेज हवाओं ने बदला मंजर, करीब 15 मिनट बरसे बादल; देर तक छाए रहे काले बादल

तेज धूप के बाद अचानक बदला मौसम काली घटाओं के साथ झमाझम बारिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगलवार को सुबह से दोपहर तक तेज धूप और उमस के बाद शहर का मौसम अचानक बदल गया। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ आसमान में काली घटाएं छा गईं। कुछ ही देर में घने बादलों ने पूरे शहर को अपनी आगोश में ले लिया और करीब साढ़े तीन से चार बजे के बीच तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग 15 मिनट तक हुई झमाझम बारिश से सड़कों पर पानी बहने लगा। बारिश थमने के बाद भी देर तक आसमान में काले बादल छाए रहे।

सुबह से तेज धूप निकलने के कारण लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा था। दोपहर तक मौसम सामान्य बना रहा, लेकिन इसके बाद अचानक हवा का रुख बदल गया। तेज हवाएं चलने लगीं और देखते ही देखते आसमान घने काले बादलों से ढक गया। मौसम के इस बदलाव से लोगों को बारिश की उम्मीद नहीं थी। अचानक तेज बौछारें शुरू होने से

शहर का जनजीवन कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ।

तेज बारिश से सड़कों पर बहा पानी

करीब 15 मिनट तक हुई बारिश के दौरान शहर की कई सड़कों पर पानी बहने लगा। अचानक बारिश शुरू होने से राहगीरों को परेशानी हुई। दोपहिया वाहन चालकों ने बारिश से बचने के लिए दुकानों और अन्य सुरक्षित स्थानों का सहारा लिया। कुछ देर के लिए बाजार और सड़क पर आवाजाही भी प्रभावित रही। हालांकि बारिश का दौर ज्यादा देर तक नहीं चला, लेकिन तेज बौछारों ने सड़कों को पूरी तरह भिगो दिया। बारिश रुकने के बाद हवाओं की रफ्तार कम हो गई, लेकिन बादल पूरी तरह नहीं छंटे। देर तक आसमान में काली घटाएं बनी रहीं। इससे लोगों को दोबारा बारिश होने की संभावना बनी रही। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण शाम के समय तापमान में भी गिरावट महसूस की गई और गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली।

धूप से बारिश तक बदला मौसम

मंगलवार का मौसम सुबह से शाम तक कई बार बदला। दिन की शुरुआत तेज धूप और उमस के साथ हुई, जबकि दोपहर बाद काले बादल, तेज हवाएं और बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। अक्टूबर में मानसून की विदाई के दौर के बीच इस तरह अचानक बारिश होने से शहरवासी भी हैरान नजर आए। बारिश के बाद शाम का मौसम अपेक्षाकृत सुहाना हो गया। हालांकि आसमान में देर तक बादल छाए रहने से लोगों की नजरें मौसम पर टिकी रहीं। अचानक बदले मौसम ने एक बार फिर बिलासपुर में मौसम की अनिश्चितता को सामने ला दिया। सुबह जहां लोग गर्मी से परेशान थे, वहीं शाम होते-होते ठंडी हवाओं और बारिश ने मौसम को राहतभरा बना दिया।

आरटीई सीटों के गलत रिकॉर्ड पर हाईकोर्ट नाराज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बच्चों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में आरक्षित सीटों और उनमें प्रवेश से संबंधित सही रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किए जाने पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस के. आर. महापात्रा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की स्पेशल डिवीजन बेंच ने राज्य शासन को सभी स्कूलों में आरटीई के तहत आरक्षित सीटों और बच्चों से संबंधित सही एवं पूर्ण रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर दिया है।

यह मामला भगवंत की ओर से दायर जनहित याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता देवर्षि ठाकुर ने कोर्ट को बताया कि शासन द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्ड में कई बड़े स्कूलों में आरटीई के तहत आरक्षित सीटों की संख्या शून्य या बेहद कम बताई गई है। रिकॉर्ड की वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाने के कारण शासन द्वारा प्रस्तुत जानकारी पर सवाल उठाए गए। सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने शासन द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्ड पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट के साथ इस तरह मजाक नहीं किया जाना चाहिए।

कोर्ट ने यह भी कहा कि पूर्व में वर्ष 2016 में दिए गए आदेशों के बावजूद उनका उचित अनुपालन नहीं हुआ है। कोर्ट ने राज्य शासन को निर्देश दिया कि सभी स्कूलों का सही और सत्यापित रिकॉर्ड अगली सुनवाई में प्रस्तुत किया जाए। बेंच ने स्पष्ट किया कि यदि 18 नवंबर तक सभी स्कूलों का सही डेटा प्रस्तुत नहीं किया गया, तो शिक्षा सचिव कमलप्रीत सिंह के खिलाफ धारा 311 के तहत कार्रवाई की जाएगी। हाईकोर्ट ने 18 नवंबर तक का समय देते हुए इसे रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर बताया है। मामले की अगली सुनवाई इसी तारीख को होगी।

अम्बिकापुर-हजरत निज़ामुद्दीन का द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में परिचालन हुआ प्रारम्भ

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा लगातार यात्री सुविधाओं का क्रमिक विकास एवं उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ।

इसी क्रम में रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 22407/22408 अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन-अम्बिकापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस की सेवा आवृत्ति में वृद्धि कर द्वि-साप्ताहिक किया गया है । आवृत्ति वृद्धि के बाद यह ट्रेन निजामुद्दीन से 4 अक्टूबर 2026 से प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार तथा अम्बिकापुर से आज 6 अक्टूबर 2026 से प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को सप्ताह में दो दिन संचालित किया जा रहा है । इस रेल सेवा के अम्बिकापुर स्टेशन से द्वि-साप्ताहिक रूप में संचालन के प्रथम प्रस्थान का शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस ट्रेन को सांसद चिंतामणि महाराज, महापौर मंजूषा भगत एवं मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर अम्बिकापुर स्टेशन में जनप्रतिनिधिगण, रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद चिंतामणि महाराज ने अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस की सेवा आवृत्ति में वृद्धि को क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत सुखद पल बताया । उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के फेरे बढ़ने से अम्बिकापुर एवं सरगुजा अंचल सहित इस रेलमार्ग से जुड़े विभिन्न स्टेशनों के यात्रियों को देश की राजधानी के लिए आवागमन की अतिरिक्त रेल सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण रेल सुविधा के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री, रेल मंत्री एवं रेल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिक्षकों के शिक्षण कौशल का विकास

क्षमता संवर्धन कार्यशाला में डीएवी गोढ़ी के शिक्षकों ने किया सहभागिता

बिल्हा/नवप्रदेश। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी के शिक्षकों ने डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सरबहारा में आयोजित क्षमता संवर्धन कार्यशाला में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के शिक्षण कौशल को विकसित करना, नवीन शैक्षणिक पद्धतियों से परिचित कराना तथा कक्षा-कक्ष में प्रभावी एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना था।

कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को समझने, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, मूल्यांकन की नवीन विधियों तथा विद्यार्थियों में रचनात्मक एवं आलोचनात्मक चिंतन विकसित करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। विभिन्न गतिविधियों एवं समूह-कार्य के माध्यम से शिक्षकों ने अपने

अनुभव साझा किए तथा नई शिक्षण रणनीतियों को व्यावहारिक रूप से समझा।डीएवी गोढ़ी के शिक्षकों ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए विशेषज्ञों द्वारा दिए गए सुझावों एवं मार्गदर्शन को आत्मसात किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ शिक्षकों को निरंतर सीखने और अपने शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित करती हैं।विद्यालय की प्राचार्य ने शिक्षकों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक का निरंतर सीखते रहना ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान को विद्यालय में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया।डॉ. एस एन पाण्डेय प्राचार्य डीएवी गोढ़ी शिक्षक समन्वयक (हिन्दी और संस्कृत)के रूप में शामिल हुए।कार्यशाला में आरती पाण्डेय, इंदुलता सोनी, अंजू देवी यादव एवं आशीष सोनी ने शिक्षक-प्रशिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक विषयों एवं गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को उपयोगी जानकारी प्रदान की तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।वहीं अंजन तिवारी, दीपक कुमार साहू, शांता शर्मा, चूड़ाकान्त, सरिता सिंह, नेत्रपाल सिंह ध्रुव, तितिक्षा ठाकुर, रचना सिंह, अंजलि सिंह, मोनिका लाजरस एवं यामिनी मरकाम ने शिक्षक प्रशिक्षार्थी के रूप में कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम : सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र परिवार आवास की सुविधा से वंचित न रहे

हर पात्र परिवार को मिले सुरक्षित और गरिमापूर्ण आवास : तोखन साहू

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि आवास केवल घर बनाने तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह सुरक्षा, सम्मान, अवसर और बेहतर जीवन की गुणवत्ता से जुड़ा है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र परिवार आवास की सुविधा से वंचित न रहे। साहू सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित विश्व आवास दिवस 2026 समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की थीम 'सभी के लिए पर्याप्त आवास' रही। साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी और प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत अब तक 1.25 करोड़ से अधिक आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें एक करोड़ से अधिक आवास महिलाओं के नाम पर व्यक्तिगत या संयुक्त रूप से हैं। उन्होंने इसे महिला सशक्तीकरण, वित्तीय सुरक्षा और सामाजिक गरिमा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के माध्यम से पात्र परिवारों को आवास निर्माण एवं खरीद, किफायती किराये के आवास तथा नवीन आवासीय

समाधानों के जरिए सहायता दी जा रही है। पर्याप्त आवास का अर्थ केवल मकान उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि जल, स्वच्छता, परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े सुरक्षित, किफायती और सम्मानजनक आवास सुनिश्चित करना भी है। राज्य मंत्री ने अमृत और अमृत 2.0 के जरिए जलापूर्ति, मलजल निकासी और शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने तथा स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के माध्यम से स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र, राज्य सरकारों, नगरीय निकायों और अन्य संस्थाओं के सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। ऐसा भारत बनाना है, जहां हर परिवार के पास केवल घर ही नहीं, बल्कि सुरक्षित और बेहतर जीवन की मजबूत नींव भी हो। समारोह में केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

प्रकृति हमारी विरासत

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और विकास एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। विकसित भारत के संकल्प के साथ स्वच्छ, हरित, टिकाऊ और रहने योग्य शहरों का निर्माण हमारी महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। श्री साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को सदैव माता का दर्जा दिया गया है। 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः' की भावना प्रकृति के साथ हमारे गहरे संबंध को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'मिशन LiFE के माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को जनभागीदारी से जोड़ा गया है।

सुविचार

चुप रहना भी एक कला है। हमेशा हर सवाल का जवाब नहीं दिया जाता। कुछ सवालों का जवाब बोलकर नहीं अपने कार्य से देना चाहिए।

चुनाव आयोग को लेकर सियासी घमासान

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के त्यागपत्र की मांग को लेकर सियासी घमासान तेज होता जा रहा है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर राष्ट्र व्यापी आंदोलन खड़ा करने की कोशिश कर रही है और उसे इंडी गठबंधन में शामिल घटक दलों का समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष की 19 पार्टियों के सांसदों ने नई दिल्ली में लोकतंत्र बचाओ मार्च भी निकाला। इसके बाद कांग्रेस पार्टी देश भर में धरना प्रदर्शन करेगी। नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन चल ही रहा है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की मुख्य मांग मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की है। इसके साथ ही वे एसआईआर की प्रक्रिया को बंद करने और ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की भी मांग पर अड़े हुए हैं। विपक्ष का कहना है कि उन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। इन्हीं सब मांगों को लेकर नई दिल्ली में विपक्ष के सांसदों ने जोरदार प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार से मार्च निकाला लेकिन दिल्ली पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें चुनाव आयोग कार्यालय जाने से रोक दिया। विपक्षी सांसदों ने सड़क पर बैठकर ही अपना विरोध जताया और वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाये। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बेरिकेड्स के ऊपर खड़े हो गये और हाथों पर तिरंगा लेकर यह संदेश देने की कोशिश की कि वे ही इंडी गठबंधन के नेता हैं। प्रियंका गांधी भी बैरिकेड्स पर चढ़कर बैठ गई। समाजवादी पार्टी के भी कुछ सांसदों ने बैरिकेड्स को पार करने की कोशिश की लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया और एक एक कर विपक्षी सांसदों को डिटेन कर बसों में बिठा दिया। किन्तु राहुल गांधी पुलिस को चकमा देकर अकाशवाणी भवन में घुस गये और वहां से चुनाव आयोग के कार्यालय में जाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। कुल मिलाकर विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ जमकर हल्लाबोला और यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस मुद्दे को वे आसानी से नहीं छोड़ेंगे। आगे इसे लेकर विपक्षी पार्टियां खासतौर पर कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। आम आदमी पार्टी ने इस आंदोलन से दूरी बना ली है। वह अलग ही विरोध प्रदर्शन कर रही है जिसमें कॉकरोच जनता पार्टी उसकी प्रमुख सहयोगी बनी हुई है। मुंबई में कॉकरोच जनता पार्टी का धरना प्रदर्शन फ्लॉप साबित हुआ। अब कॉकरोच तथा आम आदमी पार्टी 10 अक्टूबर को नई दिल्ली में जंतर मंतर पार्ट 2 दोहराने की तैयारी में हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने तथा एसआईआर की प्रक्रिया को रद्द करने संबंधी याचिका पर यह टिप्पणी कर दी कि एक अखबार में छपी हुई रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी ने विपक्षी पार्टियों की हवा निकालकर रख दी है। इस बारे में भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कांफ्रेन्स कर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व में लोकतंत्र बचाव मार्च एक बार फिर राहुल गांधी को रिलांच करने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है। कांग्रेस पार्टी सत्ता के लिए छटपटा रही है और जब वह भाजपा के खिलाफ चुनाव जीतने में नाकाम हो रही है तो चुनावी प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह लगाकर अपनी नाकामी पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। इसके लिए कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां किसी भी हद तक नीचे गिर सकती हैं। भले ही इसके लिए उन्हें देश में अराजकता फैलानी पड़े तो वे इससे भी पीछे नहीं हटेंगी। भाजपा की यह आशंका सही भी साबित हो रही है। वामपंथी छात्र संगठनों और कॉकरोचों ने इस आंदोलन के नाम पर नई दिल्ली और मुंबई में जो कुछ किया है उसे देखकर तो यही लगता है कि वे देश में माहौल बिगाड़ने के एजेंडे पर ही काम कर रहे हैं। जिस तरह पुलिस वालों से ये तथाकथित आंदोलनकारी बेवजह उलझ रहे थे और उन्हें सख्ती बरतने के लिए उकसा रहे थे यहां तक कि पुलिस वालों के साथ खुद ही बदसलूकी कर रहे थे और उनपर झूठे आरोप मढ़ रहे थे उससे स्पष्ट है कि ये शांति भंग करने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहते थे। यह तो दिल्ली और मुंबई पुलिस की भलमनसाहत है कि उसने इन उग्र आंदोलन जीवियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही से परहेज किया। सिर्फ उन्हें अरेस्ट ही किया। किन्तु ये आंदोलन जीवी शांत नहीं बैठेंगे ये आगे भी देश में अराजकता का माहौल पैदा करने की अपनी कोशिशें जारी रखेंगे। देखना होगा कि इनकी ऐसी कोशिशों को पुलिस और प्रशासन कैसे नाकमा करेगा। यह तो यह है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्षी पार्टियों का यह आंदोलन और भी आगे चलेगा क्योंकि विपक्ष के पास फिलहाल सरकार के खिलाफ कोई कारगर मुद्दा है ही नहीं। ऐसे में चुनाव आयोग के बारे में छपी एक रिपोर्ट के रूप में उनके हाथों तुरूप का ईक्का लग गया है तो वे यह बाजी असानी से खत्म नहीं करेंगे। विपक्ष के इस आंदोलन से निपटने के लिए सरकार अब क्या कदम उठाती है यह देखना दिलचस्प होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1586 - मुग़ल सेना ने कश्मीर में प्रवेश किया। 1737 बंगाल में 20 हजार छोटे जहाज के समुद्र में 40 फुट नीचे डूबने से तीन लाख लोगों की मौत। 1840 विलेम द्वितीय नीदरलैंड का राजा बना। 1868 अमेरिका में कोर्नोल विश्वविद्यालय खुला। इसमें 412 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था जो उस समय की सबसे बड़ी संख्या थी। 1919 गांधीजी की 'नवजीवन' पत्रिका प्रकाशित। 1942 अमेरिका और ब्रिटिश सरकार ने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की घोषणा की। 1950 मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी की स्थापना की थी। 1952 चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी बनी। 1959 सोवियत संघ के अंतरिक्ष यान लूनर-3 द्वारा चंद्रमा के छिपे हिस्से की तस्वीर ली गई। 1977 सोवियत संघ ने चौथे संविधान को अंगीकार किया। 1997 सूर्य बहादुर थापा द्वारा नेपाल के नये प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण, भारत और रूस सुरक्षा सहयोग 2010 तक बढ़ाने के लिए सहमत। 2000 डब्ल्यूडब्ल्यूएफ- इंडिया ने पहला राजीव गांधी वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार हासिल किया। जापान में मानव क्लोनिंग दंडनीय अपराध घोषित। 2001 आतंकवाद के ख़िलाफ़ अमेरिका का ऑपरेशन 'एड्योरिंग फ़्रीडम' शुरू।

27 लाख नाम बाहर, 22 लाख अपील तो प्रक्रिया पर लॉजिकल प्रश्न क्यों न उठे?



राजीव खंडेलवाल
(कर सलाहकार)

बिहार के बाद एसआईआर पश्चिम बंगाल पहुँचा, जहां मतदाता सूची का विवाद और गहरा गया। यहाँ बहस का विषय डेटा-मिलान, तकनीकी प्रणाली, नोटिस, अपील और निर्णय लेने की प्रक्रिया तक विस्तारित हो गई। मतदाता सूची बनाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्तियां। असाधारण स्थिति । पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान 'logical discrepancy' और ''unmapped' जैसी नई श्रेणियाँ सामने आई। असाधारण परिस्थितियों के उत्पन्न हाने से फरवरी 2026 में सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया के अंतिम चरण में और 'logical discrepancy/unmapped' श्रेणी से जुड़े मामलों की जाँच/ सहायता के लिए न्यायिक अधिकारियों की व्यवस्था की।

यह भी देश के इतिहास में पहली बार हुआ है। क्या आगे भी इसी प्रकार न्यायिक अधिकारियों को ''अन्य कार्यों'' में असाधारण परिस्थितियों में लगाया जायेगा? क्योंकि हमने देश में असाधारण स्थितियां कभी भी पैदा हो जाती है? जिस प्रकार 'शिक्षक' को मूल कार्य से हटाकरकिसी भी कार्य से लगा देने की प्रवृत्ति हमारे देश में प्रचलित है।

पश्चिम बंगाल चुनावः चुनावी प्रणाली पर कितना विश्वास बढ़ा ?

लगभग 27.16 लाख मतदाताओं के नामों में से लगभग 22 लाख (82%) लोगों द्वारा अपील की गई। अभी तक हुई सुनवाई के पश्चात दिये निर्णयों में लगभग 93त्न मतदाताओं को बहाल कर दिया गया। क्या यह मजाक नहीं है कि उक्त तथाकथित शंकित मतदाताओं में से सिर्फ 1667 मतदाताओं ने ही (ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद) मताधिकार का प्रयोग चुनाव में कर सके? ट्रिब्यूनल द्वारा लगभग 93% नाम गलत हटाये जाने सिद्ध होने से प्रारंभिक प्रक्रिया की शुद्धता पर प्रश्न क्यों न उठे? ऐसी स्थिति में न्याय का तकाजा है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा समस्त मतदाताओं का मत देने का अधिकार क्यों नहीं देना चाहिए था? जब तक कि अंतिम रूप से उनका नाम मतदाता सूची से ट्रिब्यूनल के निर्णय के बाद हटा नहीं दिये जाते? न्यायिक सिद्धान्त है कि एक आरोपी तब तक निरपराधी है, जब तब उसे न्यायिक प्रक्रिया द्वारा अपराधी सिद्ध न कर दिया जावे। मतदाता सूची का मामला आपराधिक न होने के बावजूद क्या उक्त सिद्धान्त सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यहां पर

लागू नहीं किया जाना चाहिये? क्योंकि अंतिम रूप से नाम हटाये बिना, नागरिक का मताधिकार जो उसकी अमूल्य संपत्ति है, की रक्षा हर हालत में की जानी चाहिए, जो संवैधानिक व्यवस्था ही है। यदि कोई नागरिक जिसका नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं आया है और वह स्वयं को पात्र मान कर अपील करता है और उसका मामला अंतिम रूप से तय नहीं हुआ, तो चुनाव के समय उनके मताधिकार की स्थिति क्या होनी चाहिए? प्रावधान बिल्कुल स्पष्ट हैं-

धारा 21(2) के अनुसारः निर्वाचक नामावली का विहित रीति (नियम 4 से 25) में पुनरीक्षण (तब के सिवाय जब निर्वाचन आयोग लिखित कारणों से अन्यथा निदेश दे) लोक सभा या राज्य विधान सभा के हर साधारण निर्वाचन से पहले, तथा आकस्मिक रिक्ति भरने के उपनिर्वाचन से पहले, अर्हता की तारीख के संदर्भ में किया जाएगा। परन्तु यदि निर्वाचक नामावली का यथापूर्वोक्त पुनरीक्षण न किया गया हो तो उससे उक्त निर्वाचक नामावली की विधिमान्यता या निरन्तर प्रवर्तन पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। अर्थात, यदि आम चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण निर्धारित समय (प्रकाशन तिथि) तक पूरा नहीं होता है, तो मौजूदा (पुरानी) मतदाता सूची वैध बनी रहती है और उसी के आधार पर चुनाव कराया जा सकता है। पुनरीक्षण न होने से सूची की वैधता या निरंतर लागू रहने पर कोई असर नहीं पड़ता। धारा 21 में मतदाता सूची में तीन तरह के पुनरीक्षण के प्रावधान है। "संक्षिप्त रूप" से, या गहनता से या आशिंका सहनता व "संक्षिप्त रूप" से "सामान्य संशोधन", "विशेष संशोधन", "सतत संशोधन"। धारा 21(2) (ए) (I) सहपठित नियम 25 के अंतर्गत सामान्य आम चुनाव होने के पूर्व निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण किया जायेगा। धारा 21 (3) के अंतर्गत विशेष पुनरीक्षण (विशेष गहन पुनरीक्षण का नहीं) का प्रावधान है, जो किन्हीं लोकसभा/विधानसभा क्षेत्र के लिए हैं, ''पूर्ण राज्य'' के लिए कदापि नहीं। इस प्रकार चुनाव आयोग का ''अंधा बांटे रेवड़ी'' वाला 24 जून का विशिष्ट जांच पुनरावलोकन एसआईआर का आदेश कानून व तथ्यात्मक दोनों रूप से गलत है।

"संवैधानिक संस्थाओं द्वारा वैधानिक त्रुटियां"

चुनाव आयोग से लेकर उच्चतम न्यायालय तक में इस बात पर ध्यान नहीं दिया की अंतिम सूची के प्रकाशन के पूर्व तक जितने दावे-प्रति दावे हैं, उनका निपटारा करने का दायित्व चुनाव आयोग का है और यदि वह समय की कमी के कारण उनका निपटारा नहीं कर सकती है, तो उनके पास दो ही विकल्प रहते हैं। या तो पुरानी मतदाता सूची के आधार पर चुनाव कराया जाए अथवा उन सब दावे-प्रति दावे वाले मतदाताओं को मतदान का अधिकार अंतिम निर्णय होने तक दिया जाए। दुर्भाग्यवश ये दोनों संवैधानिक, वैधानिक त्रुटियां दोनों ही संवैधानिक संस्थाओं चुनाव आयोग एवं उच्चतम् न्यायालय ने की हैं।

चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची से हटाने के लिए ट्रिब्यूनल में अपील क्या "दु" "आशय" दिखाता है ?

आश्चर्य की बात है कि 16.10 लाख अपीलें उन मतदाताओं के विरूद्ध चुनाव आयोग ने की थी, जिनके नाम सूची में शामिल किये गये थे। स्ढ्ढक्रकी प्रक्रिया के दौरान नियुक्त जोड़े गये बरकरार रखे गये न्यायिक अधिकारियों के निर्णयन निर्णयन देश के दौरान मतदाता के नाम हटाने के लिये अपील करने का कार्य क्या चुनाव आयोग का है? जो देश के इतिहास में पहली बार हुआ है। The Indian E&press की रिपोर्ट के अनुसार निर्वाचन आयोग के भीतर भी यह सवाल उठा कि इन अपीलों को किसने और किस अधिकार से दायर किया तथा दो चुनाव आयुक्तों को इसकी जानकारी क्यों नहीं थी।

' दो प्रकार के नागरिक '

चुनाव आयोग द्वारा "सर" से उत्पन्न फैलाई गई इस संक्रमण ''लाइलाज'' बीमारी के दर्द से उच्चतम न्यायालय ने भी परेशान होकर इलाज के नाम पर सुधार करने की बजाए सुधार के नाम पर ''दो तरह के नागरिक'' पैदा कर दिये। एक जिन्हें ''वोटिंग देने का राइट हैं'' जिस कारण से उन्हें समस्त नागरिक अधिकारों स्वयंमेव प्राप्त हो जाते हैं और दूसरे वे जिन्हें सिर्फ ''बोलने का राइट है'' लेकिन वोटिंग राइट से लेकर अन्य अधिकार ''सर'' द्वारा निलंबित कर दिए गए हैं, बावजूद इसके कि वे व्यक्ति भारतीय नागरिक हैं। तकनीकि रूप से मताधिकार से वंचित होने के कारण उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशानुसार ''रक्षा कवच'', ''नागरिक'' होने के बावजूद मतदाता सूची में नाम कटने के कारण उन्हें कई सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया जा रहा है, जिस पर सरकारें चुप्प है।

' राजा और रंक' एक सूची में ?

एसआईआर के दौरान पहले पश्चिम बंगाल फिर दिल्ली में अनेक चर्चित और सामान्य नागरिकों के नामों से जुड़े नोटिसों ने भी सार्वजनिक चर्चा को जन्म दिया। लेकिन किसी बड़े नाम को नोटिस देना अपने-आप निष्पक्षता या पक्षपात का प्रमाण नहीं है जैसा कुछ प्रवक्ता कर रहे है। केवल वीआईपी के नामों को सूची देखकर 'सब बराबर हैं' कहना उतना ही अधूरा है जितना किसी वीआईपी के नाम के सामने आने को व्यवस्था की पक्षपातपूर्ण का अंतिम प्रमाण मान लेना।

रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की सक्रिय शांति पहल

महेन्द्र तिवारी

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में कूटनीति के मायने तेजी से बदल रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे लंबे संघर्ष ने पूरी दुनिया को एक अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। इस युद्ध की शुरुआत में भारत ने एक तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया था और सभी पक्षों से बातचीत के माध्यम से शांति स्थापित करने की अपील की थी। लेकिन जैसे जैसे यह युद्ध खिंचता गया भारत की कूटनीतिक रणनीति में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। आज भारत केवल युद्धविराम की औपचारिक अपील तक सीमित नहीं है बल्कि वह इस संघर्ष से उपजी ठोस और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए एक सक्रिय मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। यह बदलाव विश्व पटल पर भारत की उस छवि को मजबूत कर रहा है जो उसे एक जिम्मेदार और प्रभावी वैश्विक शांति निर्माता के रूप में स्थापित करती है। वर्ष 1947 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अंतरराष्ट्रीय विवादों से खुद को दूर रखने की नीति का पालन किया था ताकि वह अपने आंतरिक विकास पर ध्यान दे सके। लेकिन 21वीं सदी का भारत एक अत्यंत शक्तिशाली

और आत्मविश्वास से भरा राष्ट्र है। आज की बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में कोई भी बड़ी घटना भारत को अछूता नहीं छोड़ सकती है। इसलिए भारत ने अपनी पुरानी संकोचशील नीति को त्याग कर एक सक्रिय और मुखर विदेश नीति अपनाई है। रूस और यूक्रेन के संदर्भ में यह मुखरता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विश्व अब यह मान चुका है कि भारत केवल मूक दर्शक बनकर नहीं बैठ सकता है। किसी भी युद्ध में केवल हथियार डाल देने की अपील करना सबसे आसान काम होता है लेकिन जमीन पर मौजूद जटिलताओं को सुलझाना असली कूटनीति है। भारत ने यह गहराई से समझ लिया है कि रातों रात कोई स्थायी शांति समझौता नहीं हो सकता है। इसलिए उसने अपना ध्यान उन मुद्दों पर केंद्रित किया है जिनका सीधा असर पूरी मानवता और विशेषकर गरीब देशों पर पड़ रहा है। इस युद्ध ने दुनिया भर में खाद्यान्न संकट और ऊर्जा की कमी को जन्म दिया है। ऐसे में भारत ने अपनी कूटनीतिक ऊर्जा को उन क्षेत्रों में लगाया है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को पतन से बचा सकते हैं। इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम काला सागर में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने का प्रयास है। काला सागर दुनिया भर में गेहूं, सूरजमुखी के तेल और उर्वरकों की आपूर्ति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। युद्ध के कारण इस मार्ग से होने वाला व्यापार बुरी तरह बाधित हुआ है जिससे कई देशों में भुखमरी और महंगाई का संकट खड़ा हो गया। भारत ने रूस और यूक्रेन दोनों के साथ अपनी बातचीत में इस बात पर विशेष जोर दिया है कि खाद्यान्न और उर्वरक ले जाने वाले जहाजों को युद्ध का निशाना ना बनाया जाए। भारत का यह हस्तक्षेप किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर इस बात पर जोर दिया है कि अनाज की आपूर्ति को राजनीति या युद्ध का हथियार नहीं बनाया जा सकता है। जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए बनाए गए समुद्री मार्गों के समर्थन में भारत की आवाज ने एक बड़ा कूटनीतिक दबाव बनाया है। खाद्य सुरक्षा के साथ ही ऊर्जा कूटनीति इस संघर्ष का एक अन्य अत्यंत संवेदनशील पहलू है। युद्ध क्षेत्रों में स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा को लेकर पूरी दुनिया में गहरी चिंता व्याप्त है। किसी भी दुर्घटना की स्थिति में इसका परिणाम आने वाली कई पीढ़ियों को भुगतना पड़ सकता है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा नियमों का हवाला देते हुए दोनों देशों के नेतृत्व को इन संयंत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजी करने का निरंतर प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा संसाधनों के निर्बाध प्रवाह को बनाए रखने के लिए भी भारत की बातचीत बेहद महत्वपूर्ण रही है। यह सुनिश्चित करना कि युद्ध के कारण दुनिया के अन्य देश अंधकार या भीषण सर्दी का शिकार ना हों यह भारत की परिपक्व कूटनीति का बेहतरीन प्रमाण है।भारत की इस सक्रिय भूमिका का एक बड़ा कारण विकासशील और गरीब देशों के हितों की रक्षा करना भी है। इस युद्ध का सबसे विनाशकारी आर्थिक परिणाम पश्चिमी देशों ने नहीं बल्कि एशिया, अफ्रीका और लातिन अमेरिका के उन देशों ने उठाया है जो पहले से ही बड़ी आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे थे। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से यह बात रखी है कि यूरोप की समस्या को पूरी दुनिया की समस्या नहीं माना जाना चाहिए लेकिन इस युद्ध के आर्थिक परिणामों से कोई भी देश अछूता नहीं रह सकता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चाँद से मिलकर खुशी लगने लगी जिन्दगी अब जिन्दगी लगने लगी दिल जलाया रौशनी के वास्ते जब चराग़ों की कमी लगने लगी ग़म के बादल क्यूँ नहीं छँटते ज़रा आज आँखों में नमी लगने लगी दिल मेरा जबसे है तोड़ा बेवफ़ा मैकशी अब लाज़िमी लगने लगीहै मुक़द्दर में न जाने क्या मेरे पास आती मुफ़लिसी लगने लगी जबसे सूरज से समंदर है मिला क्यूँ उसे अब तश्नगी लगने लगी खूबसूरत पैरहन में है ग़ज़ल महफ़िलों में नग़मगी लगने लगी सच छुपाता आईना 'ऐनुल' है अब आईने की खुदकुशी लगने लगी। - **'ऐनुल' बरौलवी**

रंग तेरे प्यार का सर्वाधिक सुरक्षित कलम चाँदनी के बिना यह रात ही क्या तेरी मीठी बातें, वो बात ही क्या साँसों में घुली महक है तेरी, तुम बिन मौसम की सौगात ही क्या आँखों में बसा है रूप तेरा, धड़कन में जगा यह अहसास गहरा! सँवर गई हूँ मैं तेरी होकर, तेरे बिन मेरी जिंदगी ही क्या। - **उमा मेहता त्रिवेदी**

जिंदगी कितने सवाल करती हो मुझ से जब मिलती हो न जाने कितनी उम्मीद रखती हो मुझ से हर बात पर तेरी एतबार तो कर लू फिर भी तोड़ने वाले वादे करती हो मुझ से अपना बना के एहसान गिना के जाने कैसे लोगो से मिला करहंसने के लिए कहती हो मुझ से प्यार तो मैं कर लूं तुम से गिले शिकवे भुला भी दू पर रोज़ आजमाने की बात करती है मुझ से।

- डॉ. विनीता मेहता

जीवन सब के लिए आसान नहीं होता मुस्कुराकर भी दर्द कभी कभी छुपना होता है जीवन बीत जाता है तन्हाई में जीवन का संघर्ष समझ नहीं आता लोग समझ ही नहीं पाते और जीवन खत्म हों जाती है।

- लक्ष्मी नारायण लहरे

कोई भी एक महान इंसान अपनी विचारधारा से बनता है अपने शरीर से नही।तो हमें चाहिए कि किसी महान कहे जाने वाले हस्ती को उनके विचारधारा से जाने ना कि उसके निजी जीवन से।कौन कैसा दिखता है,कैसे चलता है या क्या पहनता है और कैसे बोलता है ये देखने के बजाय हमें ये देखना चाहिए कि वो क्या समझा गया क्या बता गया। मतलब उसकी विचारधारा क्या थी।

- प्रीति श्रीवास्तव

कल क्या होगा यह तो पता नहीं पर वर्तमान में एक शिक्षिका की भूमिका का निर्वहन करते हुए भावी पीढ़ी को बेहतरीन कल देने का मन में दृढ़ संकल्प अवश्य है.... वो कहते हैं न... जहाँ चाह वहाँ राह.... बस ईश्वर हमेशा हमारे साथ रहें तो मन की सोच को सच होने में कतई भी देर नहीं लगेगी... सच्ची में। **- अलका अग्रवाल**

भारत मे सत्ता आंदोलन से बदला है ना बदलेगा...हा कोई विभाग मे फेरबदल कानून जरूर बदल जाता है... ज्ञानेश कुमार से बदल महेश कुमार बन जायेगा... ये राजनीतिक पार्टी के वरिष्ठ लोग अपने नामर्दी को छुपाकर देश के युवा को आगे कर रहे है.... इनको पता भी नहीं चुनाव प्रक्रिया क्या है.... सनद रहे ये कथित युवा मतदान करने जाते नहीं हा लेकिन ये सब बकलोली से सत्ता के विरोध के 4 वोट कम कर रहे है ।

- अंबरदानी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। अचानक धन लाभ होने के योग हैं। मित्र और सहकर्मी आज आपके प्रयासों में आपका सहयोग करेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा। शिक्षक आज किसी मीटिंग में शामिल होंगे। आज बड़ों से कुछ नया सीखने को मिलेगा, जो आगे चलकर आपके काम आएगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज बेटी के करियर को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

कर्क राशिः आज का दिन कार्य क्षेत्र में अच्छा लाभ दिलाने वाला है। संतान की चिंता कम होगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगा। किसानों को अपने श्रम का अच्छा लाभ मिलेगा। आपका स्वास्थ्य रोज की अपेक्षा अच्छा रहने वाला है।

कन्या राशिः आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। विद्यार्थियों को करियर का चुनाव के लिए अच्छे अवसर मिलेंगे। आज आप किसी काम में पूरी तरह व्यस्त रहेंगे। आज आपको प्रापर्टी खरीदने से लाभ मिलेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। अधिकारियों के सहयोग से ऑफिस के रुके काम में सफलता मिलेगी। आज परिवारजनों के साथ प्यार और स्नेह बढ़ेगा।

वृश्चिक राशिः आज आपको करियर में नई ऊंचाइयां मिलेंगी। बिजनेस के लिहाज से दिन बेहतर होगा। आज आपके परिवार के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन कान्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आपका मनचाहा काम पूरा होने का योग बन रहा है। घर बनवा रहे लोगों का काम आगे बढ़ेगा। आज आप घर पर अलग-अलग पकवानों का आनंद लेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपने सहपाठियों की मदद मिलेगी, जिससे दोस्ती में मिठास बढ़ेगी। पारिवारिक समस्याएं खत्म होंगी, घर में सुख शांति का माहौल बनेगा।

कुंभ राशिः आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके विरोधी आपसे दूर रहेंगे। आज आप किसी नए विषय पर घरवालों से चर्चा करेंगे।

मीन राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अपनी मनपसंद की कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है। इस राशि के उभरते हुए लेखकों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है।

QUIZ TIME

1. एनसीईआरटी कक्षा 9वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब में सेंगोल किसका प्रतीक है?
2. हाल ही में भारत के कितने स्थानों को यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल किया गया है?
3. नेपाल का कौन-सा ग्लेशियर हाल ही में मृत घोषित किया गया?
4. कौन सा राज्य अमरूद का सबसे बड़ा उत्पादक है?
5. हाल ही में किस राज्य के पारंपरिक वाद्ययंत्र मंदार को जीआई टैग मिला है?

उत्तरमाला- (1) न्यायपूर्ण शासन, सुशासन और शासन एवं आधिपत्य का सांस्कृतिक प्रतीक बताया गया है (2) 5 (3) याला (4) उत्तरप्रदेश (5) झारखंड

RamaQuiz

पहेली

छ.ग. में ग्रामीण पर्यटन को नई पहचान देगा 'चेन्दरू' पुरस्कार, उत्कृष्ट योगदान पर मिलेंगे एक लाख रुपये

'गांवों की संस्कृति, प्रकृति और परंपराओं को पर्यटन से जोड़कर स्थानीय लोगों के लिए खुलेंगे रोजगार और समृद्धि के नए द्वार पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गांवों की समृद्ध संस्कृति, जनजातीय परंपराओं, प्राकृतिक सौंदर्य और स्थानीय जीवनशैली को देश-दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। पर्यटन विभाग ने ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट और प्रभावी कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'चेन्दरू राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार' की शुरुआत की है। इसके लिए राज्य शासन द्वारा 'चेन्दरू, राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार नियम, 2025' लागू किए गए हैं, जो पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावी होंगे। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चयनित व्यक्ति अथवा संस्था को एक लाख रुपये की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार का उद्देश्य केवल उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करना नहीं, बल्कि ग्रामीण पर्यटन को स्थानीय रोजगार, आजीविका, सांस्कृतिक संरक्षण और सतत विकास का प्रभावी माध्यम बनाना भी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गांव हमारी संस्कृति, परंपराओं और प्रकृति की जीवंत विरासत हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि पर्यटन का लाभ केवल प्रमुख पर्यटन स्थलों तक सीमित न रहे, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों तक पहुंचे। ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से स्थानीय युवाओं, महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, कारीगरों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए आजीविका तथा स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि 'चेन्दरू राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार' उन लोगों और संस्थाओं को पहचान देने का प्रयास है, जो जमीनी स्तर पर पर्यटन के माध्यम से अपने गांव और क्षेत्र की तस्वीर बदल रहे हैं। होमस्टे, स्थानीय व्यंजन, हस्तशिल्प, लोककला, लोकसंस्कृति, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर और समुदाय आधारित पर्यटन को प्रोत्साहित कर छत्तीसगढ़ देश में ग्रामीण पर्यटन का एक विशिष्ट मॉडल बन सकता है।

'चेन्दरू' नाम से छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय मंच

पुरस्कार का नाम 'चेन्दरू' छत्तीसगढ़ की उस विशिष्ट पहचान को सामने लाता है, जिसने कभी बस्तर और यहां के सहज प्राकृतिक जीवन को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। अब इसी नाम से स्थापित राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार छत्तीसगढ़ के गांवों में पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जमीनी नायकों और संस्थाओं को सम्मान और पहचान प्रदान करेगा।

राज्योत्सव में मिलेगा सम्मान, देश के सामने आएंगी सफलता की कहानियां

चयनित विजेता अथवा संस्था के प्रतिनिधि को राज्योत्सव के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विजेता के कार्यों, नवाचारों और उपलब्धियों को रेखांकित करती सचित्र स्मारिका भी जारी की जाएगी। इससे ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों को व्यापक पहचान मिलेगी और अन्य गांवों तथा समुदायों को भी पर्यटन आधारित विकास की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

एक लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र से होगा सम्मान

पुरस्कार के अंतर्गत चयनित व्यक्ति अथवा संस्था को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। नियमों के अनुसार किसी व्यक्ति को यह सम्मान जीवनकाल में केवल एक बार प्रदान किया जा सकेगा। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक नवाचारी और प्रभावशाली प्रयासों को सामने लाकर राज्य में ग्रामीण पर्यटन की नई प्रेरक कहानियां तैयार करना है।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ बाल कल्याण परिषद को राज्यपाल ने ई-रिक्शा की चाबी सौंपी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित स्कूल के लिए अपने स्वेच्छानुदान मद से ई-रिक्शा प्रदान किया है। राज्यपाल ने आज लोकभवन में ई-रिक्शा की चॉबी सौंपी और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल डेका ने कहा कि बाल कल्याण के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं को इस पहल से जरूरतमंद बच्चों तक सेवाओं और सहायता को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष डॉ. कमल वर्मा, संयुक्त सचिव राजेन्द्र निगम एवं प्रकाश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन उपस्थित रहीं।

राज्यपाल डेका से कामधेनु विश्वविद्यालय के कार्य परिषद सदस्यों ने की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज लोक भवन में कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के कार्य परिषद के सदस्यों ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की गतिविधियों तथा गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्य परिषद के सदस्यों ने राज्यपाल का ध्यान आकर्षित कराया कि देश के विभिन्न राज्यों में वहां के स्थानीय एवं देशी गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के अपने विशिष्ट देशी गोवंश 'कोसली' के संरक्षण, संवर्धन और उसकी नस्ल की पहचान को बढ़ावा देने के लिए भी प्रभावी पहल किए जाने की आवश्यकता है। राज्यपाल डेका ने विषय को महत्वपूर्ण बताते हुए कोसली गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय गोवंश की नस्लों का संरक्षण हमारी जैव विविधता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालन परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इस अवसर पर कार्य परिषद के सदस्य सुबोध राठी, डॉ. किरण बघेल, डॉ. भूभारती साहू और डॉ. रिपू सुदन राठौर उपस्थित थे।

छत से धक्का देने का आरोप, 16 वर्षीय किशोर गंभीर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के सतनामी पारा में हंसी-मजाक के दौरान शुरू हुआ विवाद गंभीर वारदात में बदल गया। आरोप है कि एक युवक ने 16 वर्षीय किशोर को दो मंजिला मकान की छत से धक्का दे दिया। करीब 15 फीट नीचे गिरने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफहत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घायल किशोर की पहचान टीकू जांगड़े (16) के रूप में हुई है। वह सतनामी पारा में रहता है और कार धोने का काम करता है। तीन अक्टूबर की शाम करीब 8.15 बजे काम से घर लौटने के बाद वह कुछ देर आराम किया। इसके छत पर पहुंचा। वहां पहले से मौजूद भूपेंद्र घृतलहरे से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। शिकायत गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टीकू अचेत अवस्था में खून से लथपथ पड़ा था। उसके सिर में गंभीर चोट आई, जबकि नाक और बाद मां से मोहल्ले में घूमने जाने की बात कहकर घर से निकल गया। रात करीब नौ बजे टीकू बालक कुर्रे के दो मंजिला मकान की छत पर पहुंचा। वहां पहले से मौजूद भूपेंद्र घृतलहरे से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। शिकायत के मुताबिक इसी दौरान भूपेंद्र ने जान से मारने की नीयत से टीकू को छत से धक्का दे दिया। धक्का लगने से टीकू नीचे एक मंजिला मकान की छत पर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टीकू अचेत अवस्था में खून से लथपथ पड़ा था। उसके सिर में गंभीर चोट आई, जबकि नाक और मुंह से खून निकल रहा था।

आसपास के लोगों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार उसके सिर में गंभीर चोट के साथ पसलियां भी टूट गई हैं। फिलहाल वह डॉक्टरों की निगरानी में उपचाराधीन है। तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र घृतलहरे के खिलाफहत्या के प्रयास का अपराध दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।

समस्या:लंबी वेटिंग से यात्रियों की परेशानी बढ़ी

ट्रेनों में नो-रूम, सीधी ट्रेनों का नो-रूट जो हैं उनमें कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग-रायपुर से देश के कई प्रमुख शहरों के लिए ट्रेनें हैं, लेकिन कई रूटों पर सीधी सेवा नहीं होने और मौजूदा ट्रेनों में लंबी वेटिंग से यात्रियों की परेशानी बढ़ रही है। हरिद्वार के लिए दुर्ग-रायपुर से सीधी नियमित ट्रेन नहीं है। यात्रियों को बिलासपुर जाकर उत्कल एक्सप्रेस पकड़नी पड़ती है। कामाख्या के लिए साप्ताहिक कर्मभूमि एक्सप्रेस में स्लीपर और एसी दोनों में नो-रूम की स्थिति है। वाराणसी जाने वाली ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग है। मुंबई रूट पर यात्री दबाव के कारण सीटें जल्दी भर रही हैं।

इसी परेशानी को देखते हुए दुर्ग सांसद विजय बघेल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर नई ट्रेनें शुरू करने और मौजूदा सेवाओं को नियमित करने की मांग की है। इसमें दुर्ग-हरिद्वार स्पेशल और दुर्ग-सुल्तानपुर स्पेशल को नियमित करने, दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस को रोज चलाने का प्रस्ताव है। दुर्ग-अमृतसर, दुर्ग-बनारस वंदे भारत और कामाख्या-दुर्ग अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू करने की भी मांग की गई है। दुर्ग-अंबिकापुर इंटरसिटी और कोरबा-रायपुर इंटरसिटी को दुर्ग तक विस्तारित करने का प्रस्ताव भी दिया गया है।

यात्रीगण ध्यान दें कामाख्या की ट्रेन में नो-रूम, वाराणसी में वेटिंग

कामाख्या के लिए कर्मभूमि एक्सप्रेस प्रमुख विकल्प है, लेकिन साप्ताहिक होने के कारण इसमें मांग ज्यादा है। मौजूदा स्थिति में स्लीपर और एसी दोनों में नो-रूम है। वाराणसी के लिए सारनाथ और गोंदिया-बरौनी ट्रेनें हैं, जबकि दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन चलती है। इनमें भी कंफर्म टिकट के लिए लंबी वेटिंग है। ऐसे में यात्रियों को यात्रा की तारीख बदलनी पड़ती है या दूसरे विकल्प तलाशने पड़ते हैं।

हरिद्वार के लिए पहले बिलासपुर का सफर : दुर्ग और रायपुर से हरिद्वार की सीधी नियमित ट्रेन नहीं होने के कारण यात्रियों को पहले बिलासपुर पहुंचना पड़ता है। वहां से उत्कल एक्सप्रेस पकड़कर हरिद्वार जाना होता है। यात्री राम कुमार के मुताबिक दुर्ग से बिलासपुर पहुंचने में करीब दो घंटे लगते हैं। इसके बाद ट्रेन पकड़ने के लिए अतिरिक्त समय और स्थानीय परिवहन का खर्च भी जुड़ता है। परिवार, बुजुर्ग और महिलाओं के लिए यह सफर ज्यादा परेशानी वाला है। दुर्ग-हरिद्वार स्पेशल नियमित होने पर यह अतिरिक्त यात्रा खत्म हो सकती है।

मुंबई रूट पर भी सीटों का दबाव: रायपुर-दुर्ग मुंबई-हावड़ा रेल कॉरिडोर पर हैं। मुंबई की ओर जाने वाली ट्रेनों में लगातार यात्री दबाव रहता है। सीट नहीं मिलने पर विकल्प सीमित हो जाते हैं। नई ट्रेन या मौजूदा सेवाओं के विस्तार से ट्रेनों पर दबाव बंटने के साथ यात्रियों को अलग-अलग दिनों में सफर का विकल्प मिल सकेगा।

नई ट्रेनें और नियमित सेवाओं से ये सब बदलेगा

दुर्ग-हरिद्वार स्पेशल नियमित होने से हरिद्वार के लिए सीधा विकल्प मिलेगा। दुर्ग-नौतनवा को सप्ताह में तीन दिन के बजाय रोज चलाने से टिकट उपलब्धता बढ़ सकती है। दुर्ग-अमृतसर से पंजाब और दुर्ग-बनारस वंदे भारत से वाराणसी की सीधी कनेक्टिविटी बढ़ेगी। कामाख्या-दुर्ग अमृत भारत शुरू होने से साप्ताहिक कर्मभूमि एक्सप्रेस पर निर्भरता कम होगी। दुर्ग-अंबिकापुर और कोरबा-रायपुर इंटरसिटी का दुर्ग तक विस्तार होने से प्रदेश के भीतर भी सीधे विकल्प बढ़ेंगे।

सीएम हेल्पलाइन 1076 से पेयजल समस्या का समाधान

■ तपकरा के करीब 200 परिवारों को मिली राहत

रायपुर/नवप्रदेश। आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में सीएम हेल्पलाइन 1076 उपयोगी माध्यम बन रही है। जशपुर जिले के तपकरा में करीब 15 दिनों से बनी पेयजल समस्या की शिकायत हेल्पलाइन तक पहुंचने के बाद संबंधित विभाग ने कार्रवाई करते हुए नया मोटर लगाया और जलापूर्ति बहाल कर दी। इससे पेयजल समस्या से प्रभावित करीब 200 घर-परिवारों को राहत मिली है। फरसाबहार विकासखंड के ग्राम तपकरा निवासी ओम प्रकाश ने 26 अगस्त 2026 को सीएम हेल्पलाइन 1076 पर पेयजल समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि मोटर और पाइपलाइन से संबंधित समस्या के कारण गांव में लगभग 15 दिनों से जलापूर्ति प्रभावित थी। इसके चलते करीब 200 परिवारों को पेयजल की परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

शिकायत पहुंची तो शुरू हुई कार्रवाई, नया मोटर लगाकर बहाल की जलापूर्ति: सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज होने के बाद प्रकरण संबंधित विभाग तक पहुंचाया गया। ग्राम तपकरा में संचालित रेट्रो जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा नया मोटर लगाया गया, जिसके बाद गांव में जलापूर्ति पुनः बहाल हो गई।

पेयजल व्यवस्था सामान्य होने से प्रभावित परिवारों को राहत मिली। अब उन्हें नियमित जलापूर्ति की सुविधा मिल रही है। समस्या का समाधान होने के बाद शिकायतकर्ता ओम प्रकाश की संतुष्टि की भी पुष्टि की गई।

शिकायत से समाधान और संतुष्टि तक जुड़ रही व्यवस्था: सीएम हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं सीधे शासन-प्रशासन तक पहुंचा पा रहे हैं। प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों तक भेजकर उनके निराकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। समाधान के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि की पुष्टि किए जाने से शिकायत निवारण व्यवस्था में जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है।

पंचायत कर्मचारियों को पेंशन का हक नहीं, हाईकोर्ट ने खारिज की सभी याचिकाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पंचायतों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन दिए जाने की मांग से जुड़ी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता ऐसा कोई वैधानिक प्रावधान या पेंशन योजना नहीं बता सके, जिसके तहत उन्हें पेंशन पाने का स्वतंत्र अधिकार प्राप्त हो। कोर्ट ने कहा कि पंचायत कर्मचारी शासकीय कर्मचारी नहीं हैं और उनके सेवा संबंधी मामलों पर पंचायत के अलग भर्ती एवं सेवा नियम लागू होते हैं। कोर्ट ने कहा कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 131 केवल पहले से उपलब्ध वेतन, भत्ते, पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों को संरक्षण देने वाली व्यवस्था है। यह ऐसा नया पेंशन अधिकार पैदा नहीं करती, जो संबंधित कर्मचारी को पहले से प्राप्त ही नहीं था। याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति के समय लागू सेवा शर्तों में सेवानिवृत्ति लाभों के लिए भविष्य निधि योजना का प्रावधान था। साथ ही, याचिकाकर्ता अंशदायी भविष्य निधि का लाभ लेने की बात से भी इनकार नहीं कर सके। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि कुछ अन्य जनपद पंचायतों में कर्मचारियों को पेंशन दी जा रही है। इस पर राज्य की ओर से बताया गया कि गुंडरदेही और तखतपुर जनपद पंचायतों में कुछ कर्मचारियों को स्थानीय स्तर पर गठित पेंशन निधि से भुगतान किया जा रहा है। यह भुगतान किसी राज्य स्तरीय वैधानिक पेंशन योजना के तहत नहीं है। संबंधित अधिकारियों को इस भुगतान के आधार को लेकर कारण बताओ नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि किसी अन्य प्राधिकरण द्वारा किए गए ऐसे भुगतान से सभी समान रूप से स्थित पंचायत कर्मचारियों को वैधानिक पेंशन का अधिकार नहीं मिल सकता। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि न्यायपालिका कानून बनाने या सरकार को किसी विशेष नीति को अपनाने का निर्देश नहीं दे सकती। मामले में दंतेवाड़ा, बस्तर, रायगढ़, बीजापुर, मुंगेली, धमतरी, सक्ती, कांकेर, दुर्ग, सुकमा और अन्य जिलों से जुड़े कुल 20 से अधिक याचिकाकर्ताओं ने पेंशन से इनकार संबंधी आदेशों को चुनौती दी थी। सभी याचिकाओं में समान कानूनी प्रश्न होने के कारण हाईकोर्ट ने उन्हें एक साथ सुनवाई कर खारिज कर दिया।

सोलह सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 64.43 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में 16 सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 64 करोड़ 43 लाख 63 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है।

जल संसाधन विभाग द्वारा: महासमुंद जिले के अंतर्गत सरायपाली के कटंगी नाला पर ग्राम डुमरपाली में एनीकट निर्माण कार्य के लिए 03 करोड़ 52 लाख 99 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। योजना के कार्य होने पर क्षेत्र में 100 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिले के कुन्ती नाला व्यपवर्तन के शीर्ष कार्य एवं नहरों के कार्यों तथा सी.सी. लाईनिंग कार्य के लिए 04 करोड़ 74 लाख 31 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। स्वीकृत कार्यो के पूर्ण होने पर क्षेत्र में किसानों को क्षेत्र में 170 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिले के विकासखण्ड-पिथौरा के अंतर्गत राजाडेरा जलाशय के नहर का सुदृढ़ीकरण एवं लाईनिंग कार्य के लिए 04 करोड़ 95 लाख 88 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। जिससे क्षेत्रिय किसानों को 76 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिले के जामली जलाशय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए 04 करोड़ 24 लाख 05 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है कार्यो के पूर्ण होने पर 202 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिले के परसदा जलाशय के मरम्मत रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य के लिए 04 करोड़ 22 लाख 82 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। इन कार्यो के पूर्ण होने पर 166 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचाई सुविधा मिलेगी। इसी तरह से जिले के छपोराडीह जलाशय की नहरों की लाईनिंग रिमाडलिंग तथा पक्के स्ट्रक्चरों के उन्नयन कार्यों के लिए 03 करोड़ 97 लाख 87 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। कार्यो के पूर्ण होने पर 103 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा निस्तारित होगी।

बलौदा-बाजार भाठापारा जिले: के अंतर्गत मोहतरा टार बांध योजना के जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्यो के लिए 02 करोड़ 27 लाख 88 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। कार्यो के पूर्ण होने पर 50 हेक्टेयर क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा मिलने लगेगी। बिटकुली जलाशय योजना के जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए 02 करोड़ 96 लाख 35 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के कार्यो के पूर्ण होने पर 134 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी।

धमतरी जिले के अंतर्गत :राजाडेरा लघु जलाशय के जलद्वार के नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए 01 करोड़ 65 लाख 07 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। योजना के कार्यो के पूर्ण होने पर क्षेत्र में करीब 285 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हो जायेगी। इसी प्रकार से धमतरी जिले के अंतर्गत महानदी पर निर्मित खट्टी एनीकट के संरक्षण एवं जलद्वार के उन्नयन कार्यों के लिए 04 करोड़ 89 लाख 03 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। इन कार्यो के होने पर क्षत्रिय किसानों को क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हो जायेगी।

बालोद जिले के अंतर्गत: ग्राम-मारीदेवरी में खरखरा नदी के बांयी ओर शीतला मंदिर के पास घाट एव तटबंध निर्माण कार्य के लिए 04 करोड़ 99 लाख 98 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। जिले के तांदुला, गांदली, खरखरा जलाशय में विद्युतीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था कार्य के लिए 04 करोड़ 95 लाख 99 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। इसी प्रकार जिले के तांदुला परियोजना के अंतर्गत सकरौद वितरक नहर के नाहंदा माईनर, डौकीडीह माईनर, सुखरी माईनर और भदेरा माईनर के विभिन्न कार्यो के लिए 04 करोड़ 99 लाख 89 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है।

गरियाबंध जिले के अंतर्गत

पतोरा व्यपवर्तन के शीर्ष जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए 02 करोड़ 02 लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। कार्यो के पूर्ण होने पर करीब 84 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हो जायेगी। गनियारी जलाशय के शीर्ष कार्य जीर्णोद्धार वेस्ट वियर की मरम्मत एवं मुख्य नहर के रिमाडलिंग एवं सीमेंट कांक्रिट लाईनिंग कार्य के लिए 04 करोड़ 66 लाख रुपये स्वीकृत किये गये है। इन कार्यो के पूर्ण होने पर 144 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। इसी प्रकार से जिले के ठाकुर देव जलाशय के शीर्ष मुख्य नहर शाखा नहरों एवं लाईनिंग कार्यो के लिए 04 करोड़ 35 लाख 73 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। इन कार्यो के पूर्ण होने पर क्षेत्र में 80 हेक्टेयर सिंचाई सुविधा हो जायेगी।

18 साल की उम्र पूरी कर चुके युवाओं का होगा पंजीयन

नए वोटरों के नाम जोड़ने विशेष अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिले में छूटे हुए और नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ना है, जो अब तक पंजीकृत नहीं हो पाए हैं।

इसमें पहली बार मतदान के लिए पात्र हुए युवाओं के नाम भी जोड़े जाएंगे। इसके लिए बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण की प्रक्रिया के तहत पात्र नागरिकों की जानकारी जुटाएंगे और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराएंगे।

अभियान में सहयोग करने की अपील

प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अभियान में सहयोग करने की अपील की है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे। पंजीकरण होने से पात्र नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे।

ऑनलाइन भी कर सकते आवेदन

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए नागरिक ECINET मोबाइल ऐप या वेबसाइट voters.eci.gov.in के माध्यम से फॉर्म-6 में ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। पात्र नागरिकों से इस सुविधा का लाभ उठाकर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने हाथों में उठाई झाड़ू

स्वच्छता एक आदत है जो धीरे-धीरे संस्कार बनेगी मंत्री टंक राम वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के ऐतिहासिक 25 वर्ष पूर्ण होने के सुअवसर पर जारी 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जिले भर में विविध जनसेवा कार्यक्रमों की धूम है। इसी कड़ी में 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को राज्य के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा की अगुवाई में बलौदाबाजार स्थित ऐतिहासिक षष्ठी मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान राजस्व मंत्री वर्मा, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों ने स्वयं हाथों में झाड़ू थामकर सड़कों पर बिखरे कचरे को साफ किया और उसे डस्टबिन में एकत्रित किया। मंत्री वर्मा के इस प्रतीकात्मक पहल ने आमजनों को स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने का एक सशक्त संदेश दिया। स्वच्छता एक आदत है जो धीरे-धीरे संस्कार बनती है। राजस्व मंत्री कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 सफल वर्षों के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। स्वच्छता केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि एक आदत है जो धीरे-धीरे हमारे व्यवहार का हिस्सा बनती है। हर्ष का विषय है कि आज इस अभियान के माध्यम से जन-जन में स्वच्छता के प्रति अभूतपूर्व जागरूकता देखने को मिल रही है। स्वच्छता के इस महाअभियान में कलेक्टर, भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य उपाध्यक्ष, नगर पालिका उपाध्यक्ष सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होकर अपना श्रमदान दिया।

पीएम-किसान से पालमन की खेती को मिला सहारा, जरूरत के वक्त काम आ रही सम्मान निधि

■ **ग्राम सिरौली के किसान को सालाना मिल रहे 6 हजार रुपये, खाद-बीज और कृषि जरूरतों को पूरा करने में मिल रही मदद**

एमसीबी/नवप्रदेश। खेत में अच्छी फसल की उम्मीद किसान की मेहनत के साथ समय पर खाद, बीज और जरूरी कृषि संसाधनों की उपलब्धता पर भी निर्भर करती है।

खेती के अलग-अलग चरणों में होने वाले खर्चों के बीच समय पर मिलने वाली आर्थिक सहायता किसान को राहत देती है। ग्राम सिरौली निवासी किसान पालमन के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ऐसी ही मदद का जरिया बनी है। योजना से मिलने वाली राशि उन्हें खेती-किसानी की जरूरतों को पूरा करने में आर्थिक संबल दे रही है। सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की कहानियां सामने लाई जा रही हैं। इसी कड़ी में पालमन की कहानी बताती है कि सीधे बैंक खाते में पहुंचने वाली सम्मान निधि किस तरह जरूरत के समय किसान के काम आ रही है। खेती पर निर्भर परिवारों के लिए कृषि से जुड़ा प्रत्येक खर्च महत्वपूर्ण होता है। पालमन के लिए भी पीएम-किसान से मिलने वाली राशि खाद, बीज एवं खेती की अन्य छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग कर रही है। इससे कृषि कार्यों को समय पर आगे बढ़ाने में सहूलियत मिलने के साथ परिवार को आर्थिक राहत भी मिलती है। योजना का लाभ मिलने पर किसान पालमन ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि किसानों के हित में संचालित योजनाओं से खेती-किसानी के कार्यों में आर्थिक सहयोग मिल रहा है और जरूरत के समय मिलने वाली सहायता से बड़ी राहत मिलती है। ग्राम सिरौली के किसान पालमन की कहानी भी इसी बदलाव की एक तस्वीर है, जहां प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से मिलने वाली आर्थिक सहायता किसान की मेहनत के साथ जुड़कर खेती की जरूरतों को पूरा करने में मददगार बन रही है।

खेती में हर मौसम के साथ आती हैं नई जरूरतें

पालमन बताते हैं कि खेती में फसल और मौसम के अनुसार अलग-अलग समय पर खर्च करना पड़ता है। बुआई के लिए बीज की व्यवस्था हो या फसल के लिए खाद एवं अन्य कृषि सामग्री की जरूरत, किसान को समय पर संसाधन जुटाने होते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से मिलने वाली राशि इन आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग देती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि 2-2 हजार रुपये की तीन समान किस्तों में डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी किसान के बैंक खाते में पहुंचती है। इससे किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार कृषि कार्यों में राशि का उपयोग कर पाते हैं।

जरूरत के समय आर्थिक सहायता से मिलती है बड़ी राहत

पालमन का कहना है कि खेती में कई बार ऐसे खर्च सामने आते हैं, जिन्हें टाला नहीं जा सकता। समय पर खाद, बीज एवं जरूरी सामग्री उपलब्ध नहीं होने से कृषि कार्य प्रभावित हो सकता है। ऐसे समय में सम्मान निधि की राशि खाते में मिलने से जरूरी खर्चों को पूरा करने में सुविधा होती है। उनके मुताबिक योजना की सबसे बड़ी उपयोगिता यह है कि सहायता राशि सीधे बैंक खाते में आती है। इससे किसान को राशि प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता और जरूरत के अनुरूप उसका उपयोग किया जा सकता है। सम्मान निधि की राशि खेती के सभी खर्चों के लिए पर्याप्त भले न हो, लेकिन आवश्यकता के समय मिलने वाला यह सहयोग किसान के लिए उपयोगी सहारा बनता है।

न्यूज गैलरी

नगर पंचायत नरहरपुर के 15 वार्डों का किया गया आरक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 29(क) तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण नियम 1994 के नियम 3 उपनियम 3 व 5 तथा नियम 4 के प्रावधानों के तहत नगर पंचायत नरहरपुर के 15 वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न की गई। जिसके अनुसार भजनाहालारी वार्ड को अजजा मुक्त, पंडित दीनदयाल वार्ड अजजा मुक्त, शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड अजजा महिला, ईमलीपारा वार्ड अजजा मुक्त, भगत सिंह वार्ड अजा मुक्त, सुभाषचंद्र बोस वार्ड अनारक्षित मुक्त, लोकमान्य तिलक वार्ड अनारक्षित मुक्त, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड अनारक्षित मुक्त, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अनारक्षित महिला, पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड अनारक्षित महिला, डॉ. अम्बेडकर वार्ड अनारक्षित मुक्त, मंडीपारा वार्ड अजजा मुक्त, शहीद गैंदसिंह वार्ड अजजा महिला, अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड अनारक्षित महिला तथा इन्दरू केंवट वार्ड अजजा मुक्त के लिए आरक्षित किया गया। वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन श्री जितेन्द्र कुर्रे, एसडीएम कांकेर एवं नोडल अधिकारी श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर श्री टीकाराम देवांगन के द्वारा राजनैतिक दलों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर तहसीलदार नरहरपुर श्री पुष्पराज पात्र और नगर पंचायत नरहरपुर के सीएमओ श्री रोशन सिंह ठाकुर सहित स्थानीय निर्वाचन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

अल्पवर्षा से फसल बर्बाद, क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

अंतागढ़/नवप्रदेश। क्षेत्र में अल्पवर्षा एवं अनियमित मानसून के चलते खरीफ फसल को हुए नुकसान को लेकर मंगलवार को करीब पांच ग्राम पंचायतों के सरपंचों तथा उनके आश्रित गॉवो के किसान सैंकड़ो की संख्या मे बिजली ऑफिस से दो किलोमीटर पैदल चल एसडीएम कार्यालय पहुंच मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अंतागढ़ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्रभावित क्षेत्र को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित कर सूखा राहत प्रदान करने तथा किसानों के कृषि ऋण माफकरने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि धान उपार्जन केंद्र केरकाघाट के अंतर्गत आने वाले 14 ग्रामों में इस वर्ष अल्पवर्षा एवं अनियमित मानसून के कारण किसानों की फसल प्रभावित हुई है। कई खेतों में कीट एवं रोग का प्रकोप भी हुआ, जिसके चलते बड़ी मात्रा में फसल खराब हो गई है। ज्ञापन के अनुसार ग्राम पंचायत अमोड़ी, मण्डागांव , जेठेगांव, कानागांव एवं मासबरस सहित आसपास के गांवों में किसानों की करीब 70 से 80 प्रतिशत फसल खराब होने की स्थिति बताई गई है।किसानों का कहना है कि फसल खराब होने के कारण वे इस वर्ष कृषि ऋण चुकाने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में शासन द्वारा राहत नहीं दिए जाने पर किसानों के सामने आर्थिक संकट और गहरा सकता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रभावित क्षेत्र का तत्काल सर्वे कराकर सूखाग्रस्त घोषित किया जाए, किसानों को उचित सूखा राहत प्रदान की जाए तथा वर्ष 2026 का कृषि ऋण माफकिया जाए। इस संबंध में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, लोकसभा क्षेत्र के सांसद, अंतागढ़ विधायक तथा कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर को भी भेजी गई है।

30 पर विधायक सावित्री मंडावी ने ग्रामीणों के साथ किया चक्का जम

कांकेर/नवप्रदेश। टूटे पुल की जगह नया पुल बनाए जाने की मांग को लेकर, चारामा इलाके के सिरसिदा-बड़ेगौरी क्षेत्र के लोग आज धरने पर बैठ गए. एनएच 30 पर चक्काजाम होने की वजह से हाईवे के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लंबी कतारें लग गई. काफी देर तक लोग परेशान होते नजर आए. चक्काजाम में विधायक सावित्री मंडावी भी शामिल हुई.चारामा में ग्रामीणों का चक्काजाम चारामा के ग्रामीणों का आरोप है कि हर साल बरसात के दौरान इलाके का ये पुल टूट जाता है. जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के द्वारा इस पुल को नया बनाने के बजाए मरम्मत कर छोड़ दिया जाता है. स्थानीय लोगों ने इस बात पर गुस्सा दिखाते हुए कहा कि वो चाहते हैं इसमें मरम्मत या मुरुम भरने के बजाए नया पुल बनाया जाए. ग्रामीणों का कहना है कि 10 सितंबर को पुल छतिग्रस्त हुआ उससे बाद उसे अस्थायी तौर पर ठीक किए जाने की कोशिश की जा रही थी.एनीकट पर बना पुल हुआ छतिग्रस्त स्थानीय लोगों की मानें तो सिरसिदा-पटेलपारा से सीतलापारा और आसपास के गांवों के बीच बना यह पुल बेहद महत्वपूर्ण है. चार से पांच पंचायतों के ग्रामीण इसी रास्ते से आना जाना करते हैं. स्कूली बच्चों, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी पुल के टूटने से होती है. ग्रामीणों का दावा है कि आपात स्थिति में एंबुलेंस तक गांव में नहीं पहुंच पाती. समाधान नहीं किया गया तो वे दोबारा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

9 एमबीबीएस, 2 बीडीएस और एनआईटी रायपुर में 2 बीटेक दाखिले

एनएमडीसी समर्थित 'छू लो आसमान' ने बदली वंचित परिवारों की तस्वीर

■ **पहली पीढ़ी के डॉक्टर और इंजीनियर बनने की ओर बढ़े छात्र**

दंतेवाड़ा/बस्तर/नवप्रदेश। एनएमडीसी-समर्थित छू लो आसमान : दंतेवाड़ा के वंचित परिवारों के छात्रों ने 9 एमबीबीएस, 2 बीडीएस सीटें हासिल कीं, पहली पीढ़ी के डॉक्टर और इंजीनियर के तौर पर प्रोफेशनल कॉलेजों में दाखिला लिया दंतेवाड़ा के छात्रों की एनईईटी में सफलता के बाद हुई काउंसलिंग के पहले दौर ने एनएमडीसी के सहयोग से चल रही 'छू लो आसमान' पहल को नई पहचान दिलाई है, जिसमें अब तक मेडिकल प्रवेश परीक्षा पास करने वाले 22 छात्रों में से 11 छात्रों ने एमबीबीएस में नौ और बीडीएस में दो सीटें हासिल की हैं । सफल छात्रों ने दंतेवाड़ा में आवासीय कोचिंग कार्यक्रम में शुरू हुई यात्रा में अगला कदम रखते हुए मेडिकल कॉलेजों में अपनी पढ़ाई शुरू कर दी है । शेष छात्रों के लिए काउंसलिंग अभी भी जारी है ।

इस पहल से जुड़े दो अन्य छात्र, जिन्होंने जेईई परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्होंने एनआईटी रायपुर में जैव प्रौद्योगिकी और खनन में बी.टेक कार्यक्रमों में दाखिला लिया है ।

वंचित परिवारों के छात्रों के लिए प्रोफेशनल शिक्षा की नई राह

छात्रों और उनके परिवारों के लिए, दाखिला का अर्थ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता से कहीं अधिक है । एक सामान्य श्रेणी के छात्र को छोड़कर, सभी सफल उम्मीदवार अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय से हैं । अधिकांश आर्थिक रूप से वंचित परिवारों से आते हैं, जिनके माता-पिता खेती या कृषि मजदूरी का कार्य करते हैं । कई लोगों के लिए, व्यावसायिक शिक्षा में प्रवेश पाना उनके परिवार में इस तरह की पहली उपलब्धि है । प्रवेश पाने वालों में 21 वर्षीय दीपा मरकाम भी शामिल हैं, जिन्होंने एनईईटी में 412 अंक प्राप्त करने के बाद छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सीआईएमएस), बिलासपुर में एमबीबीएस कार्यक्रम में प्रवेश लिया है । दंतेवाड़ा के पोटाली की निवासी दीपा एक दूर-दराज के इलाके से आती हैं, जहां स्वास्थ्य-सेवा तक पहुंच एक चुनौती बनी हुई है । हिंसा से बुरी तरह प्रभावित एक गाँव में पले-बढ़े होने के कारण, जहां लोगों को डॉक्टर तक पहुंचने के लिए घंटों यात्रा करनी पड़ती है, मैं जानती हूँ कि हमारे क्षेत्र को स्वास्थ्य-सेवा की कितनी सख्त जरूरत है । अब जब मैंने अपनी मेडिकल सीट हासिल कर ली है, तो मेरा मिशन अपने गृह-नगर लौटना है और अपने लोगों के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करना है, जिन्होंने बहुत लंबे समय तक कष्ट सहा है, मरकाम ने कहा ।

2011 से जारी है 'छू लो आसमान' की शैक्षणिक यात्रा

'छू लो आसमान' के तहत नवीनतम दाखिले प्रोफेशनल शिक्षा परिणामों के लंबे रिकॉर्ड में वृद्धि करते हैं । 2011 में दंतेवाड़ा जिला प्रशासन और एनएमडीसी की एक संयुक्त पहल के रूप में शुरू किया गया यह कार्यक्रम राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करता है । दंतेवाड़ा जिले के कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्रों के लिए एक प्रतियोगी प्रवेश-परीक्षा के माध्यम से छात्रों का चयन किया जाता है । चयनित लोगों को कक्षा 9 से कक्षा 12 तक रहने की सुविधा, यूनिफॉर्म, अध्ययन-सामग्री और अन्य आवश्यक सहायता के साथ-साथ निरंतर कोचिंग भी दी जाती है ।

इस कार्यक्रम के तहत कक्षा 9 से कक्षा 12 वीं तक प्रत्येक कक्षा में 80 बालक और 80 बालिकाओं को वार्षिक प्रवेश दिया जाता है । 'छू लो आसमान' के तहत अब तक 7,140 छात्र पढ़ाई समाप्त कर चुके हैं, जिसमें लगभग 3.7 करोड़ रुपये का वार्षिक परिचालन व्यय और अब तक 19.63 करोड़ रुपये का कुल व्यय हुआ है ।

इस पहल के माध्यम से सहायता प्राप्त छात्र बी.टेक/बी.ई., बी.फार्मा, बी.एससी.-नर्सिंग, पॉलीटेक्निक, कृषिविज्ञान, एमबीबीएस और पशु-चिकित्सा विज्ञान सहित प्रोफेशनल पाठ्यक्रम में पढ़ाई कर रहे हैं और साथ ही एनआईटी और आईआईटी जैसे प्रमुख संस्थानों में भी दाखिला ले रहे हैं ।

डिजिटल सेवा ने आसान की राह, बेबी अग्रवाल को महज एक दिन में मिला आय प्रमाण पत्र

एमसीबी/नवप्रदेश। शासकीय सेवाओं के लिए लंबी प्रक्रिया और कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय अब डिजिटल माध्यम नागरिकों की राह आसान कर रहे हैं। सेवा संकल्प अभियान 2026 के दौरान ऐसा ही सुखद अनुभव मनेन्द्रगढ़ विकासखंड निवासी बेबी अग्रवाल को हुआ। उन्होंने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया और महज एक दिन में उनका आय प्रमाण पत्र बनकर तैयार हो गया। कम समय में आवश्यक दस्तावेज मिलने से बेबी अग्रवाल बेहद प्रसन्न हैं। उनका अनुभव बताता है कि तकनीक आधारित सेवाएं किस तरह आम नागरिकों के समय और मेहनत की बचत करते हुए शासकीय सेवाओं तक पहुंच को सरल एवं सुविधाजनक बना रही हैं।

सेवा सेतु से शासकीय सेवाओं तक पहुंच हुई आसान

सेवा सेतु जैसे डिजिटल माध्यमों के जरिए नागरिक विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के साथ आवेदन की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। इससे सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से नागरिकों तक पहुंचाने में मदद मिल रही है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से भी आम नागरिकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। शिविरों में प्रमाण पत्र संबंधी सेवाओं के साथ आवास, आयुष्मान कार्ड, कृषि एवं किसान कल्याण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

आवेदन किया और अगले ही दिन मिला प्रमाण पत्र

बेबी अग्रवाल बताती हैं कि आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर उन्होंने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया उनके लिए आसान रही और सबसे बड़ी राहत तब मिली, जब महज एक दिन में आय प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। उन्होंने कहा कि कम समय में प्रमाण पत्र मिलने से उनका जरूरी काम समय पर पूरा हो सका। ऑनलाइन व्यवस्था के कारण अनावश्यक भागदौड़ से भी राहत मिली। त्वरित सेवा ने न केवल उनका समय बचाया, बल्कि डिजिटल माध्यम से उपलब्ध शासकीय सेवाओं के प्रति भरोसा भी बढ़ाया।

जनदर्शन में नागरिकों ने रखीं समस्याएं कलेक्टर ने दिए निराकरण के निर्देश

'दूरस्थ अंचलों से पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को संवेदनशीलता से कार्रवाई के निर्देश'

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले के दूरस्थ एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आवेदकों से संवाद कर उनके प्रकरणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में वनपट्टा संबंधी जांच, मानदेय, त्रुटि सुधार, भूमि कब्जा हटवाने, पशु शेड निर्माण के लिए सहायता, शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा रिकॉर्ड दुरुस्ती सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती यादव ने अधिकारियों को आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन शासन और नागरिकों के बीच सीधे संवाद का माध्यम है। इसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखते हैं और संबंधित विभागों को उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं।

छूटे एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान शुरू

कांकेर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के सतत अद्यतनीकरण के अंतर्गत छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य ऐसे युवा एवं पहली बार पात्र बने मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। अभियान के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) द्वारा घर-घर भ्रमण कर पात्र नागरिकों की जानकारी ली जाएगी तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा सभी पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

गुरूवार को पूरे जिले में होगा रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन, निर्देश जारी

'वीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत कार्ययोजना तैयारी'

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले में इस माह की सात तारीख यानी गुरूवार को समस्त ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस, आवास दिवस एवं चावल उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस आशय के निर्देश कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव के द्वारा जारी किए गए हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री योगेन्द्र श्रीवास ने बताया कि ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले रोजगार दिवस के अंतर्गत कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

इसके तहत तकनीकी से आम लोगों का जुड़ाव, श्रमिकों को उनकी लाभप्रद योजनाओं के अंतर्गत आने वाली समस्याओं का निराकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। अकुशल श्रम से आगे निकलकर विकसित भारत के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए विकसित भारत जीरामजी योजना के अंतर्गत रोजगार दिवस पर विशेष गतिविधि की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि विकसित भारत ग्राम पंचायत प्लान के संबंध में ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर प्लान को अधिक प्रभावी एवं विस्तृत बनाने हेतु आवश्यक सुझाव जोड़े जाएंगे।

'प्रधानमंत्री आवास योजना प्रगति पर आंकलन'

रोजगार सह आवास दिवस पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को अनुकूल मौसम का लाभ लेते हुए शीघ्र पूर्ण कराने हेतु हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा कार्यों में आ रही समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास योजना, जनमन आवास योजना, विशेष परियोजना आदि के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण कराने हेतु हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

'स्वप्रकटीकरण के लिए क्यूआर कोड'

जिले की सभी 162 ग्राम पंचायतों में अब विकसित भारत जीरामजी तथा प्रधानमंत्री आवास जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में पारदर्शिता के लिए तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायत में लगाए गए स्वप्रकटीकरण क्यूआर कोड को अधिकाधिक ग्रामवासियों द्वारा स्कैन किए जाने हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा तथा इसकी जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

पीएम आवास और बालिका शौचालय निर्माण में तेजी लाने कहा-धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा, अपार आईडी का कार्य तेज करने के निर्देश

एग्रीस्टैक में किसानों के खसरे, फसल और रकबे का शत-प्रतिशत मिलान करें-कलेक्टर

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विभिन्न विभागों के कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को रकबे में कमी, खसरे छूटने अथवा फसल प्रविष्टि में त्रुटि जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और समिति प्रबंधकों को पंजीयन, एग्रीस्टैक और फसल मैपिंग का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पंजीकृत प्रत्येक किसान के सभी खसरों, फसलों और रकबे का एग्रीस्टैक में मिलान किया जाए। समिति प्रबंधक किसानों से संपर्क कर ऑपरेटरों के माध्यम से बी-1 में दर्ज खसरे एवं फसल की जांच कराएं। किसी भी पंजीकृत किसान का एक भी खसरा छूटना नहीं चाहिए। तहसीलदार एवं एसडीएम तहसीलवार और समितिवार प्रगति की नियमित समीक्षा करें। वनपट्टाधारी, डुबान, शासकीय भूमि एवं शासकीय पट्टाधारी किसानों के प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए भूमि विवरण, खसरे तथा अक्षांश-देशांतर की प्रविष्टियां पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।

'अपार आईडी का कार्य तेज करने के निर्देश'

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अपार आईडी के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों का नियमित निरीक्षण कर विद्यार्थियों की पढ़ाई की स्थिति की जानकारी लें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

'प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का करें व्यापक प्रचार'

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर ने एनआरएलएम और बिजली विभाग को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी तथा सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने से होने वाले लाभ की जानकारी दी जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नल-जल योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

'छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करें'

कलेक्टर ने आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारी को जिले के सभी छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने तथा विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती यादव ने सभी अधिकारियों को सेवा सेतु शिविर एवं जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर प्राथमिकता के साथ निराकरण करने कहा।

'पीएम आवास के अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराएं'

कलेक्टर ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृत आवासों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को तत्काल शुरू कराने तथा अधूरे आवासों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

11 राज्यों के 35 जिलों से 162 फिल्में, विजेताओं को 5.25 लाख रुपए का पुरस्कार

रायगढ़/नवप्रदेश। साइबर अपराधों के प्रति आमजन और विशेषकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रायगढ़ पुलिस द्वारा आयोजित साइबर जागृति अभियान के तहत लघु फिल्म प्रतियोगिता का समापन एवं सम्मान समारोह 3 अक्टूबर को संत बाबा प्रियदर्शी रामजी ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के साथ रायगढ़ पुलिस द्वारा तैयार साइबर जागरूकता फिल्म 'द साइबर ट्रैप' की स्क्रीनिंग भी की गई। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि डिजिटल दौर में साइबर अपराधों की चुनौती लगातार बढ़ रही है।

ऐसे में जागरूकता और सतर्कता ही डिजिटल सुरक्षा का मजबूत आधार है। उन्होंने युवाओं से स्वयं साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के साथ परिवार और समाज के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने साइबर जागरूकता के लिए एआई और आधुनिक तकनीक के उपयोग को सराहनीय बताते हुए कहा कि डिजिटल सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चले प्रदेशव्यापी साइबर जागृति अभियान के सात सप्ताह में रायगढ़ जिले में करीब दो लाख लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

इसी अभियान के तहत 'संकल्प : साइबर क्राइम मुक्त छत्तीसगढ़' थीम पर लघु फिल्म प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 11 राज्यों के 35 जिलों से 162 फिल्म प्रविष्टियां मिलीं। रूस से भी एक फिल्म की प्रविष्टि प्राप्त हुई। निर्णायक मंडल में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता निर्देशक मनोज वर्मा, फिल्मकार योगेंद्र चौबे और रंगकर्मी एवं फिल्म अभिनेता सुनील चिपड़े शामिल रहे।

साइबर जागृति अभियान में विजेताओं का सम्मान

साइबर जागृति अभियान के तहत आयोजित लघु फिल्म प्रतियोगिता में दो श्रेणियों के विजेताओं को कुल 5.25 लाख रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। 3 से 6 मिनट की श्रेणी में 'दूसर छोर' ने प्रथम, 'जरूरत' ने द्वितीय और 'गुपचुप ठेला' ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 1 से 3 मिनट की श्रेणी में 'एक्सेस लिंक' प्रथम, '1930' द्वितीय और 'गोल्डन आवर' तृतीय रही।प्रतियोगिता का उद्देश्य साइबर अपराधों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और डिजिटल सुरक्षा का संदेश प्रभावी तरीके से पहुंचाना रहा।

न्यूज गैलरी

एक गाय से शुरू हुआ सफर, आज 10 पशुधन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। ग्राम चटीरमा निवासी अगस्तु खाखा ने मेहनत और पशुपालन विभाग के मार्गदर्शन से अपनी आजीविका को मजबूत किया है। एक गाय से पशुपालन शुरू करने वाले अगस्तु आज 10 पशुओं के मालिक हैं। कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा से पशुधन बढ़ाने में उन्हें मदद मिली। वर्तमान में उनकी चार गायें दुग्ध उत्पादन कर रही हैं, जिनसे प्रतिदिन करीब 30 लीटर दूध प्राप्त होता है। चारा और अन्य खर्च निकालने के बाद उन्हें लगभग 15 हजार रुपए प्रतिमाह शुद्ध आय हो रही है। कृत्रिम गर्भाधान से प्राप्त चार गायों और दो बछड़ों को बेचकर वे करीब 1.60 लाख रुपए की अतिरिक्त आय भी अर्जित कर चुके हैं। अगस्तु के पास वर्तमान में चार दुधारू गायों के अलावा गर्भित बछियां और छोटे बछड़े-बछियां हैं। दो बछियां गर्भित हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की तकनीकी सलाह, कृत्रिम गर्भाधान और पशु देखभाल संबंधी मार्गदर्शन से पशुपालन को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने में मदद मिली है।

समूह से मिला एक लाख का सहारा दुकान से आत्मनिर्भर बनीं लाजो

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। स्व-सहायता समूह से मिले एक लाख रुपए के ऋण ने ग्राम लिबरा की लाजो के लिए स्वरोजगार का रास्ता खोल दिया। खेती-बाड़ी नहीं होने के कारण परिवार के लिए आय का स्थायी साधन जुटाना उनके लिए चुनौती थी। समूह से जुड़ने के बाद मिले ऋण से उन्होंने दुकान और ठेला शुरू किया। अब इसी व्यवसाय से होने वाली आमदनी से वे परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं। चार सदस्यीय परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहीं लाजो बताती हैं कि व्यवसाय से प्राप्त आय से घर का खर्च चलाने के साथ समूह से लिए गए ऋण की मूल राशि और ब्याज भी चुका रही हैं। स्वरोजगार ने उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। लाजो का कहना है कि समूह से मिली सहायता केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर भी है।

पीजी कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता में दिखी सेवा और राष्ट्रप्रेम की झलक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग' की भावना पर आधारित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के जरिए सेवा, राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश को कैनवास पर उकेरा। प्रतिभागियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता, जनसेवा और विकसित भारत जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए। कलाकृतियों में राष्ट्र निर्माण के साथ नागरिक जिम्मेदारियों और सामाजिक सहभागिता की झलक दिखाई दी। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए सेवा भावना, अनुशासन, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के मूल्यों से जोड़ना रहा। आयोजन के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने विशेष अभियान

रायगढ़/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में अक्टूबर 2026 में मतदाता पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों के साथ नए पात्र युवा मतदाताओं का पंजीकरण किया जाएगा। निर्वाचन विभाग का उद्देश्य जिले के किसी भी पात्र नागरिक को मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहने देना है। अभियान के दौरान ऐसे नागरिक भी अपना नाम जुड़वा सकेंगे, जो किसी कारणवश अब तक पंजीकरण नहीं करा पाए हैं। निर्वाचन विभाग ने पात्र नागरिकों से अभियान का लाभ उठाकर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करने की अपील की है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए पात्र नागरिक ECINET मोबाइल ऐप या भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in के माध्यम से फॉर्म-6 में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

शिविर में बना बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत दरिमा तहसील में आयोजित सेवा सेतु शिविर में ग्राम कोटया निवासी राकेश कुमार अग्रवाल की समस्या का समाधान हुआ। उन्होंने अपने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए शिविर में आवेदन किया था। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया गया।

पर्यटन मंत्री ने कहा - मोदी का सरगुजा, बस्तर से विशेष लगाव

पीएम मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष गिनाई विकास की उपलब्धियां

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी सरगुजा संभाग द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'छत्तीसगढ़ को मिली सौगात' विषय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मंगलवार को रिंग रोड स्थित होटल पर्पल ऑर्किड में आयोजित इस पत्रकार वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसौदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह तथा जिला संवाद प्रमुख रुपेश दूबे सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में प्रशासनिक बागडोर संभाली थी। तब से लेकर आज तक वे निरंतर देश सेवा में समर्पित हैं। उन्होंने बताया कि संगठन के दिनों से ही प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर और सरगुजा अंचल से गहरा लगाव रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र से आज प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंच रही हैं।

आवास, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा मजबूत मंत्री ने बताया कि प्रदेश में औसतन 1,600 पीएम आवास रोज बन रहे हैं। 30 मार्च 2025 को 3 लाख तथा 1 नवंबर 2025 को 3.51 लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। उज्जवला योजना से 39 लाख से अधिक महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है, वहीं जल जीवन मिशन के तहत 41 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों के घरों तक नल से पानी पहुंचा है। आयुष्मान भारत योजना का विस्तार कर 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 5 लाख तक का सालाना स्वास्थ्य कवच प्रदान किया गया है। किसानों व युवाओं को आर्थिक मजबूती 'पीएम किसान सम्मान निधि' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 25 लाख से अधिक किसानों के खातों में 11,277 करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है। मुद्रा योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना के जरिए स्थानीय युवाओं और कारीगरों को स्वरोजगार के अवसर मिले हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में प्रदेश में 51,000 करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाएं संचालित हैं और अमृत भारत योजना के तहत 32 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है।

सरगुजा अंचल को बड़ी सौगातें

हवाई व रेल सेवाः अंबिकापुर से दिल्ली रेल सेवा अब आज से सप्ताह में दो बार चलने लगेगी, 'अंबिकापुर-रायपुर-प्रयागराज-दिल्ली' नई फ्लाइट सेवा शीघ्र शुरू होगी। सड़कों का कायाकल्पः पत्थलगांव व रामानुजगंज मार्गों का निर्माण जारी है। बारिश समाप्त होने के बाद 15 अक्टूबर से गड्ढामुक्त सड़कों के लिए डामरीकरण का काम सभी मुख्य मार्गों में युद्धस्तर पर आरंभ होगा। कानून व्यवस्थाः शहर में क़ानून व्यवस्था मजबूत होगी, सोशल मीडिया में व्यक्तिगत छींटाकशी व भ्रामक प्रचार करने वालों के खिलाफ निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, 7 टीपर जब्त

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में अवैध रेत एवं मुरूम उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। विभागीय अमले ने जांच के दौरान अवैध रेत परिवहन करते पाए गए कुल 7 टीपर वाहनों को जब्त किया है।

वहीं लुचकी घाट में अवैध मिट्टी एवं मुरूम उत्खनन के पुराने मामले में 42 लाख 68 हजार 160 रुपए का अर्थदंड आरोपित किया गया है। 4 और 05 अक्टूबर को समाचार माध्यमों में रेड नदी से अवैध रेत उत्खनन और लुचकी घाट में मुरूम उत्खनन से संबंधित खबरें प्रकाशित होने के बाद खनिज विभाग की टीम ने संबंधित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उदयपुर क्षेत्र स्थित रेड नदी में जांच के दौरान मौके पर अवैध उत्खनन नहीं मिला। हालांकि रास्ते में रेत का अवैध परिवहन करते पाए गए 2 टीपर वाहनों को जब्त कर थाना लखनपुर की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। इसके अलावा 5 अन्य टीपर वाहन भी अवैध रेत परिवहन के मामले में जब्त किए गए हैं, जिन्हें कलेक्टर कार्यालय परिसर अम्बिकापुर में रखा गया है। लुचकी घाट में पूर्व में हुए अवैध मिट्टी एवं मुरूम उत्खनन के मामले में एक जेसीबी, 2 हाईवा और एक एक्सकेवेटर जब्त कर पुलिस लाइन अम्बिकापुर की अभिरक्षा में सौंपे गए थे। इस प्रकरण में अवैध उत्खननकर्ता फैजुल फिरदौसी, निवासी नवागढ़ अम्बिकापुर के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत 42 लाख 68 हजार 160 रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

मैनपाट में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा ओलंपिक 2026 के अंतर्गत मंगलवार को जनपद पंचायत मैनपाट के स्टेडियम ग्राउंड नर्मदापुर में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में मैनपाट विकासखंड के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, 4×100 मीटर रिले रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद सहित फुटबॉल एवं कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं को लेकर खिलाड़ियों के साथ ग्रामीणों में भी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, जनपद पंचायत मैनपाट अध्यक्ष संतोषी पैकरा, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, श्रीराम यादव, रजनीश पाण्डेय, जमुना यादव, सूरजु यादव, ग्राम पंचायत नर्मदापुर के उप सरपंच सोनू अग्रवाल, कुंजबिहारी गुप्ता, जनपद सदस्य प्रतिनिधि धीरज राम, मोहित नामदेव एवं मनोज यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने एकजुटता पर दिया जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा के प्रथम मुंगेली आगमन पर सोमवार को महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए स्कूटी रैली निकालकर उनका स्वागत किया।

बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की मौजूदगी से शहर में कांग्रेस के महिला संगठन की सक्रियता नजर आई। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह रहा। स्वागत कार्यक्रम के बाद आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने संगठन की वर्तमान गतिविधियों, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट तौर पर संगठन को केवल कार्यक्रमों तक सीमित रखने के बजाय बूथ और ब्लॉक स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। महिला सुरक्षा, अधिकार, सामाजिक भागीदारी, रोजगार तथा स्थानीय स्तर पर महिलाओं की समस्याओं को लेकर संगठन को लगातार जनता के बीच सक्रिय रहना होगा।

उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने और कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया।

अम्बिकापुर से दिल्ली के लिए अब सप्ताह में दो दिन ट्रेन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा संभाग के यात्रियों को बड़ी रेल सुविधा मिली है। अम्बिकापुर से हजरत निजामुद्दीन के बीच चलने वाली एक्सप्रेस अब सप्ताह में दो दिन संचालित होगी।

सांसद चिंतामणि महाराज ने मंगलवार को अम्बिकापुर स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गाड़ी संख्या 22407 अब प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को सुबह 7.30 बजे अम्बिकापुर से रवाना होगी। वापसी में 22408 हजरत निजामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रविवार और मंगलवार को रात 11 बजे चलेगी। सांसद ने कहा कि अतिरिक्त फेरे से दिल्ली जाने वाले विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों को सुविधा मिलेगी। डीआरएम राकेश रंजन ने बताया कि स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म, रेल लाइन विस्तार और बड़े एफओबी समेत यात्री सुविधाओं का विकास कार्य जारी है।

ऑनलाइन फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया की दी जानकारी

सक्ती/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा जिला सक्ती कलेक्टर जयश्री जैन एवं प्रभारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश सिंह राजपूत के निर्देशानुसार विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ECINET APP के माध्यम से चिन्हांकित संस्थाओं के नोडल अधिकारियों एवं प्राचार्यों के ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रो. सोमेश कुमार घिटोड़े, सहायक प्राध्यापक, प्रो. प्रशांत बनाफर, सहायक प्राध्यापक विजय पांडे, व्याख्याता एवं चित्रसेन दिनेश, व्याख्याता द्वारा बताई गई।

इस अवसर पर शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ती के छात्र-छात्राओं को नवीन मतदाता के रूप में फॉर्म-6 ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया के संबंध में प्रो. सोमेश कुमार घिटोड़े, सहायक प्राध्यापक एवं जिला मास्टर ट्रेनर द्वारा जानकारी दी गई। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को अपना पंजीयन कर मतदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी संस्थाओं में निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर निर्वाचन कार्यालय के सहायक प्रोग्रामर श्रवण गभेल, संबंधित अधिकारी कर्मचारी, प्राचार्य, छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar- 492002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400
Website : www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Short Tender Notice

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender for following works :

NIT No : 39/PSRM/EEC-III/CE/NRANVP/2026-27,
Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated :01.10.2026

Name of Work : "Providing, Supply, Repairing and maintenance of Infrastructure work and other road amenities at various locations of Nava Raipur Atal Nagar, Raipur (C.G.)". (Short Tender)

Estimated cost : **INR 4.00 Crs.**, EMD: **INR 4.00 Lakhs**, Period of Completion: **24 Months**

Last Time & Date of Online Submission: 14.00 hrs on 16.10.2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Engineer-in-Chief
NRANVP
S- 49317/1

कार्यालय नगर पालिक निगम,
रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 3156/न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 06/10/2026

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउन लोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
01	201091	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में लगे विद्युत पोलों का स्पिस्टिंग कार्य।	40.00	28.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी,
जिला रायगढ़ (छ.ग.)

दावा-आपत्ति

1. बच्चे का नाम :- पार्वती
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :- 02.10.2024
3. संस्था :- विशिष्ट दत्तक ग्रहण आभिकरण रायगढ़ (छ.ग.)
4. रंग :- सांवला
5. उम्र :- 07 दिवस लगभग

बाल कल्याण समिति रायगढ़ के आदेश क्रमांक 266 / बा.क.स./2026-27 / रायगढ / दिनांक 02/10/2026 के द्वारा उक्त बालिका को अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण आभिकरण रायगढ़ (छ.ग.) में रखा गया हैं।

सर्व संबंधित को जो बालिका के वैधानिक पालक / अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते हैं वो प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला रायगढ़ अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण रायगढ़ (छ.ग.) में दावा आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी।
यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
जिला बाल संरक्षण इकाई
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
जी-262703757/2 **दूरभाष क्र 8824939141**

साइबर जागरूकता में मुंगेली जिले ने प्रदेश में पांचवा स्थान हासिल किया

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश के 34 जिलों में मुंगेली ने हासिल किया 5वां स्थान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के कुशल नेतृत्व व जिले की पुलिस टीम के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप मुंगेली जिले ने पूरे प्रदेश में अपनी मजबूत छाप छोड़ी है।

छत्तीसगढ़ के सभी 34 जिलों में चलाए गए इस महाअभियान में जिला मुंगेली ने जागरूकता कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन एवं जन-सहभागिता के आधार पर पूरे प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त किया है। आज के डिजिटल युग में मोबाइल और इंटरनेट जहां आमजन की दिनचर्या को सुगम बना रहे हैं, वहीं साइबर अपराध के नए-नए तौर-तरीके भी चुनौती बन रहे हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए गए राज्यव्यापी ÷साइबर जागृति अभियान÷ के अंतर्गत जिला मुंगेली में 15 अगस्त से 02 अक्टूबर तक सात सप्ताह का सघन एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। एसएसपी भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में मुंगेली पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा को केवल किसी एक वर्ग तक सीमित न रखकर बच्चों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, किसानों, व्यापारियों, श्रमिकों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों तक पहुंचाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराध घटित होने के बाद की कार्रवाई के साथ-साथ, अपराध होने से पूर्व ही नागरिकों को सतर्क और सुरक्षित बनाना रहा। पुलिस टीमों ने प्रत्यक्ष संवाद, जनचौपाल, शैक्षणिक संस्थानों, बैंकिंग व वित्तीय संस्थानों, ग्राम पंचायतों तथा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर आमजन को आवश्यक डिजिटल सावधानियों से अवगत कराया।

18 लाख लोगों तक पहुंचा सुरक्षा संदेश

मुंगेली पुलिस ने सात सप्ताह तक चलाए गए साइबर जागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों एवं नागरिकों को अनजान लिंक, संदिग्ध एप, कमजोर पासवर्ड, ओटीपी और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों में फर्जी बैंक अधिकारी, क्यूआर कोड, ओटीपी और वित्तीय जानकारी साझा करने से होने वाली ठगी के प्रति लोगों को सावधान किया गया।

न्यूज गैलरी

350 दिव्यांगजनों को 60 लाख के सहायक उपकरण वितरित

रायगढ़/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को सिन्दूर पार्क में नशामुक्त भारत अभियान एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने 350 दिव्यांगजनों को करीब 60 लाख रुपए की लागत के विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए। इनमें मोटराइज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, वॉकिंग स्टिक, ब्रेल किट, स्मार्टफोन और अन्य उपकरण शामिल रहे। वित्त मंत्री ने युवाओं से नशे और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से दूर रहने तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षा, खेल और कौशल विकास के साथ स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। नशामुक्त जीवन की दिशा में आगे बढ़ रहे प्रदीप पुरी गोस्वामी और गुरु चरण मिश्रा को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वित्त मंत्री ने सिन्दूर पार्क में स्थायी मंच निर्माण की घोषणा भी की। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और महापौर जीवर्धन चौहान ने नशे के खिलाफ जागरूकता को घर-घर तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

रिफॉर्म उत्सव में ग्रामीणों को दी डिजिटल भू-अभिलेखों की जानकारी

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में 'रिफॉर्म उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के डिजिटल भू-अभिलेख सुधारों को लेकर ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इसे 2 अक्टूबर से शुरू हुए 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान की ग्राम सभाओं के साथ जोड़ा गया है। ग्राम सभाओं में राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को डिजिटल भू-अभिलेख, ऑनलाइन राजस्व सेवाओं और अभिलेखों में पारदर्शिता की जानकारी दी जा रही है। साथ ही सुधारों पर आधारित लघु फिल्म और वीडियो क्लिप का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील रायगढ़ के ग्राम टारपाली में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों को ऑनलाइन राजस्व सेवाओं की जानकारी दी गई। किसानों और ग्रामीणों को निःशुल्क बी-1 एवं खसरा की प्रिंट प्रतियां भी वितरित की गई। अधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन अभिलेखों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करना अब अधिक सरल और सुविधाजनक हो गया है।

भाटापारा आंगनबाड़ी केंद्र को मिला अपना भवन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। विकसित भारत-जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायत चठिरमा के बढ़निझरिया स्थित भाटापारा आंगनबाड़ी केंद्र का नया भवन 11.69 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार हो गया है। पहले केंद्र किराए के दो छोटे कमरों में संचालित होता था, जिससे बच्चों की पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में परेशानी होती थी। नए भवन में बच्चों को पर्याप्त और सुरक्षित स्थान के साथ खुशनुमा वातावरण मिल रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमित्रा व्यापारी के अनुसार केंद्र में 3 से 6 वर्ष आयु के 22 और 6 माह से 3 वर्ष के 38 बच्चे, कुल 60 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा 8 शिशुवती और 9 गर्भवती माताएं भी सेवाओं से जुड़ी हैं। केंद्र में नियमित पोषण आहार और स्वास्थ्य-सफाई संबंधी जानकारी दी जा रही है। भवन निर्माण से ग्रामीणों को भी रोजगार मिला। निर्माण कार्य में 439 मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ।

कच्ची झोपड़ी से पक्के घर तक पहुंचा रोन्हू का परिवार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना (ग्रामीण) ने विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह के सदस्य रोन्हू पिता सोनसाय, निवासी ग्राम पंचायत ससौली, जनपद पंचायत लुण्ड्रा के परिवार के जीवन में बदलाव लाया है।

वर्ष 2023-24 में योजना के तहत 2 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से बने पक्के आवास ने परिवार को सुरक्षित और स्थायी छत उपलब्ध कराई है।पहले परिवार कच्ची झोपड़ी में रहता था। बारिश में छत से पानी टपकने, तेज हवाओं में मकान क्षतिग्रस्त होने और ठंड के दौरान सुरक्षा की चिंता बनी रहती थी। पक्का मकान बनने के बाद परिवार को हर मौसम में राहत मिली है। अब झोपड़ी की बार-बार मरम्मत और घास-फूस बदलने का खर्च भी नहीं उठाना पड़ता।

कार्यक्रम का प्रमुख आयोजन कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रातः 9 बजे से किया जाएगा

ज्योति यात्रा आज, पीएम मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण की तैयारी

मुंगेली/नवप्रदेश। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सेवा ज्योति यात्रा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन के सीधे प्रसारण की तैयारी को लेकर भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का प्रमुख आयोजन कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रातः 9 बजे से किया जाएगा।

बैठक में विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेश पाठक एवं गिरीश शुक्ला, जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा तथा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहकर कार्यक्रम तैयारी की जानकारी साझा की। बैठक में सेवा ज्योति यात्रा एवं प्रधानमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिले के सभी 11 मंडल अध्यक्षों सहित भाजपा युवा मोर्चा एवं अन्य मोर्चो के पदाधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक सहभागिता एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पथरिया चित्ररेखा जांगड़े, देवचरण भास्कर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं मुंगेली ग्रामीण मंडल प्रभारी सुनील पाठक, जिला उपाध्यक्ष एवं सरगांव मंडल प्रभारी हरिशंकर वर्मा, जरहागांव मंडल प्रभारी मोहन भोजवानी, मुंगेली नगर मंडल प्रभारी पवन पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष एवं सेतगंगा मंडल प्रभारी सोम वैष्णव, जिला भाजपा प्रवक्ता मिट्ठूलाल यादव, जिला कार्यालय मंत्री कोटुमल दादवानी, शैलेन्द्र तिवारी, जिला मंत्री पायल विश्वकर्मा, सरगांव मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, पथरिया मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, मन्नूलाल श्रीवास्तव, राजेश्वर टंडन, जीवन पटेल, यश गुप्ता, पवन मिश्रा, घनश्याम यादव सहित युवा मोर्चा के जिला महामंत्री द्वय एवं भाजपा तथा युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा पदाधिकारियों की बैठक हुई

अटल परिसर स्थित जिला भाजपा कार्यालय में 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सेवा ज्योति यात्रा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन के सीधे प्रसारण की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक हुई। मुख्य कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण में सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा।

माही ने राष्ट्रीय नृत्य स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया

मुंगेली/नवप्रदेश। भिलाई के एसएनजी स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित अंतर-विद्यालयीन एवं ओपन नेशनल प्रतियोगिता 'स्वरंगना 2026' का भव्य समापन हुआ। 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित इस तीन दिवसीय ऑल इंडिया कॉम्पिटिशन में देशभर से आए प्रतिभावान कलाकारों ने भाग लेकर अपने कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ के भिलाई में आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में माही (अंकिता) पाठक ने अपनी उत्कृष्ट नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना एवं परिजनों का और मुंगेली क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जी.आर. डांस स्टूडियो द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय मंच पर डांस, सिंगिंग, इंस्ट्रूमेंटल और ड्राइंग जैसी कलात्मक विधाओं में क्लासिकल एवं नॉन-क्लासिकल श्रेणी के तहत भव्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। माही पाठक ने इस राष्ट्रीय स्तर के मंच पर अपने उत्कृष्ट कथक नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया और खूब तालियां बटोरी।

माही के कथक नृत्य कला की इस शानदार उपलब्धि पर उनके पापा सतीश पाठक राजू,मम्मी स्वीटी पाठक सहित पूरे पाठक परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है। परिजनों बड़े पापा सुनील पाठक एवं बड़ी मम्मी रजनी पाठक ने बताया कि माही की शुरू से ही नृत्य व चित्रकला आदि कलात्मक विधाओं में विशेष रुचि रही है और उसकी इस मेहनत व सफलता पर पूरा पाठक परिवार गौरवान्वित है। भिलाई के मंच पर आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा माही को स्मृति चिन्ह (ट्रॉफी) एवं प्रथम स्थान का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। माही (अंकिता) की इस गौरवमयी सफलता पर परिजनों, शुभचिंतकों एवं मुंगेली के कला प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

कोटकताल में पंडाल निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप

कोटकताल/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत जमगहना के अंतर्गत ग्राम कोटकताल स्थित माध्यमिक शाला के समीप कराए जा रहे पंडाल निर्माण कार्य में तकनीकी एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं।

प्रकरण को लेकर उच्चस्तरीय एवं स्वतंत्र तकनीकी जांच कराए जाने की मांग की गई है। शिकायत के अनुसार उक्त निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत जमगहना को निर्माण एजेंसी बनाया गया है। निर्माण स्थल पर प्रयुक्त सामग्री, स्वीकृत प्राक्कलन, तकनीकी अभिकल्प एवं वास्तविक निर्माण कार्य के मध्य सामंजस्य की जांच की मांग की गई है। शिकायत में लाल ईंट के उपयोग, पूर्वनिर्मित दीवार अथवा संरचना को नवीन निर्माण में सम्मिलित किए जाने तथा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप कार्य निष्पादन नहीं होने की आशंका की जांच कराने का अनुरोध किया गया है। इसके अतिरिक्त स्वीकृत प्राक्कलन में निर्धारित मात्रा तथा स्थल पर निष्पादित वास्तविक निर्माण का पुनर्मापन कराने, मापन पुस्तिका, देयक, भुगतान अभिलेख एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों का भौतिक निर्माण से मिलान कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं संरचनात्मक सुरक्षा के परीक्षण हेतु स्थानीय स्तर के अधिकारियों के स्थान पर स्वतंत्र एवं सक्षम तकनीकी अधिकारियों के बाह्य जांच दल का गठन किए जाने की मांग की है।

पितरों की स्मृति में बरगद, पीपल के पौधे रोपे गए

मुंगेली/नवप्रदेश। पितरों की पुण्य स्मृति को चिरस्थायी बनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से होल्हाबाग नवयुवा समिति, बांकी द्वारा 20 बरगद एवं पीपल के पौधों का रोपण किया गया।

रोपित सभी पौधों को ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित किया गया, ताकि वे संरक्षित होकर आने वाले वर्षों में विशाल वृक्ष का रूप ले सकें। इस अवसर पर समिति के संस्थापक रामपाल सिंह ने कहा कि ÷वृक्ष लगाना स्वयं में एक पुण्य कार्य है, लेकिन जब बरगद और पीपल जैसे जीवनदायी वृक्ष पितरों के निमित्त लगाए जाते हैं, तो यह श्रद्धा, संस्कार और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का सुंदर संगम बन जाता है।÷ इस अवसर पर संस्था के संस्थापक रामपाल सिंह, संयोजक नागेश साहू, अध्यक्ष पवन निर्मलकर, उपाध्यक्ष मयंक कैवर्त, पिंटू पूरी, योगेंद्र गोस्वामी, पर्यावरण प्रभारी रिंकू यादव, अमित गिरी, योगेंद्र साहू, रंजीत गोस्वामी, मोनू साहू, पिंटू यादव, भूपेंद्र निर्मलकर, यशवंत साहू, युवराज सिंह, लोकेश साहू, भावेश गोस्वामी, गुडू निर्मलकर सहित होल्हाबाग नवयुवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

ऑपरेशन आघात में जूटमिल पुलिस की कार्रवाई, 5 आरोपियों पर केस

रायगढ़/नवप्रदेश। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत जूटमिल पुलिस ने 48 घंटे में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों से कुल 315 पाव और 11 बोतल शराब जब्त की।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 56.605 लीटर अवैध शराब और बिक्री की रकम भी बरामद की। पुलिस के अनुसार संत विनोबा नगर से स्वपनेन्द्र कुमार दत्ता, कयाघाट से आनंद टंडन, डिपापारा से पुरोहित भारद्वाज, झोपड़ीपारा से खेमनाथ साव और फटहामुड़ा से घनश्याम राजभर को शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा कयाघाट मुक्तिधाम के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते मिले पांच लोगों के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम की धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई।

अग्रसेन जयंती : बिना आग के तैयार किए स्वादिष्ट व्यंजन

बाराद्वार/नवप्रदेश। 59वें अग्रसेन जयंती समारोह के अंतर्गत अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें समाज की महिलाओं एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बिना गैस या आग का उपयोग किए आकर्षक और स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 15प्रतिभागियों ने रचनात्मकता का परिचय देते हुए अलग-अलग प्रकार के व्यंजन तैयार किए थे,

इस दौरान व्यंजनों की स्वाद, सजावट, प्रस्तुति एवं रचनात्मकता के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें आकृति सिंघानिया द्वारा बनाया गया दिवाना मस्ताना सेंडविच को प्रथम स्थान मिला एवं अंशिका जिंदल द्वारा बनाये गये पान चमचम व आरनव कलानोरिया के द्वारा तैयार की गई हेल्थी वेजिटेबल सुशी दोनो प्रतियोगीयो का दूसरा स्थान मिला। सभी 15 प्रतियोगियो ने बिना आग के तैयार किए गए व्यंजनों को आकर्षक ढंग से सजाकर प्रस्तुत किया गया था, जिसकी उपस्थित सभी लोगो एवं महिलाओ ने सराहना की। आयोजकों ने बताया कि अग्रसेन जयंती समारोह के माध्यम से समाज के बच्चों, युवाओं और महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। प्रतियोगिताओं में समाज के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं, जिससे पूरे समारोह में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

11 अक्टूबर को मुख्य समारोह में होंगे सम्मानित - अग्रसेन जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित जलेबी दौड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माधव सिंघानिया ने हासिल किया एवं द्वितीय स्थान अनमोल अग्रवाल को मिला। वही मेंढक दौड में प्रथम पार्थ अग्रवाल एवं द्वितीय अराध्य सिंघानियां रहे। इसी प्रकार फायरलेस कुकिंग में आकृति सिंघानिया को प्रथम स्थान मिला एवं दूसरे स्थान पर अंशिका जिंदल व आरनव कलानोरिया 2 प्रतियोगी रहे।

पेज 1 का शेष...

किसानों को बड़ी राहतः धान...

समितियों में बेच पाते। इस आदेश के बाद प्रदेशभर के किसानों में सह खातेदारों द्वारा एग्रीस्टेक पंजीयन की होड़ सी मच गई थी। इस चक्कर में किसान हलाकान भी होते रहे। प्रदेश में लाखों की संख्या ऐसे महिला सह खातेदारों की भी, जिनका विवाह हो चुका है और वे अन्यत्र निवास कर रहीं हैं।

कितने किसानों ने कराया पंजीयन, इसका रिकॉर्ड नहीं

सभी सह-खातेदारों का पंजीयन जरूरी किए जाने के बाद बड़ी संख्या में किसान एग्रीस्टेक पंजीयन केंद्रों पर पहुंचे। हालांकि, प्रदेश में अब तक कितने खातों के सभी सह-खातेदारों का पंजीयन पूरा हुआ और कितने खाते इससे अभी छूटे हैं, इसका विभाग के पास कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

वट वृक्ष के नीचे राहुल-प्रियंका...

आयुक्तों से मिलना चाहते थे। पुलिस ने हमें रोका। चुनाव आयोग से 50 गज दूर बैठाकर रखा है, हमें जाने नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार डरे हुए हैं। अगर जनप्रतिनिधियों से चुनाव आयोग नहीं मिलेगा तो लोकतंत्र का क्या मतलब है।

भारत में दो साल के भीतर...

ज्वाइंट वेंचर में संभव होगा और उनका दावा कि देश में यह पूरा इकोसिस्टम तेजी से बढ़ता जा रहा है। हालांकि, उन्होंने इससे ज्यादा कुछ भी खुलासा नहीं किया है। नायडू के मुताबिक एयरलाइंस कंपनियों के 1,600 से ज्यादा विमानों के ऑर्डर हैं, जिसकी कीमत 100 बिलियन डॉलर अनुमानित है। उन्होंने एविएशन सेक्टर में मैन्युफैक्चरिंग के लिए बेहतरीन मटेरियल के इस्तेमाल और सक्षम लोगों को शामिल करने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए 'हम बेहतरीन नीति बना सकते हैं।'

फ्रांसिस हाल्जेन को मिला...

दिया था। नोबेल पुरस्कार के विजेताओं को दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें मेडल, डिप्लोमा और पुरस्कार राशि दी जाएगी। 2026 में नोबेल पुरस्कार की राशि करीब 11.5 करोड़ रुपए है।

साय की 15 दिग्गज ग्लोबल...

है। दिग्गज कंपनियों से संवादः बैठक में टीसीएस, एसएमबीसी, टोलाराम ग्रुप, एग्रोकार्प और ब्लू एक्वा सहित 15 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ और लीडर्स ने हिस्सा लिया।

प्रमुख फोकस सेक्टर्स : चर्चा मुख्य रूप से टेक्नोलॉजी, बैंकिंग, एग्रीबिज़नेस, एक्वाकल्चर (मत्स्य पालन) और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में भविष्य की साझेदारियों पर केंद्रित रही।

शिवसेना चुनाव चिह्न विवाद...

वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई में शिंदे गुट के वकील नीरज किशन कौल ने दलीलें दीं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का विधायी बहुमत के आधार पर फैसला लेना कानूनी रूप से सही और प्रासंगिक था। सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी पूछा था कि क्या चुनाव आयोग दोनों गुटों को आरक्षित धनुष-बाण निशान देने से इनकार कर सकता था। कोर्ट ने यह भी सवाल किया था कि जिन विधायकों की सदस्यता पर अयोग्यता की कार्यवाही चल रही हो, उनकी संख्या को बहुमत का सुरक्षित आधार माना जा सकता है या नहीं।

दूरी वही, लेकिन सफर...

यात्रा का समय आधा कर रहे हैं तो वंदे भारत जैसी नई पीढ़ी की ट्रेनें रेल सफर को तेज कर रही हैं।

असम से महाराष्ट्र, बिहार से कर्नाटक और दिल्ली से कटरा तक पिछले कुछ वर्षों में तैयार हुए परिवहन नेटवर्क ने देश में यात्रा का नया गणित खड़ा कर दिया है। अब किसी परियोजना की लंबाई से ज्यादा चर्चा इस बात की है कि उससे यात्रियों के कितने घंटे बचेंगे। इस बदलाव से छत्तीसगढ़ भी सीधे जुड़ रहा है।

लौह खदान की 3 मशीनों...

पुलिस ने अभी तक इस घटना को नक्सली वारदात होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

रात में खड़ी थीं मशीनें, सुबह जली हुई मिलीं :बीती शाम खदान में काम खत्म होने के बाद सभी मजदूर अपने-अपने स्थान और कैंप में लौट गए थे। मंगलवार सुबह जब मजदूर दोबारा काम पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि खदान में खड़ी मशीनों में आग लगी हुई थी।

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

उद्घोषणा::

प्र. क्रं. /अ-20(1)/25-26

पक्षकार-श्री अरविंद कुमार पाण्डेय पिता स्व. विध्यवासिनी कुमार पाण्डेय
निवासी सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)
.... आवेदक

विरूध्द

छ.ग.शासन .... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरविंद कुमार पाण्डेय पिता स्व. विध्यवासिनी कुमार पाण्डेय, निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. मुंगेली द्वारा आवेदन पेश कर लेख किया गया है कि मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38 सी, प्लाट नं. 34 मे से क्षेत्रफल 65 व.मी. (पुराना खसरा नं. 739) को वर्तमान राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान के अनुसार व्यवस्थापन/आबंटन किए जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग. के प्रकरण क्रमांक WPC No. 1140/2022 पक्षकार अरविंद कुमार पाण्डेय विरूध्द छ.ग. शासन वगैरह में पारित आदेश दिनांक 24.08.2026 की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि आबंटन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 13.10.2026 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा / आपत्ति विचारणीय नही होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 10.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

पराली जलाने पर होगी सख्ती, पंजाब-हरियाणा के 34 जिलों में उतरीं सीपीसीबी फ्लाइंग स्क्वॉड

नई दिल्ली/ए.। पंजाब और हरियाणा में धान की कटाई शुरू होने के साथ ही पराली जलाने की घटनाओं को रोकने की तैयारी तेज हो गई है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दोनों राज्यों के 34 जिलों में उड़न टीमें तैनात की हैं. इनमें पंजाब के 18 और हरियाणा के 16 जिले शामिल हैं. ये टीमें 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक पराली जलाने पर नजर रखेंगी। इन टीमों का काम खेतों में जाकर यह देखना होगा कि कहीं पराली तो नहीं जलाई जा रही. अगर ऐसी घटना मिलती है तो टीम स्थानीय अधिकारियों और दूसरे संबंधित लोगों के साथ मिलकर उसे रोकने की कोशिश करेगी. हर जिले से रोजाना जमीन पर हालात और की गई कार्रवाई की जानकारी सीपीसीबी को भेजी जाएगी. इसका मकसद पराली जलाने से निकलने वाले धुएं को कम करना और दिल्ली-एनसीआर की हवा को खराब होने से रोकना है.

34 जिलों में खेतों पर नजर

CPCB ने पंजाब के 18 और हरियाणा के 16 जिलों में उड़न टीमें लगाई हैं। धान की कटाई के बाद खेतों में काफी मात्रा में पराली बच जाती है. कई बार इसे जल्दी हटाने के लिए किसान खेत में ही आग लगा देते हैं। पराली जलाने से धुआं निकलता है और हवा में प्रदूषण बढ़ सकता है. इसी वजह से इन टीमों को सीधे जमीन पर जाकर हालात देखने की जिम्मेदारी दी गई है। टीमें अपने-अपने जिलों में पराली जलाने की घटनाओं का पता लगाएंगी और उन्हें रोकने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ काम करेंगी।

किसानों और अधिकारियों से करेंगी बात

ये उड़न टीमें सिर्फ खेतों की निगरानी नहीं करेंगी. वे किसानों, पराली संरक्षण बल, जिला अधिकारियों और राज्य सरकार के अधिकारियों के संपर्क में भी रहेंगी. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी इस काम में टीमों के साथ रहेंगे।

CPCB के मुताबिक, टीमों को अपने इलाके की रोज की स्थिति की जानकारी देनी होगी. अगर किसी जगह पराली जलाने की घटना होती है, तो उसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए, इसकी जानकारी भी भेजी जाएगी. इससे अधिकारियों को अलग-अलग जिलों में हो रहे बदलाव की जानकारी मिलती रहेगी। इसका धुआं हवा के साथ दूसरे इलाकों तक भी पहुंच सकता है।

1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलेगा काम

उड़न टीमें 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक काम करेंगी. यह समय धान की कटाई के लिए अहम है. कटाई के बाद खेतों में बची पराली को लेकर इसी दौरान आग लगाने की घटनाएं सामने आ सकती हैं. पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने का असर सिर्फ इन राज्यों तक सीमित नहीं रहता।

बड़ा खुलासा: पहले वार में खोपड़ी में हुआ फ्रैक्चर, हाथ पर गंभीर चोट

नई दिल्ली/ए.। दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबाई की फ्लाइट FZ1073 को क्रैश करने की नाकाम कोशिश मामले में बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस विमान के 38 वर्षीय भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार की खोपड़ी में फ्रैक्चर आ गया था और उनके हाथों में भी गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और 170 से अधिक यात्रियों की जान बचा ली।

कॉकपिट में कुल्हाड़ी से हुआ था जानलेवा हमला

रिपोर्ट के अनुसार, 30 सितंबर को उड़ान के दौरान कॉकपिट में मौजूद ओमानी को-पायलट हमाम अल-हम्मामी ने पीछे से कैप्टन स्मित मच्छार पर कॉकपिट में रखी इमरजेंसी 'क्रैश एक्स' से हमला कर दिया। इस हमले में कैप्टन स्मित के सिर पर गहरा वार हुआ, जिससे उनकी खोपड़ी में फ्रैक्चर आ गया और उनके हाथों पर भी चोटें आईं।

कॉकपिट का दरवाजा खुलते ही फ्लाइट में मौजूद इजराइली यात्री और क्रू मेंबर्स अंदर घुसे और हमलावर हम्मामी को दबोच लिया। फ्लाइट में सफर कर रहे दो अन्य ऑफ-ड्यूटी पायलटों ने तुरंत कॉकपिट का नियंत्रण संभाला और विमान को सऊदी अरब के तबुक एयरपोर्ट की ओर मोड़कर सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराई।



विमान को क्रैश करने की साजिश

हम्मामी ने कैप्टन स्मित को लहूलुहान कर विमान का नियंत्रण छीनने और उसे इजराइल के सीमावर्ती क्षेत्र में क्रैश करने की कोशिश की। हमले के तुरंत बाद विमान का ऑटोपायलट डिस्कनेक्ट हो गया और विमान तेजी से 14,000 फीट नीचे की ओर गिर गया। कैप्टन स्मित मच्छार ने सिर से खून बहने और गंभीर दर्द के बावजूद खुद को संभाला और को-पायलट से भिड़ते हुए कॉकपिट का दरवाजा अंदर से अनलॉक कर दिया।

सीजेपी कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोक रही पुलिस, केंद्र सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली/ए.। मंगलवार को कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस नोटिस दिए जा रहे हैं और उन्हें 10 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले सीजेपी के प्रस्तावित आंदोलन में शामिल न होने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' अब सिर्फ एक नारा रह गया है और असली मकसद 'एक देश, एक राजनीतिक पार्टी' बनाने का है।

'महाराष्ट्र पुलिस देश में सबसे अच्छी, लेकिन यह दुखद'

दीपके ने कहा, 'मैं कई बार कह चुका हूं कि महाराष्ट्र पुलिस देश की सबसे अच्छी पुलिस है और दिल्ली पुलिस को उससे सीखना चाहिए। लेकिन यह दिल दुखाने वाली बात है कि चंद्रपुर पुलिस ने सीजेपी कार्यकर्ताओं को नोटिस देकर जंतर-मंतर के आंदोलन में शामिल न होने को कहा। उनसे यह भी पूछा गया कि जंतर-मंतर जाने का खर्च कहां से आएगा।दीपके ने पुलिस की ओर से सीजेपी कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट नहीं करने की कथित हिदायत पर भी सवाल उठाया, जिनसे हिंसा भड़कने की आशंका हो सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी महात्मा गांधी और डॉ. बी आर आंबेडकर की बात करती है, तो क्या उनकी विचारधारा और उनके नाम का जिक्र करना भी हिंसा माना जाएगा?

10 अक्टूबर को आंदोलन की तैयारी

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सीजेपी ने 10 अक्टूबर को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन करने का एलान किया है। इस प्रदर्शन के जरिए पार्टी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करेगी।

चंद्रपुर पुलिस के नोटिस का किया दावा

दीपके का दावा चंद्रपुर पुलिस ने सीजेपी के कुछ कार्यकर्ताओं को नोटिस दिया है। इन नोटिस में कथित तौर पर उनसे 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर होने वाले आंदोलन में शामिल नहीं होने को कहा गया है। इतना ही नहीं, पुलिस ने उनसे दिल्ली जाने और आंदोलन में शामिल होने के लिए होने वाले खर्च के पैसों के स्रोत के बारे में भी सवाल किए हैं।

'पुलिस को कैसे पता कि आंदोलन हिंसक होगा?'

सीजेपी संस्थापक ने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पूछा कि आखिर पुलिस पहले से यह कैसे तय कर सकती है कि आंदोलन हिंसक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से होने वाले प्रदर्शन को लेकर इस तरह की आशंका जताना समझ से परे है।

भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ 'सूर्या'

नई दिल्ली/ए.। भारतीय नौसेना के बेड़े में 'सूर्या' शामिल किया गया है। यह भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया फ्लीट सपोर्ट शिप-1 है। आज मंगलवार को इसका जलावतरण किया गया। सूर्या की मौजूदगी से नौसेना की पहुंच और क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सूर्या को नौसेना में शामिल किया। इसी अवसर पर हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में नए उन्नत स्लिपवे और 300 टन क्षमता वाले गोलियथ क्रेन का उद्घाटन किया गया। साथ ही एक और फ्लीट सपोर्ट शिप के निर्माण के लिए कील भी रखी गई। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक ही स्थान पर एक ही अवसर के दौरान ये तीनों उपलब्धियां भारत की बढ़ती समुद्री ताकत और जहाज निर्माण क्षमता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड भारत की राष्ट्रीय समुद्री क्षमता का संरक्षक है। आठ दशकों से अधिक समय से यह संस्थान देश की समुद्री और रक्षा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय के अधीन आने के बाद मंत्रालय

और हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड के प्रयासों से इसकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। वर्ष 2025 में इसे मिनीरत्न श्रेणी-1 का दर्जा मिलना इसके बदलाव और पिछले वर्षों में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों का प्रमाण है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की समुद्री ताकत का निर्माण अकेले नौसेना या अकेले जहाज निर्माण कारखाने नहीं कर सकते। इसके लिए एक एकीकृत राष्ट्रीय समुद्री तंत्र जरूरी है। राजनाथ सिंह विश्वास जताया कि नौसेना, हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, शिक्षण संस्थान, उद्योग, एमएसएमई तथा नव उद्यम एक एकीकृत टीम के रूप में काम करें। उन्होंने कहा कि फ्लीट सपोर्ट शिप का जलावतरण भारतीय नौसेना की पहुंच, लंबे समय तक समुद्र में सक्रिय रहने की क्षमता और अभियान प्रभावशीलता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय नौसेना की समुद्री मारक क्षमता में एक और प्रचंड और ऐतिहासिक इजाफा

नई दिल्ली/ए.। भारतीय नौसेना की समुद्री मारक क्षमता में एक और प्रचंड और ऐतिहासिक इजाफा हुआ है। रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' को नई गति देते हुए रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के अग्रिम श्रेणी के युद्धपोतों के लिए ब्रह्मोस फायर कंट्रोल सिस्टम और लॉन्चर्स की खरीद के लिए एक बड़े रक्षा सौदे पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। 661.50 करोड़ का यह ऐतिहासिक करार ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साइन किया गया है। इस रणनीतिक कदम से न केवल भारतीय नौसेना की समुद्री सीमाओं पर घातक मारक क्षमता और सटीक निशाना लगाने की शक्ति कई गुना बढ़ जाएगी, बल्कि स्वदेशी रक्षा निर्माण में भारत का कद भी और ऊंचा होगा।

रक्षा मंत्रालय ने इस पूरे रक्षा सौदे को रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया के तहत सर्वोच्च प्राथमिकता वाली बॉय श्रेणी के तहत मंजूरी दी है: -

68% स्वदेशी सामग्री: इस अत्याधुनिक फायर कंट्रोल सिस्टम और लॉन्चर्स में कम से कम 68% सामग्री पूरी तरह से स्वदेशी होगी, जो भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की महारत को दर्शाती है।

एमएसएमई और उद्योगों को पंख: इस मेगा प्रोजेक्ट में देश के कई छोटे-बड़े उद्योगों और MSMEs की प्रत्यक्ष भागीदारी होगी।

रोजगार के नए अवसर: रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस 3 वर्षीय परियोजना के क्रियान्वयन से देश में कुशल और अकुशल तकनीकी कर्मियों के लिए अगले तीन वर्षों तक रोजगार के हजारों नए अवसर पैदा होंगे।

ब्रह्मोस: समंदर में भारत की सबसे घातक 'सुपरसोनिक' ढाल

ब्रह्मोस भारत का प्रमुख सरफेस-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम है, जो दुनिया की सबसे तेज और सटीक मारक क्षमता वाली मिसाइलों में शुमार है:

सटीक निशाना व त्वरित प्रतिक्रिया: नौसेना के अग्रिम युद्धपोतों पर तैनात नए फायर कंट्रोल सिस्टम की मदद से ब्रह्मोस मिसाइलें दुश्मन के जहाजों, तटवर्ती सैन्य अड्डों और रणनीतिक ठिकानों को पलक झपकते ही पूरी सटीकता के साथ तबाह करने में सक्षम होंगी।

हिमालया बेबीकेयर ने 'गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट' के विजेताओं की घोषणा की

रायपुर। डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित नंबर 1 ब्रांड, हिमालया बेबीकेयर ने अपने गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट के विजेताओं के नामों की घोषणा की है। इस पहल के तहत माता-पिता को अपने नन्हें-मुन्नों के साथ बिताए अनमोल पलों का जश्न मनाने और साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। कॉन्टेस्ट में उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत से कुल 12 विजेताओं को चुना गया। इनमें चार विजेताओं को 1-1 लाख रुपए मूल्य का सोना और आठ विजेताओं को 10-10 हजार रुपये के सिल्वर वाउचर प्रदान किए गए, जिन्हें तनिष्क या कल्याण के कॉइन्स के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। हिमालया बेबी गोल्डन गिफ्ट पैक को शुभ शुरुआत के लिए एक खास गोल्ड-एडिशन गिफ्ट पैक के तौर पर पेश किया गया था। इसके जरिए ग्राहकों को 'हिमालया गोल्डन मोमेंट्स प्रोग्राम' में हिस्सा लेने का अवसर मिला। इसमें हिस्सा लेने के लिए ग्राहकों को पैक के अंदर मौजूद लीफलेट को स्क्रैच करके एक यूनिक कोड प्राप्त करना था, क्यूआर कोड स्कैन करना था और अपने बच्चे के साथ बिताई किसी अनमोल याद को अपलोड करना था। इस पहल के तहत प्रत्येक प्रतिभागी के लिए सुनिश्चित पुरस्कार भी रखा गया था। सभी प्रतिभागियों को 500 रुपए मूल्य की 'My Baby & Me' ई-बुक निःशुल्क दी गई। इस कॉन्टेस्ट के जरिए माता-पिता और परिवारों को डिजिटल माध्यम से अपने बच्चों के साथ बिताए खास पलों का जश्न मनाने का अवसर मिला। विजेताओं में चार गोल्ड पुरस्कार विजेता और आठ सिल्वर पुरस्कार विजेता शामिल हैं, जो उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस घोषणा में जिन पांच विजेताओं को प्रमुखता से शामिल किया गया है।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE) Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce .eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2574221, 2574044 Fax No. 0771-2574222

ED/Line/Works/EE-I/TR-1167/1375 Raipur, Date: 01.10.2026

NOTICE INVITING TENDER (Through E-Bidding module of SAP-SRM)

Online bids are invited for following work as detailed hereunder:

TR No	Name of work	EMD (Rs)	Cost of tender form (Rs) (Incl. GST)	Date of opening
TR-1167 RFX No. 8100054629	DGPS survey with preparation of Forest Diversion proposal for modification of 132 KV DCDS Bango-Bishrampur & 132 KV Manendragarh–Baikunthpur line between location No. 400-404 (RL–1.1 KM) and 132 KV DCDS Bango –Manendragarh– Baikunthpur line between location No. 256-258 (RL-0.623 KM)	17,900/-	2,000/-	23.10.2026.

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site: https://cspc.co.in/csptcl_tendernotices (OR) https://www.cspc.co.in> ebidding > ebidding web portal (OR) https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal

SAVE ELECTRICITY S-49304/3

EXEVUTIVE DIRECTOR (Line)
CSPTCL, RAIPUR

विश्व कप से एशियन गेम्स गोल्ड तक, हरमनप्रीत की कप्तानी में महिला क्रिकेट का स्वर्णिम दौर

नई दिल्ली/ए.। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के इतिहास के एक स्वर्णिम अध्याय का मंगलवार को अंत हो गया। टीम को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाली हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान कर दिया है। 37 वर्षीय हरमनप्रीत ने सोशल मीडिया के जरिए कप्तानी से हटने की जानकारी दी। हालांकि, वह बतौर खिलाड़ी भारतीय टीम के लिए खेलना जारी रखेंगी।

2016 में कप्तानी संभाली, बदली टीम की तस्वीर

हरमनप्रीत कौर को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सफलतम कप्तानों में गिना जाता है। 2016 में पूर्णकालिक कप्तान बनने से पहले भारतीय टीम बड़ी टीमों को चुनौती तो देती थी, लेकिन कई मौकों पर जीत हासिल करने से चूक जाती थी। हरमनप्रीत के नेतृत्व में टीम की रणनीति और प्रदर्शन में बड़ा बदलाव आया और भारतीय महिला क्रिकेट ने वैश्विक मंच पर खुद को मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया।

विश्व कप जीतकर रचा इतिहास

हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने अपना पहला आईसीसी इवेंट जीता। 2025 वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार यह खिताब अपने नाम किया।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मुंगेली

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक :- 14/2026-27 (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक / 1348/निविदा/ग्रायांसेवा/2026-27 मुंगेली, दिनांक 01/10/26

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग मे) 'द' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित निर्माण कार्य हेतु मुख्य अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021 एवं जो प्रावधान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के दर अनुसूची में नहीं है, उन प्रावधानों के लिए प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. द्वारा भवन निर्माण हेतु दिनांक 01.01.2015 को जारी दर अनुसूची अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाइन (Online) प्रतिशत दर पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु निविदा दिनांक 16.10.2026 तक आमंत्रित की जाती है।

स.क्र.	कार्य का नाम एवं स्थान	ठेके की अनुमानित लागत
1	2	3
196046	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य जगताकांपा विकासखण्ड पथरिया	67.78 लाख

2. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय मे उपस्थित होकर दिनांक 01.10.2026 से देखी जा सकती है।

जी-262703718/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग-मुंगेली

प्रारूप (तीन)
शपथ पत्र का प्रारूप
शपथ पत्र (नाबालिक पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं विनोद कुमार वैष्णव (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र/पत्नी - परमेश्वर दास वैष्णव निवासी वार्ड नंबर 02 गांधी नगर रतनपुर तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं। मेरे द्वारा यह पूर्णतः पुष्टि करता हूं और निम्नानुसार घोषित करता हूं :-

01. मैं निवासी वार्ड नंबर 02 गांधी नगर रतनपुर जिला बिलांसपुर छ.ग. का स्थायी निवासी हूं। 02. मैं अपने नाबालिक पुत्री का नाम, कू0 साक्षी वैष्णव से बदलकर साक्षी वैष्णव करवाना चाहता हूं।
03. मेरे पुत्री के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में प्रारंभ से ही साक्षी वैष्णव चला आ रहा है।
04. मैं अपने पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
05. मेरी पत्नि वर्षा वैष्णव (पत्नि/पति का नाम) को हमारे नाबालिक पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
06. मैं यह शपथपत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

विनोद कुमार वैष्णव
शपथकर्ता

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, PUBLIC WORKS DEPARTMENT, (E/M) CIRCLE, BILASPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Portal:http://eproc.cgstate.gov.in (Online)

Online Tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D. in new Registraton System (Unified Registration System) for the following work :-

Sr.	NIT No.	Name of Work	PAC
1	NIT 127 System Tender No.200916	PROVIDING ORDINARY REPAIR & MAINTAINANCE WORKS TO RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER PWD E/M SUB DIVISION AMBIKAPUR, DISTT. -SARGUJA (C.G.)	16.00
2	NIT 128 System Tender No.200917	PROVIDING ORDINARY REPAIR & MAINTAINANCE WORKS TO RESIDENTIAL UNDER PWD E/M SUB DIVISION SURAJPUR, DISTT. -SURAJPUR (C.G.)	14.00
3	NIT 129 System Tender No.200921	PROVIDING ORDINARY REPAIR & MAINTAINANCE WORKS TO RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER PWD E/M SUB DIVISION BALRAMPUR, DISTT. BALRAMPUR (C.G.)	15.00
4	NIT 130 System Tender No.200922	PROVIDING ORDINARY REPAIR & MAINTAINANCE WORKS TO RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER PWD E/M SUB DIVISION JASHPUR, DISTT. JASHPUR (C.G.)	16.00
5	NIT 131 System Tender No.200925	PROVIDING ORDINARY REPAIR, MAINTAINANCE & OTHER ELECTRIFICATION WORKS TO RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER PWD E/M SUB DIVISION BAIKUNTHPUR, DISTT. KOREA (C.G.)	14.00
6	NIT 132 System Tender No.200926	PROVIDING ORDINARY REPAIR, MAINTAINANCE & OTHER ELECTRIFICATION WORKS TO RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER PWD E/M SUB DIVISION MCB, DISTT.MCB (C.G.)	13.00
7	NIT 133 System Tender No.200915	Providing Pole Shifting Works From - AANI to KHADA Approach Road, Under Distt. - Korea(C.G.)	14.77
8	NIT 134 System Tender No.200951	PROVIDING ELECTRICAL POLE/TRANSFORMER, LT AND HT LINE SHIFTING OF EXISTING LINE IN BHAGWANPUR TO MEDHARI ROAD BLOCK WADRAFNAGAR DISTT. BALRAMPUR	20.60
9	NIT 135 System Tender No.200952	PROVIDING ELECTRICAL POLE/TRANSFORMER, LT AND HT LINE SHIFTING OF EXISTING LINE IN ASHANDIH TO ATAL CHOUK ROAD BLOCK WADRAFNAGAR DISTT. BALRAMPUR	22.08
10	NIT 136 System Tender No.200953	PROVIDING ELECTRICAL POLE/TRANSFORMER, LT AND HT LINE SHIFTING OF EXISTING LINE IN RAMESHPUR TO SHANKARPUR ROAD BLOCK WADRAFNAGAR DISTT. BALRAMPUR	22.57
11	NIT 137 System Tender No.200954	PROVIDING ELECTRICAL POLE/TRANSFORMER, LT AND HT LINE SHIFTING OF EXISTING LINE IN PARASWAR TO CHALGALI ROAD BLOCK WADRAFNAGAR DISTT. BALRAMPUR	22.13
12	NIT 138 System Tender No.200955	PROVIDING ELECTRICAL POLE/TRANSFORMER, LT & HT LINE SHIFTING OF EXISTING LINE AT PAHADGAON TO GOPALPUR (NH-43) DISTT. SURAJPUR	14.00
13	NIT 139 System Tender No.200956	PROVIDING ELECTRICAL POLE/TRANSFORMER, LT & HT LINE SHIFTING OF EXISTING LINE FROM BHAIYATHAN ROAD TO UNCHADIH-NEWRA-BAROUL-PARSAPARA-KRISHNAPUR ROAD DISTT. SURAJPUR	25.20
14	NIT 140 System Tender No.200957	PROVIDING ELECTRICAL POLE/TRANSFORMER, LT & HT LINE SHIFTING OF EXISTING LINE FROM NH-45 TO NAWAPARA DURGABADI RAVINDRANAGAR (NAWAPARA) DISTT. SURAJPUR	11.20

(1st Call) Online Bid Submission 16.10.2026, Physical Document submission 23.10.2026

The Tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document const online.

G-262703750/4

Superintending Engineer
PW.D. (E/M) Circle Bilaspur (C.G.)

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में युवा मोर्चा का स्वच्छता अभियान

■ लालबाग हाउसिंग बोर्ड और ऐतिहासिक भूतहा तालाब की सफाई में किया श्रमदान

जगदलपुर। नवप्रदेश। इंद्रावती नदी में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की रक्षा के उद्देश्य से भारतीय जनता युवा मोर्चा पूर्वी मंडल द्वारा लालबाग स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाढ़ के बाद जमा हुए कचरे,कीचड़ एवं गंदगी की सफाई कर श्रमदान किया तथा स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

स्वच्छता अभियान के दौरान भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने लालबाग क्षेत्र स्थित जगदलपुर के पुराने भूतहा तालाब में फैली गंदगी को देखकर तत्काल उसकी सफाई का निर्णय लिया। उनके आह्वान पर भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता तत्काल तालाब की सफाई में जुट गए और श्रमदान करते हुए वहां जमा कचरे एवं गंदगी को हटाने का कार्य शुरू किया।अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना भी उनकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य की रक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है और इसी संकल्प के साथ भाजपा कार्यकर्ता लगातार प्रभावित क्षेत्रों में श्रमदान कर रहे हैं।

वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया श्रमदान

स्वच्छता अभियान में वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत पांडे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिलाष यादव, भाजपा उपाध्यक्ष मीना साहू, गीता नाग, भाजपा महामंत्री दिगंबर राव, पार्षद नीलम यादव, पार्षद गिरिजा गुप्ता सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से श्रमदान किया।

पूर्वी मंडल अध्यक्ष रमेश नायडू का आह्वान

भाजयुमो पूर्वी मंडल अध्यक्ष रमेश नायडू ने कहा कि बाढ़ के बाद प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सेवा भावना के साथ लगातार मैदान में जुटे हैं और आने वाले दिनों में भी स्वच्छता एवं जनसेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

युवा मोर्चा का निरंतर योगदान

भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिलाष यादव ने कहा कि बाढ़ के बाद प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर विशेष सतर्कता आवश्यक है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से युवा मोर्चा के कार्यकर्ता राहत कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता एवं जनजागरूकता के कार्यों में भी निरंतर जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा को अपना दायित्व मानकर समाज के बीच कार्य कर रहा है।

बाढ़ पीड़ितों के घर पहुंचे क्षत्रिय महासभा के सदस्य, 100 परिवारों को बांटी राहत सामग्री

■ बाढ़ पीड़ितों के घर पहुंचे क्षत्रिय महासभा के सदस्य, 100 परिवारों को बांटी राहत सामग्री

जगदलपुर। नवप्रदेश। बाढ़ का पानी उतरने के बाद भी इंद्रावती किनारे बसे परिवारों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। ऐसे समय में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा,बस्तर जिला ने कोहकपाल और विजय वार्ड में घर-घर पहुंचकर प्रभावित परिवारों की मदद की।

महासभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने करीब 100 परिवारों को मच्छरदानी और चटाई वितरित की। राहत सामग्री बांटने के साथ सदस्यों ने प्रभावित परिवारों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी जानीं।

महासभा के सचिव कैलाश चौहान ने बच्चों और उनके परिजनों से स्वच्छ पेयजल इस्तेमाल करने तथा पानी को उबालकर पीने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाढ़ के बाद गंदगी और दूषित पानी से बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए घर और आसपास की साफ-सफाई के साथ बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। महासभा के अध्यक्ष श्रवण सिंह चौहान ने सेवा कार्य में सदस्यों की सहभागिता की सराहना की। इस दौरान लोकेश सोमवंशी, संजय चौहान,राणा उदय सिंह,राजेश चौहान,प्रभात चौहान और अविनाश गौतम सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। स्थानीय निवासी वीरेंद्र शर्मा ने भी सहयोग प्रदान किया।

न्यूज गैलरी

प्राचीन मंदिर परिसरों में भाजयुमो ने चलाया स्वच्छता अभियान

लोहण्डीगुड़ा। नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल लोहण्डीगुड़ा के कार्यकर्ताओं ने ग्राम छिंदगांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर और गढ़िया क्षेत्र के माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसरों की साफ-सफाई कर उन्हें स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया।

अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों को धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामुदायिक सहभागिता से जुड़ा दायित्व भी है। धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की नियमित सफाई से उनकी गरिमा बनाए रखने में मदद मिलती है। अभियान में बाल सिंह ठाकुर,धनसिंग ठाकुर,जगदानंद गजभिए,भरत कश्यप,मनु राम ठाकुर,अजय बघेल,सुश्री रमती,पुरुषोत्तम ठाकुर,बसंत बघेल,तुलाराम सेठिया, लखन ठाकुर,विनय मौर्य,चेतन गोयल,करण सेठिया,दुष्यंत ठाकुर,चेतन गुहाल और महेंद्र कश्यप सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शिवनन्दन पेगड़ ने कहा कि छिंदगांव का प्राचीन शिव मंदिर और ग्राम देवी का मंदिर क्षेत्र की आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं।

बाढ़ प्रभावित 602 मकानों के लिए 1.29 करोड़ की सहायता

जगदलपुर। नव्रदेश। बस्तर तहसील क्षेत्र में हाल ही में आई बाढ़ से कुल 602 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 261 मकान आंशिक रूप से तथा 341 मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। बस्तर तहसीलदार श्रीमती जॉली जेम्स ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रभावित परिवारों को अब तक कुल 1,29,47,500 की सहायता राशि जारी की जा चुकी है। तहसीलदार जॉली जेम्स ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा क्षति का आकलन कर प्रभावित परिवारों को नियमानुसार राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई लगातार जारी है। प्रशासन का प्रयास है कि प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता समय पर उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरा के दौरान घोषणा की थी कि पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 1 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए प्रभावित परिवारों को 10 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

बाढ़ पीड़ितों तक पहुंची राहत,किरण देव ने कार्यकर्ताओं को गांव-गांव भेजा

जगदलपुर। नवप्रदेश बस्तर में लगातार बारिश और ओड़िशा के खातीगुड़ा बांध के फाटक खोले जाने से आई बाढ़ ने निचली बस्तियों और ग्रामीण इलाकों में कई परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ऐसे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव की पहल पर प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई गई। कार्यकर्ताओं ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को कंबल, चटाई और राशन सामग्री वितरित की। शिव मंदिर वार्ड,भैरमदेव वार्ड,डोंगाघाट,भाटागुड़ा,छेपड़ागुड़ा और तमाकोनी सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाई गई। सामग्री मिलने से बाढ़ के बीच जरूरी सामान के लिए परेशान परिवारों को तत्काल सहारा मिला। विधायक किरण देव ने वीडियो कॉल के माध्यम से प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनके हालात और नुकसान की जानकारी ली।

बाढ़ के बीच गांवों तक पहुंची ब्रह्माकुमारीज की सेवा

जगदलपुर। नवप्रदेश। बाढ़ की मार से जूझ रहे ग्रामीण अंचलों में जब गांवों तक पहुंचना मुश्किल हो रहा था,तब प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की टीम ने प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री और भोजन वितरित किया। संस्था के सदस्यों ने भैंसगांव और बड़े चकवा पहुंचकर बाढ़ पीड़ित परिवारों की जरूरतों को जाना। ब्रह्माकुमारी मंजूषा दीदी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना ही मानवता की सच्ची सेवा है। ऐसे कठिन समय में सहयोग से प्रभावित लोगों में उम्मीद और आत्मविश्वास मजबूत होता है।

राजपरिवार के अलग आमंत्रण पत्र पर प्रधान पुजारी कृष्ण कुमार पाढ़ी ने प्रशासन से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की

पुजारियों की व्यवस्था संभालेंगे कुमार ‘महाराजा’ संबोधन पर उठे सवाल

जगदलपुर। नवप्रदेश। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर रविवार को मावली मंदिर प्रांगण में सिरहा-गुनिया पुजारी समिति की बैठक हुई। कुमार जयदेव के नेतृत्व में हुई बैठक में दशहरा में शामिल होने वाले सिरहा-गुनिया और पुजारियों के भोजन, आवास तथा अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। कुमार जयदेव ने बाहर से आने वाले सिरहा-गुनिया और पुजारियों के लिए भोजन व ठहरने की व्यवस्था कराने की घोषणा की।

समिति से वर्तमान में करीब 300 सिरहा-गुनिया और पुजारी जुड़े हैं। कुमार जयदेव ने कहा कि देवसरायों में ठहरने वाले सिरहा-गुनिया व पुजारियों की व्यवस्थाओं पर समिति के सदस्य प्रशासन के साथ समन्वय कर निगरानी रखें। उन्होंने भोजन और आवास के साथ सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को भी प्राथमिकता देने की बात कही। इस वर्ष राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस प्रशासन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई।

बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा में मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी कृष्ण कुमार पाढ़ी ने दशहरा की प्रशासनिक व्यवस्था और राजपरिवार की भूमिका से जुड़े सवालों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बस्तर के अंतिम प्रशासक महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव के बाद राजशाही व्यवस्था समाप्त होकर देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम है। इसके बावजूद राजपरिवार के सदस्यों के साथ ‘महाराजा’ जैसे संबोधनों के इस्तेमाल और इस वर्ष राजपरिवार की ओर से अलग आमंत्रण पत्र जारी किए जाने को लेकर स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि बस्तर दशहरा की वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था जिला प्रशासन की निगरानी में संचालित होती है और पर्व के लिए शासन की ओर से राशि भी उपलब्ध कराई जाती है। इस वर्ष करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। दशहरा का आधिकारिक आमंत्रण भी बस्तर दशहरा समिति के माध्यम से जारी किया जाता है।बैठक में कुमार जयदेव, सिंकदर ठाकुर,दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी कृष्ण कुमार पाढ़ी,योगेश सिंह ठाकुर,कौशल ठाकुर, सुभाशु पाढ़ी,अनिल ठाकुर सहित माड़पाल,तोकापाल, लोहंडीगुड़ा और अन्य क्षेत्रों से आए सिरहा-गुनिया व पुजारी उपस्थित रहे।

परंपरा और सरकारी व्यवस्था के बीच स्थिति स्पष्ट हो

बस्तर दशहरा में राजपरिवार की ऐतिहासिक व धार्मिक भूमिका महत्वपूर्ण है,वहीं वर्तमान में पर्व की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था शासन-प्रशासन के माध्यम से संचालित होती है। ऐसे में ‘राजा’, ‘महाराजा’, ‘राजमाता’ अथवा अन्य संबोधनों के सरकारी दस्तावेजों और आमंत्रण पत्रों में उपयोग को लेकर शासन की निर्धारित व्यवस्था स्पष्ट होना जरूरी है। इससे परंपरागत सम्मान और आधिकारिक संबोधन के बीच स्थिति को लेकर उठ रहे सवालों का समाधान हो सकेगा।

कमलचंद भंजदेव की ओर से अलग आमंत्रण पत्र

प्रधान पुजारी ने कहा कि इस वर्ष राजपरिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव की ओर से अलग आमंत्रण पत्र छपवाकर वितरित किए जाने का विषय सामने आया है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले को संज्ञान में लेकर यह स्पष्ट करने की बात कही कि ऐसे आमंत्रण पत्र किस अधिकार और उद्देश्य से जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राजपरिवार की ऐतिहासिक और धार्मिक भूमिका अपनी जगह है,लेकिन सरकारी दस्तावेजों और आमंत्रण पत्रों में प्रयुक्त आधिकारिक संबोधनों को लेकर शासन-प्रशासन की स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए।

अक्टूबर तक मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे शिक्षक

■ कोयलीबेड़ा के शिक्षकों की समस्याओं को लेकर संघ ने दी उच्च कार्यालय के घेराव की चेतावनी

कापसी।नवप्रदेश। कोयलीबेड़ा विकासखंड के शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देव कुमार शील से मुलाकात कर 8 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। संघ ने स्पष्ट किया कि अक्टूबर माह तक समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर उच्च कार्यालय का घेराव किया जाएगा और उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

संघ के जिला उपाध्यक्ष अशोक मृधा ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों को पहले भी कई बार अवगत कराया जा चुका है,लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे शिक्षकों में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने अनुसूचित क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को 10 दिन का अतिरिक्त अर्जित अवकाश देने तथा ग्रीष्मकाल में जनगणना कार्य करने वाले कर्मचारियों को 11 दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत करने की मांग की। संघ ने परिवीक्षाधीन नियमित शिक्षकों का नियमितीकरण करने, पात्र अवकाशों की प्रविष्टि पोर्टल और सेवा पुस्तिका में करने, वर्ष 2005 से 2010 तक नियुक्त शिक्षक (एलबी) संवर्ग को लंबित एरियर्स का भुगतान करने तथा पंचायत और शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों का रुका वेतन जारी करने की मांग रखी है।

समस्याओं के निराकरण की मांग

शिक्षक संघ ने अतिरिक्त अर्जित अवकाश,जनगणना ड्यूटी का अवकाश,नियमितीकरण, एरियर्स भुगतान,लंबित वेतन और समयमान वेतनमान सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया है। संघ का कहना है कि इन मामलों में लगातार देरी से शिक्षक परेशान हैं। अक्टूबर तक समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

195 एनसीसी कैडेट्स ने जगदलपुर में दिया स्वच्छता और प्लास्टिक से दूरी का आह्वान

‘गो ग्रीन’ रैली में पर्यावरण संरक्षण

जगदलपुर। नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर शनिवार को जगदलपुर की सड़कों पर एनसीसी कैडेट्स का उत्साह नजर आया। 10 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र कंपनी एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित ‘गो ग्रीन’ पर्यावरण जागरूकता रैली में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 195 एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए। कैडेट्स ने लोगों को स्वच्छता, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने का संदेश दिया।

कमान अधिकारी कर्नल पी.एस. बिंद्रा के मार्गदर्शन में निकली रैली में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, शासकीय शहीद हरचंद नायक महाविद्यालय तोकापाल, कृषि एवं अनुसंधान महाविद्यालय, जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 तथा जवाहर नवोदय विद्यालय के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली के दौरान कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण को केवल अभियान नहीं,बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी बनाने का संदेश दिया।

एनसीसी टीम रही मौजूद

रैली में 10 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र कंपनी एनसीसी के सूबेदार हरीश कुमार, पीआई स्टाफएएनओ लेफ्टिनेंट भागवत कुमार, मुख्य अधिकारी यू धर्मेंद्र पटनायक,जैमती ठाकुर और सीटीओ सचिन सिंह राजपूत उपस्थित रहे। कैडेट्स ने नागरिकों से स्वच्छ,हरित और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

रैली का मार्ग

10 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र कंपनी एनसीसी इकाई से शुरू हुई रैली शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (विज्ञान), धरमपुरा मार्ग और भाटागुड़ा मार्ग से होते हुए कालीपुर मार्ग पहुंची। इसके बाद रैली स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में पहुंचकर संपन्न हुई।

कापसी में खुलेगी गैस एजेंसी, सड़कों के निर्माण की भी मांग

कापसी।नवप्रदेश। कापसी क्षेत्र की ज्वलंत जनसमस्याओं और बुनियादी सुविधाओं को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़ के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विधायक विक्रम देव उसेंडी से मुलाकात की।

इस दौरान ग्रामीणों ने कापसी में एचपी गैस एजेंसी खोलने,ग्रामीण सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि कापसी क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनों गांव आते हैं और अधिकांश परिवार घरेलू रसोई गैस पर निर्भर हैं। क्षेत्र में एचपी गैस एजेंसी नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को करीब 10 किलोमीटर दूर पखांजूर जाना पड़ता है।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगें कापसी में एचपी गैस एजेंसी की स्थापना,ग्रामीण सड़कों की मरम्मत और निर्माण,दूर-दराज के गांवों में गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति,गैस उपभोक्ताओं को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराना आदि मांग सम्मलित है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़ ने कहा कि एचपी गैस एजेंसी और सड़कों से जुड़ी मांगें क्षेत्र के हजारों परिवारों से संबंधित हैं। उन्होंने विधायक से इन मांगों पर जल्द कार्रवाई होने की उम्मीद जताई।

विधायक ने दिया शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन

विधायक विक्रम देव उसेंडी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और ज्ञापन का अवलोकन किया। उन्होंने कापसी में एचपी गैस एजेंसी खोलने तथा सड़क निर्माण और मरम्मत के लिए संबंधित विभागों एवं शासन स्तर पर आवश्यक पत्राचार करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र कार्रवाई का प्रयास किया जाएगा।

बदहाल सड़कों से आवागमन प्रभावित

ज्ञापन में ग्रामीण सड़कों की खराब स्थिति का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि कई मार्गों की हालत जर्जर है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने तथा आवश्यक स्थानों पर नई सड़कों का निर्माण कराने की मांग की।

निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर कांग्रेस का हल्लाबोल,ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका

■ सुशील मौर्य बोले मतदाता अधिकारों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, आयोग की स्वायत्तता पर उठ रहे गंभीर सवाल

जगदलपुर। नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और स्वायत्तता को लेकर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को संभाग मुख्यालय जगदलपुर में जोरदार प्रदर्शन किया। शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य और ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों में गड़बड़ी,पात्र मतदाताओं के नाम हटने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान प्रशासनिक लापरवाही की शिकायतें लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम प्रशासनिक लापरवाही के कारण सूची से बाहर होना सीधे उसके मताधिकार पर प्रहार है।

मौर्य ने निर्वाचन आयोग पर विपक्ष के प्रति सख्ती और सत्तारूढ़ दल के मामलों में कथित नरमी बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में देरी तथा इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन के साथ मतदाता सत्यापन पर्चियों के शत-प्रतिशत मिलान की मांग को लेकर भी आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए।

कांग्रेस की चार प्रमुख मांगें

कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, वर्ष 2023 के मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम को रद्द करने,एसआईआर में हुई कथित गड़बड़ियों की स्वतंत्र न्यायिक जांच तथा आगामी चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन की मतदाता सत्यापन पर्चियों का शत-प्रतिशत मिलान अनिवार्य करने की मांग की। मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जनता का विश्वास सर्वोच्च है और इसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जा सकता।

बाढ़ में फसल बर्बाद,खेतों में घुस रहा काला पानी,किसानों ने प्रशासन को दिया अल्टीमेटम

मुआवजा और स्थायी समाधान नहीं मिला तो सड़क पर उतरेगी भारतीय किसान यूनियन टिकैत

जगदलपुर। नवप्रदेश। बाढ़ से फसल बर्बादी और नगरनार क्षेत्र के काले व प्रदूषित पानी की समस्या ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला बस्तर पदाधिकारी नगरनार क्षेत्र के ठलनार,तारापुर और बजावड़ गांव पहुंचे और प्रभावित किसानों से उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने बाढ़ में नष्ट हुई फसलों का मुआवजा देने के साथ खेतों में पहुंच रहे प्रदूषित पानी पर रोक लगाने की मांग उठाई। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के साथ प्रदूषण की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई है और कृषि भूमि भी प्रभावित हो रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई कागजी प्रक्रिया से आगे नहीं बढ़ रही। किसानों ने नुकसान का निष्पक्ष सर्वे कराकर जल्द राहत देने की मांग की। जिला अध्यक्ष रमेश गोयल ने कहा कि किसान अपनी मेहनत से अन्न पैदा करता है,लेकिन संकट के समय उसकी समस्याओं की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण है। किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि बाढ़ से नष्ट फसलों का उचित मुआवजा,प्रभावित किसानों को राहत और नगरनार के काले पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो किसान यूनियन आंदोलन तेज करेगी।

महिला सशक्तिकरण, स्मार्ट मीटर और जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस ने बुलंद की आवाज

तखतपुर/नवप्रदेश। प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा आज बिलासपुर से मुंगेली बैठक के लिए जाते समय तखतपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंचीं। तखतपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय एवं जोरदार स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता साफ दिखाई दी। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शैलेन्द्र निर्मलकर, अमित साहू (सकरी) एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तखतपुर ग्रामीण के अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी ने किया। इस अवसर पर संगीता सिन्हा ने महिला सशक्तिकरण, संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने तथा स्मार्ट मीटर सहित आम जनता से जुड़े मुद्दों पर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी केवल राजनीतिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों और जनहित के सवालों को लेकर सक्रिय भूमिका निभानी होगी। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों, बढ़े हुए बिजली बिल और उपभोक्ताओं की चिंताओं को गंभीरता से उठाना कांग्रेस की प्राथमिकता है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव से लेकर शहर तक जनता के बीच जाएं और उनकी समस्याओं को मजबूती से सामने लाएं। तखतपुर में अपने पहले आगमन पर मिले भव्य स्वागत से अभिभूत संगीता सिन्हा जी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तखतपुर की धरती पर मिला यह स्नेह संगठन के प्रति कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरिंदर कौर मक्कड़, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, पूर्व विधायक शैलेश पाण्डेय, महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक, प्रदेश सचिव आत्मजीत सिंह (संजू) मक्कड़, अभय नारायण जी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय देवांगन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा मुन्ना श्रीवास शिवबालक कौशिक, मुन्ना श्रीवास, बिसाहु राम कश्यप किसान कांग्रेस अध्यक्ष, हेमंत कश्यप शिवेंद्र प्रताप, अनिल कौशिक सुनीता बंजारे अध्यक्ष महिला कांग्रेस, अभिषेक पाण्डेय कोषाध्यक्ष मुस्तफा वनक,मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र राज,दिनेश देवांगन, बिहारी देवांगन, करीम कुरैशी उपाध्यक्ष आवेश जान, अजय ध्रुव, यकीन दास, राजवीर हुरा, रमन हुरा, न पा उपाध्यक्ष गौरी देवांगन, श्रीवास, अनुपमा पाण्डे, पूजा गुप्ता, लवली हुरा, सुनील जांगड़े, जसप्रीत हुरा, पार्षद प्रत्याशी रानी देवांगन, दीपक ठाकुर, राजेश बंजारे, बबलू पटेल, विशाल ठाकुर, मनोज ठाकुर, विकाश गोस्वामी, जागेश कौशिक, प्रियेश साहू, मिथलेश यादव, दीपेश सूर्यवंशी, शान्तिबाई, नवमिबाई, लीलाबाई, राजकुमारी,जसप्रीत रमन हूरा पार्षद दामिनी ठाकुर नीतू ठाकुर बेबो कविता मुस्कान मुन्नी सोनी श्वेता प्रियंका जलेश्वरी माधुरी मंजू संगीता धनकुवार नीरा बाई धना बाई श्रद्धा यादव यशोदा गौरी प्रियांशु डहरिया अध्यक्ष अंकित मसीह असिन सैमुअल तुषार बंजारे करन भारती कृष्णा कुमार वर्मा किशन पटेल रोहित दिवाकर विक्रम जटवार नागेश्वर बंजारे भरत साहू, देवीलाल साहू संतोष यादव राम कुमारी पटेल सुनीता धुर्वे धनेश्वरी पटेल जाम साहू पुनीता ध्रुव फूल देवांगन सविता बंजारे राजेश बंजारे पल्लवी बंजारे निर्मला सूर्यवंशी कुंवारा बाई मोगरा कांति दुलौरीन आशाबाई सूर्यवंशी दिलीप सूर्यवंशी अविनाश सूर्यवंशी अनीता छतरी मीना मिश्रा ममता पांडे अंजलि साहू हेमा पटेल संतोषी पटेल मनीषा पटेल सरिता पटेल दुर्गा पटेल रानी देवांगन बहरा देवांगन माधुरी सीता सीमा कुसुम हीरा गायत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

जब्त गांजा कल होगा नष्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एनडीपीएस प्रकरणों के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थ गांजा का 8 अक्टूबर 2026 को विधिवत नष्टीकरण किया जाएगा। यह कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति की निगरानी में मोहतराई स्थित सुधा बायो पावर प्रा लिमिटेड की भट्ठी में की जाएगी।

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय बिलासपुर के अंतर्गत थानों में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति द्वारा एनडीपीएस प्रकरणों से संबंधित सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची और मूल दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। समिति द्वारा नष्टीकरण योग्य पाए गए गांजा व मादक पदार्थ को 8 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10 बजे सुधा बायो पावर प्राइवेट लिमिटेड, मोहतराई जिला बिलासपुर स्थित भट्ठी (फर्नेस) में जलाकर नष्ट किया जाएगा। निर्धारित स्थल पर यह पूरी कार्यवाही समिति के सदस्यों एवं पंचों की उपस्थिति में संपन्न कराई जाएगी।

स्कूलों में बालिकाओं के लिए बढ़ेंगी बुनियादी सुविधाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में वीबी-जी राम जी के तहत स्वीकृत बालिका शौचालयों के निर्माण कार्यों का 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर भूमिपूजन किया गया। इन शौचालयों का निर्माण स्कूलों में बालिकाओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

संबंधित स्थानों पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। इस दौरान स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के महत्व के संबंध में भी जानकारी दी गई।

बहन से विवाद के बाद छात्रा ने की खुदकुशी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी थाना क्षेत्र के भटचौरा गांव में बहन से विवाद के बाद 21 वर्षीय एलएलबी छात्रा संध्या कुमारी ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार संध्या बलौदाबाजार में एलएलबी सेकेंड सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही थी। घर में खाना बनाने की बात को लेकर उसका अपनी बहन से विवाद हुआ था। विवाद के कुछ समय बाद उसने कीटनाशक पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने सिम्स रेफर किया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पचपेड़ी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा सेवा संकल्प अभियान

सेवा संकल्प के 19वें दिन शहर के विकास और जनसमस्याओं पर मंथन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान के 19वें दिन प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस, नगर निगम, जिला पंचायत, व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शहर के विकास और जनसमस्याओं को लेकर सार्थक संवाद हुआ।

कार्यक्रम में यातायात व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, नागरिक सुविधाओं, शहर की कनेक्टिविटी और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती की आरती एवं वंदेमातरम् के सामूहिक गान से हुई। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष अग्रवाल, सर्व सोनी समाज के अध्यक्ष जवाहर सराफ, बोहरा समाज के वरिष्ठ सदस्य मुस्ताक भाई, रेडक्रॉस के जिला अधिकारी सौरभ सक्सेना सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण पर विचार रखते हुए कहा कि समाज की सेवा किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी वर्गों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने खापरगंज, गोल बाजार और सदर बाजार की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। विशेष रूप से सदर बाजार में रोजाना होने वाली यातायात समस्या, दुकानों के सड़क तक फैलने, अतिक्रमण और सार्वजनिक शौचालय की समस्या के समाधान की मांग की। इन मुद्दों पर पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह ने पुलिस, नगर निगम और सदर बाजार व्यापारी समिति के प्रतिनिधियों की संयुक्त टीम बनाने की बात कही।

यह टीम यातायात व्यवस्था और अतिक्रमण सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए समन्वय से काम करेगी। नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर कार्रवाई के लिए व्हाट्सएप आधारित सूचना व्यवस्था विकसित करने की भी बात कही गई। एसपी ने नागरिकों से नशे की स्थिति में वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन करने और शहर की शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सकारात्मक सोच के साथ समाज और दुनिया को देखने का संदेश दिया तथा भारत की बदलती सड़क, परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का उल्लेख किया।

कार्यक्रम के अंत में त्रिनेत्र सेवा समिति के लिए सराफा एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा किए गए योगदान के लिए योगदानकर्ताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन अलंकृता मिश्रा ने किया। महासचिव श्रीकांत पांडे ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सदर बाजार की यातायात व्यवस्था सुधारने पर बनी सहमति

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के सेवा संकल्प अभियान के 19वें दिन शहर की यातायात व्यवस्था और सदर बाजार की समस्याएं प्रमुखता से उठाई गईं। कार्यक्रम में सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने सदर बाजार में रोजाना होने वाली यातायात अव्यवस्था, दुकानों के सड़क तक फैलने, अतिक्रमण और सार्वजनिक शौचालय की समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि व्यापारिक क्षेत्रों में व्यवस्थित यातायात के साथ नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है।

133 लीटर अवैध शराब समेत दो गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। उ म नि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह एवं नूपुर उपाध्याय अनुभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान प्रहार के तहत थाना कोटा प्रभारी प्रशिक्षु उप निरीक्षक दिलीप कुमार साहू के द्वारा पुलिस टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पहली कार्रवाई में कोटा पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर गनियारी के बांधा तालाब के पास घेराबंदी कर शातिर आरोपी विरेन्द्र वर्मा उम्र 34 वर्ष, निवासी गनियारी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे एवं झोपड़ी से 113 लीटर अवैध हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमत लगभग 22,600 बरामद की गई। उल्लेखित आरोपी थाना कोटा का पुराना आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के पूर्व में भी चार गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं दूसरी कार्रवाई में, बिल्लीबंद से नवागांव की ओर मोटरसाइकिल पर शराब परिवहन की सूचना पर नाका चौक के पास घेराबंदी कर आरोपी बृजभूषण उर्फ मुकेश कुमार जगत उम्र 30 वर्ष, निवासी नवागांव को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल CG 10 EF 3831 में परिवहन की जा रही 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत लगभग 4,000 जब्त की गई। दोनों मामलों में कुल 133 लीटर अवैध महुआ शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन जब्त कर ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया है। इस संपूर्ण सफल कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश यादव, भुनेश्वर मरावी तथा आरक्षक सुनील पटेल, मोहन ध्रुव, महेंद्र रजवाड़े एवं धर्मेंद्र साहू की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हटिया-एलटीटी के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

12,19 और 26 अक्टूबर को 3-3 फेरे लगाएगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी त्योहारों के दौरान नियमित ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए रेलवे ने हटिया-एलटीटी-हटिया के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 3-3 फेरे लगाएगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में इसका स्टॉपेज रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और गोंदिया स्टेशनों पर रहेगा। ट्रेन नंबर 08609 हटिया-एलटीटी पूजा स्पेशल हटिया से हर सोमवार 12, 19 और 26 अक्टूबर को चलेगी। ट्रेन हटिया से शाम 4.20 बजे रवाना होगी। यह दूसरे दिन रात 1.15 बजे बिलासपुर पहुंचेगी और 1.25 बजे रवाना होगी। रायपुर में रात 2.55 बजे पहुंचकर 3 बजे रवाना होगी। दुर्ग में 3.55 बजे पहुंचकर 4 बजे रवाना होगी। गोंदिया में सुबह 5.48 बजे पहुंचकर 5.50 बजे रवाना होगी। इसके बाद रात 10.10 बजे

एलटीटी पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 08610 एलटीटी-हटिया पूजा स्पेशल 13, 20 और 27 अक्टूबर को चलेगी। यह एलटीटी से रात 11.50 बजे रवाना होगी। दूसरे दिन गोंदिया में दोपहर 1.50 बजे पहुंचकर 1.52 बजे रवाना होगी। दुर्ग में 3.55 बजे पहुंचकर 4 बजे रवाना होगी। रायपुर में शाम 4.35 बजे पहुंचकर 4.40 बजे रवाना होगी। बिलासपुर में शाम 7.05 बजे पहुंचकर 7.15 बजे रवाना होगी। रायगढ़ में रात 9.35 बजे पहुंचकर 9.40 बजे रवाना होगी। इसके बाद तीसरे दिन सुबह 4.30 बजे हटिया पहुंचेगी। 22 कोच की होगी पूजा स्पेशल ट्रेनइस ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे। इनमें 1 एसएलआरडी, 1 पावर कार, 4 जनरल, 6 स्लीपर, 7 एसी-III, 2 एसी-II और 1 एसी प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का कोच शामिल है। दोनों दिशाओं में ट्रेन बालसिरिंग, गोविंदपुर रोड, बानो, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, मलकापुर, भुसावल, पचोरा, चालीसगांव, मनमाड, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण और ठाणे स्टेशनों पर रुकेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन के चलने की तारीख, समय और स्टॉपेज की जानकारी जरूर जांच लें। इसके लिए रेलवे की अधिकृत वेबसाइट, NTES या रेलवन ऐप देखा जा सकता है।

24 रिटायर्ड कर्मियों की याचिकाएं खारिज

पेंशन योजना का लाभ पाने रिटायर्ड कर्मचारियों ने लगाई थी हाईकोर्ट में याचिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु ने कहा कि पंचायत विभाग के कर्मचारी सरकारी कर्मचारी नहीं हैं। उनके लिए लागू सेवा नियमों में पेंशन का प्रावधान भी नहीं है। ऐसे में सरकारी कर्मचारी के तौर पर पेंशन का दावा नहीं किया जा सकता।

इस टिप्पणी के साथ हाईकोर्ट ने पंचायतों के रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन देने की मांग वाली 24 याचिकाएं खारिज कर दीं। दरअसल, अलग-अलग जिलों के कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थीं। याचिकाओं में कहा गया कि उन्होंने पंचायत विभाग में लंबे समय तक सेवाएं दीं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद उन्हें पेंशन नहीं दी जा रही है। याचिकाकर्ताओं ने पंचायत राज अधिनियम की धारा 131 का हवाला देते हुए कहा कि पुराने कर्मचारियों को वेतन, भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ दिए जाने

चाहिए। हाईकोर्ट ने पंचायतों के रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट के मुताबिक, जनपद पंचायत के कर्मचारियों पर अलग सेवा नियम लागू होते हैं और इन नियमों में पेंशन का प्रावधान नहीं है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि पंचायत विभाग में काम करने वाला हर कर्मचारी इस दायरे में आएगा। शासन से सीधे नियुक्त नियमित कर्मचारी और उनके अलग-अलग शासकीय ग्रेड इस टिप्पणी से प्रभावित नहीं होंगे। कोर्ट की टिप्पणी खास तौर पर जनपद पंचायत के कर्मचारियों की सेवा शर्तों और पेंशन के अधिकार से जुड़े मामले तक सीमित है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि बालोद की गुंडरदेही और बिलासपुर जिले की तखतपुर जनपद पंचायत में कुछ कर्मचारियों को पेंशन मिल रही है।

ऐसे में उनका कहना था कि उन्हें भी पेंशन योजना का लाभ मिलना चाहिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने बताया कि गुंडरदेही के तीन और तखतपुर के तीन कर्मचारियों को स्थानीय स्तर पर बनाए गए पेंशन कोष से भुगतान किया जा रहा है। यह भुगतान राज्य सरकार की किसी वैधानिक पेंशन योजना के तहत नहीं हो रहा है। सरकार ने बताया कि इस भुगतान को लेकर संबंधित अधिकारियों को अगस्त 2026 में कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं।

गुंडरदेही और तखतपुर जनपद पंचायत में कुछ कर्मचारियों को पेंशन मिल रही है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि धारा 131 पहले से मिल रहे वेतन, भत्ते, पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों को सुरक्षित रखने का प्रावधान है। इससे ऐसा नया पेंशन अधिकार नहीं बनता, जो कर्मचारी को सेवा नियमों या किसी वैधानिक योजना के तहत पहले से मिला ही नहीं था। कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति के समय सेवानिवृत्ति लाभ भविष्य निधि योजना के तहत दिए जाने थे। उनकी सेवा के दौरान भी ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे उन्हें पेंशन का अधिकार मिल गया हो।

आंदोलन : मांग पूरी नहीं होने पर सामूहिक काम बंद की चेतावनी

विद्युत कर्मियों ने पुरानी पेंशन की मांग को लेकर दिखाई ताकत

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर के विद्युत कर्मचारी एवं अधिकारियों द्वारा ओपीएस की मांग को लेकर रायपुर में विद्युत कंपनी मुख्यालय डंगनिया के मेनगेट पर विशाल आमसभा की गई।

'विद्युत अधिकारी- कर्मचारी ओपीएस बहाली अधिकार मंच' के तत्वावधान में प्रदेशभर से 12 संगठनों के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ हजारों की संख्या में सोमवार को जोरदार नारों के साथ ओपीएस की मांग को लेकर आंदोलन किया। इस अवसर पर संगठनों के पदाधिकारियों ने ओपीएस की पुरजोर मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर विद्युत प्रबंधन को 18 नवंबर 2026 को कामबंद कर सामूहिक अवकाश जाने की चेतावनी दी।

अधिकार मंच से रमा पांडेय, अजय शर्मा, निशांत मुंडेजा, तेज प्रताप सिन्हा, वासुदेव भगत. राम इकबाल सिंह, धर्मेंद्र देवांगन, श्रीकांत बड़गैय्या, अनिल द्विवेदी, आरसी चेट्टी, मनोज वर्मा, श्रीकांत सिंह ठाकुर ने आमसभा को संबोधित किया। ओपीएस की मांग को लेकर एक संयुक्त ज्ञापन प्रबंधन व प्रदेश सरकार के नाम सौंपा गया। यहां उल्लेखनीय है कि राज्य शासन में पुरानी पेंशन लागू हुए लंबा समय बीत गया है।

इसके बावजूद छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के कर्मचारी और अधिकारी आज भी पुरानी पेंशन योजना के लाभ से वंचित हैं।

ऊर्जा विभाग द्वारा 6 अक्टूबर 2023 को पुरानी पेंशन लागू करने संबंधी सैद्धांतिक सहमति दी जा चुकी है, फिर भी अब तक ओपीएस का आदेश पारित नहीं हुआ है। पूरे प्रदेश में 8500-9000 अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना से वंचित हैं।इसके बाद भी यदि मांग पूरी नहीं हो पाती है तो आंदोलन का विस्तार किया जाएगा। पुरानी पेंशन की मांग को लेकर गठित अधिकार मंच में अभियंता संघ, पत्रोपाधि अभियंता संघ, फेडरेशन-1, कर्मचारी जनता यूनियन, आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ., इंटक-56, आफिसर एसोसिएशन, तकनीकी कर्मचारी एकता यूनियन, डॉक्टर एसोसिएशन, तकनीकी कर्मचारी संघ, बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ, और कार्यालयीन कर्मचारी संघ शामिल हैं।

स्वरोजगार से साकार हुआ सपना

आत्मनिर्भर बनीं सपना सराफ

बिलासपुर/नवप्रदेश। खुद का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनने का सपना देखने वाली बिलासपुर निवासी सपना सराफ के लिए प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना मददगार बनी। पूंजी के अभाव में उनका सपना आगे नहीं बढ़ पा रहा था।

योजना के तहत बैंक से ऋण मिलने के बाद उन्होंने व्यवसाय के लिए जरूरी संसाधन जुटाकर अपना काम शुरू किया। सपना बताती हैं कि वे नौकरी या दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहती थीं। परिवार ने भी उनके निर्णय में सहयोग किया। योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनके लिए व्यवसाय शुरू करने की राह आसान की। व्यवसाय शुरू होने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और अब वे इसे आगे विस्तार देने की तैयारी कर रही हैं। सपना के अनुसार स्वरोजगार केवल आय का साधन नहीं, बल्कि अपने पैरों पर खड़े होने और अलग पहचान बनाने का माध्यम है। उन्होंने शासन की योजना से मिली सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

हाथी-मानव द्वंद्व का बढ़ा खतरा: कोरबा-कटघोरा में 250 से ज्यादा मकान ध्वस्त

■ **कटघोरा वनमंडल में 52 और कोरबा वनमंडल में 13 हाथी विचरण कर रहे**

कोरबा/नवप्रदेश। धान की फसल अब बालियां आने के दौर में पहुंच गई है। खेतों में लहलहा रही धान की फसल की सुगंध हाथियों के झुंड को जंगल से खेतों तक खींच ला रही है। इसके साथ ही वनांचल के गांवों में हाथी-मानव द्वंद्व का खतरा एक बार फिर बढ़ गया है। हाथियों का दल रात ही नहीं बल्कि दिन में भी खेतों में पहुंचकर खड़ी फसल को रौंदने और चरने से किसानों की महीनों की मेहनत बर्बाद कर रहे हैं। स्थिति यह है कि किसान अपनी जान जोखिम में डालकर रात में खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। वन विभाग के अनुसार कटघोरा वनमंडल में 52 और कोरबा वनमंडल में 13 हाथी विचरण कर रहे हैं। दोनों वनमंडलों में पिछले एक माह के दौरान हाथियों ने करीब 33 एकड़ फसल को नुकसान पहुंचाया है।

कटघोरा वनमंडल के पसान सर्किल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। तराईनार जंगल में डेरा जमाए करीब 52 हाथियों का दल रात होते ही जंगल से बाहर निकलकर आसपास के गांवों और खेतों की ओर बढ़ रहा है। बीती रात हाथियों ने भर्रापारा, कुम्हारीसानी, बोकरामुड़ी और तराईनार गांव के खेतों में पहुंचकर धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। कई खेतों में हाथियों ने खड़ी फसल को रौंदने के साथ ही उसे चर दिया।

ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का दल दिनभर जंगल में रहता है और शाम ढलते ही सक्रिय हो जाता है। कई बार यह दल अलग-अलग झुंडों में बंटकर गांवों की ओर बढ़ता है। रातभर खेतों और गांवों के आसपास विचरण करने के बाद सुबह होने से पहले वापस जंगल लौट जाता है। इस वजह से ग्रामीणों को दिन के साथ-साथ रात में भी सतर्क रहना पड़ रहा है। धान की फसल इस समय किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दौर में है। बालियां निकलने के साथ ही फसल तेजी से पकने की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय हाथियों के खेतों में पहुंचने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की लगातार आवाजाही के कारण खेतों की निगरानी करना भी मुश्किल हो गया है। कई किसान समूह बनाकर खेतों के आसपास निगरानी कर रहे हैं, लेकिन हाथियों के बड़े दल के सामने उनकी सुरक्षा भी चिंता का विषय बनी हुई है। प्रभावित किसानों ने फसल नुकसान का शीघ्र आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की मौजूदगी के कारण खेती करना लगातार जोखिम भरा होता जा रहा है।

कोरबा वनमंडल के करतला परिक्षेत्र में भी हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। यहां चार हाथियों का दल कोटमेर क्षेत्र में दिनभर विचरण करता रहा। रात में हाथियों ने बड़मार गांव की ओर रुख किया और खेतों में पहुंचकर धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। पसान में 52 और करतला क्षेत्र में चार हाथियों की मौजूदगी से वनांचल के किसानों की चिंता बढ़ गई है। वन विभाग की टीमें हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं और ग्रामीणों को हाथियों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। हाथियों की लगातार आवाजाही का असर अब यातायात पर भी पड़ रहा है। पतुरियाडांड के पास हाथियों का झुंड एक ही स्थान पर लंबे समय तक मौजूद रहने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों की कतार लग रही है। विशेषकर देर रात हाथियों के सड़क के आसपास पहुंचने पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है। इससे वाहन चालकों को भी खतरा बना रहता है। ग्रामीणों और राहगीरों को कई बार जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है।

न्यूज गैलरी

रायपुर रेलवे स्टेशन पर पेयजल गुणवत्ता की जांच

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टेशनों पर पेयजल की गुणवत्ता की नियमित एवं सघन निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आज 5 अक्टूबर 2026 को रायपुर रेलवे स्टेशन पर प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, श्री देवेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विशेष पेयजल गुणवत्ता जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रायपुर रेलवे स्टेशन के विभिन्न पेयजल स्थलों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान भौतिक परीक्षण, अवशेष क्लोरीन एवं टी.डी.एस. की जांच के साथ-साथ आवश्यकतानुसार बैक्टीरियोलॉजिकल जांच हेतु पेयजल के नमूने भी एकत्रित किए गए। जांच के दौरान प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 पर स्थित बसंती देवी जल सेवा केंद्र के पेयजल का भौतिक परीक्षण किया गया तथा अवशेष क्लोरीन एवं टी.डी.एस. की जांच की गई। जांच में पेयजल का नमूना निर्धारित जल गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त जल सेवा केंद्र के पानी की पूर्व में भी दिनांक 29.09.2026 एवं 01.10.2026 को जांच की गई थी, जिसमें भी पानी की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई थी। इसी क्रम में प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 पर स्थित नल क्रमांक 45 के पानी की भी जांच की गई, जिसमें पानी निर्धारित जल गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाया गया। इसके अलावा प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 के दुर्ग छोर पर स्थित वॉटर कूलर के पेयजल की गुणवत्ता की भी जांच की गई। वहीं, प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 पर स्थित वाटर वेंडिंग मशीन से बैक्टीरियोलॉजिकल जांच हेतु पेयजल का नमूना संग्रहित किया गया। अभियान के दौरान केवल पेयजल की गुणवत्ता की जांच तक ही सीमित न रहते हुए पेयजल स्थलों की स्वच्छता, जल वितरण व्यवस्था, पानी की उपलब्धता, उपकरणों के रखरखाव तथा यात्रियों के लिए उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया।

छत्तीसगढ़ में सहायक ग्रेड-3 की भर्ती परीक्षा की डेट जारी

रायपुर/नवप्रदेश। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर आया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा समूह-2 तृतीय श्रेणी (स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर) उप समूह-2 के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 10 जनवरी 2027 को आयोजित की जाएगी। यह भर्ती बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के लिए अहम मानी जा रही है। इस भर्ती में सबसे अधिक पद सहायक ग्रेड-3 के हैं। सहायक ग्रेड-3 के कुल 1,206 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा स्टेनो, शीघ्रलेखक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, पंजीयन लिपिक और सहायक उप निरीक्षक जैसे विभिन्न पदों पर भी नियुक्ति होगी। मंडल के अनुसार सहायक उप निरीक्षक-अ (जिला इकाई संवर्ग) के 279 पद, पंजीयन लिपिक के 50 पद, सहायक उप निरीक्षक-अ (सामान्य शाखा) के 40 पद और उप निरीक्षक-अ (शीघ्रलेखक) सामान्य शाखा हिंदी के 34 पद शामिल हैं।

ऑनलाइन ठगी, युवती से बदसलूकी, मारपीट और बाइक चोरी पर केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में ऑनलाइन ठगी, मारपीट, युवती से बदसलूकी और वाहन चोरी के चार मामले सामने आए हैं। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांज थाना क्षेत्र की सेंट्रल जेल कॉलोनी निवासी चंद्रकांत सिन्हा ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके मोबाइल में यूनो, पेटीएम और फोनपे एप काम नहीं कर रहे थे। मोबाइल को सर्विस सेंटर में दिखाने के बाद उसे फॉर्मेट किया गया। इसके बाद एप दोबारा डाउनलोड करने पर अज्ञात आरोपी ने उनके एसबीआई खाते से ऑनलाइन तरीके से कुल 95 हजार रुपये निकाल लिए। गांज पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है।

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के गोगांव में घर के सामने शराब पीने से मना करने पर विवाद हो गया। शिकायतकर्ता खगेश खुंटे के अनुसार, छोटू और प्रितेश माहेश्वरी वहां शराब पी रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के तथा लोहे की रॉड से मारकर चोट पहुंचाई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

युवती से बदसलूकी और मारपीट: गोलबाजार थाना क्षेत्र में फैंसी स्टोर से सामान खरीदते समय 22 वर्षीय युवती के साथ कथित तौर पर बदसलूकी और मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत के मुताबिक आरोपियों ने युवती को बेइज्जत करने की नीयत से उसका हाथ पकड़ा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद हाथ-मुक्के और चाबी से मारकर चोट पहुंचाई। मामले में बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 74 और 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बोरझरा में खड़ी बाइक चोरी: उरला थाना क्षेत्र के ग्राम बोरझरा में अज्ञात चोर ने घर के पास खड़ी हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल चोरी कर ली। शिकायतकर्ता हितेश कुमार वर्मा के मुताबिक उनकी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनडी 9130 की कीमत करीब 30 हजार रुपये है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विरोध-प्रदर्शन : तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कोण्डागांव में विशाल धरना-प्रदर्शन

पिछड़ा वर्ग समाज की हुंकार, 50 हजार से अधिक ने निकाली अधिकार रैली

■ **संभागीय अध्यक्ष बोले मांगें पूरी नहीं हुईं तो रायपुर में होगा जंगी प्रदर्शन**

जगदलपुर/कोण्डागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला इकाई कोण्डागांव के तत्वावधान में 3 अक्टूबर को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और अधिकार रैली आयोजित की गई। इसमें 50 हजार से अधिक महिला, पुरुष और युवाओं ने भाग लेकर पिछड़ा वर्ग के अधिकारों की आवाज बुलंद की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग समाज लंबे समय से अपने संवैधानिक अधिकारों और उचित प्रतिनिधित्व से वंचित है।

संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़ ने कहा कि समाज तीन प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलनरत है। सरकार ने मांगों पर गंभीरता से पहल नहीं की तो आंदोलन को राजधानी रायपुर तक ले जाकर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। संभागीय संगठन महामंत्री नीलकंठ शार्दूल ने कहा कि केंद्र सहित कई राज्यों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू है,जबकि छत्तीसगढ़ में आबादी के अनुपात में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने तमिलनाडु की तर्ज पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल की मांग की।

मंच पर पुरुषोत्तम गजेंद्र, कमल किशोर कश्यप, अरविंद जैन, मनोज देवांगन, ईश्वर चंद्र निषाद, अमित गुप्ता, संतोष साहू, बालकुमार प्रधान, दिलीप दीवान, चंदन साहू, सुरेश देवांगन, गोकुल मानिकपुरी, रमेश प्रधान, रामदेव कौशिक, भारत जैन, बीरस साहू, लोकनाथ राठौर, कृष्णा पटेल, कृष्णा मानिकपुरी, रमेश सिन्हा, आनंद पवार, सनत यादव, साधुराम यादव, धनीराम यादव, तुलसी नाग, लोकनाथ निषाद, चिंताराम पटेल, हरिशंकर देवांगन और सुदर्शन साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

जनगणना में अलग स्थान और पेसा कानून में भागीदारी की मांग

समाज ने आगामी राष्ट्रीय जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से जातिगत जनगणना का प्रावधान करने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि इससे समाज की वास्तविक संख्या स्पष्ट होगी और कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में सुविधा मिलेगी। बस्तर में निवासरत पिछड़ा वर्ग को भी क्षेत्र का मूल निवासी बताते हुए पांचवीं अनुसूची के तहत सुविधाएं देने तथा पेसा कानून में संबंधित समुदायों को शामिल करने की मांग की गई।

इन्होंने भी रखे विचार

सभा को टिकेश्वरी सिन्हा,फूलचंद दीवान,देवलाल सोनवंशी, हरेश चक्रधारी,डॉ शिल्पा देवांगन,मनीष योगी और त्रिनाथ दीवान सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

आंदोलन की 3 प्रमुख मांगें

27 प्रतिशत आरक्षण केंद्र और अन्य राज्यों की तर्ज पर अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई तथा आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल।

अलग जातिगत जनगणना

राष्ट्रीय जनगणना में अनुसूचित जाति और जनजाति की तरह पिछड़ा वर्ग के लिए अलग स्थान निर्धारित कर जातिगत जनगणना कराई जाए।
बस्तर में निवासरत पिछड़ा वर्ग को मूल निवासी मानते हुए पांचवीं अनुसूची के लाभ तथा पेसा कानून में उचित भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

इंजेक्शन लगने के बाद 28 वर्षीय युवक की मौत

■ **झोलाछाप डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, थाने में शिकायत**

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा में इलाज के दौरान 28 वर्षीय युवक की मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने गांव में इलाज करने वाले एक कथित झोलाछाप डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने और उपचार में लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि इंजेक्शन लगाए जाने के बाद युवक की हालत लगातार बिगड़ती गई और करीब एक महीने तक अलग-अलग अस्पतालों में इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। मृतक के भाई ने पुलिस थाने में शिकायत देकर मामले की जांच और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मृतक के भाई जागेश्वर प्रसाद सोनवानी द्वारा सिविल लाइन थाना प्रभारी को दिए गए शिकायत आवेदन के मुताबिक, ग्राम बैदरकोना निवासी हरप्रकाश सोनवानी (28) 28 अगस्त 2026 को वाहन चला रहा था। इसी दौरान सड़क पर अचानक कुत्ता सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में हरप्रकाश वाहन से गिर गया, जिससे उसके दाहिने पैर के घुटने में चोट आई थी।

परिजनों के अनुसार, चोट लगने के बाद हरप्रकाश इलाज के लिए मुरली मनोहर उर्फ महाराज के पास गया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसकी बाईं कमर के पास इंजेक्शन लगाया और जल्द ठीक होने की बात कहकर उसे घर भेज दिया। शिकायत के मुताबिक, इंजेक्शन लगने के करीब दो दिन बाद संबंधित स्थान पर तेज दर्द और नीले रंग का निशान दिखाई देने लगा। इसके बाद युवक की तबीयत लगातार खराब होती गई।

हालत बिगड़ने पर हरप्रकाश को 2 सितंबर को जिला अस्पताल कोरबा में भर्ती कराया गया। परिजनों के मुताबिक, वहां चिकित्सकों ने संक्रमण होने की बात बताई और ऑपरेशन की सलाह दी। इसके बाद उसे टीपी नगर स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका ऑपरेशन किया गया। हालत में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर परिजनों को उसे रायपुर ले जाने की सलाह दी गई। हालांकि बाद में हरप्रकाश को दोबारा 22 सितंबर को जिला अस्पताल कोरबा में भर्ती कराया गया।

जिला अस्पताल में उपचार के दौरान 5 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 7.30 बजे हरप्रकाश की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार ने इलाज करने वाले कथित डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के भाई का आरोप है कि कमर में लगाए गए इंजेक्शन के बाद संक्रमण हुआ और इसी वजह से उसके भाई की हालत बिगड़ती गई।

तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक में घुसी, पिता-बेटे की मौत

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम मोहारा में आयोजित पितर कार्यक्रम से लौट रहा एक परिवार रास्ते में हुए दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गया। अरमरीकला और सनौद के बीच सड़क किनारे खड़े ट्रक से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार पिता और उनके 12 वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि दूसरा बेटा घायल हो गया। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है।

जानकारी के मुताबिक, सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम कचराबांधा निवासी अनोन कुमार (12) अपने पिता और भाई के साथ 4 अक्टूबर को ग्राम मोहारा में आयोजित पितर कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद तीनों एक ही बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान अरमरीकला-सनौद मार्ग पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से बाइक जा भिड़ी। टक्कर इतनी

जबरदस्त थी कि तीनों बाइक सवार घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल धमतरी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने पिता और 12 वर्षीय अनोन कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू की। पुलिस ने हादसे में शामिल बाइक और ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना की अवधि बढ़ा दी गई है। अब योजना का लाभ 31 दिसंबर तक लिया जा सकेगा। इससे छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के घरेलू बीपीएल एवं कृषि श्रेणी के आश्रित उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल के निपटारे में राहत मिलेगी। 31 दिसंबर तक बढ़ी योजना की अवधि, मूल राशि और अधिभार में मिलेगी छूट कार्यालयीन आदेश के अनुसार, योजना की अवधि पहले 30 सितंबर तक बढ़ाई गई थी। अब संशोधित आदेश के माध्यम से इसकी अवधि पुनरीक्षित करते हुए 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। पात्र उपभोक्ताओं को बकाया राशि की मूल राशि में छूट मिलेगी।

63 साल की आस्था, कापसी में बांस से बनाया जा रहा 60 फीट का भव्य महल

कापसी/नवप्रदेश। कापसी में इन दिनों सैकड़ों बांसों की खटखट और कारीगरों के हुनर से आस्था का एक भव्य महल आकार ले रहा है। परलकोट क्षेत्र में 63 साल से चली आ रही दुर्गापूजा की परंपरा इस बार नए और भव्य रूप में नजर आएगी।

बंग समाज की ओर से करीब 60 फीट ऊंचा और 30 फीट चौड़ा विशाल दुर्गा पंडाल तैयार किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल के सुंदरवन से आए कारीगर पिछले एक महीने से बांसों को जोड़कर पंडाल को आकर्षक महल का रूप देने में जुटे हैं। निर्माणाधीन ढांचा और विशाल प्रवेश द्वार अभी से लोगों की उत्सुकता बढ़ा रहा है। आयोजकों के अनुसार, कापसी में पहली बार इतने बड़े स्तर पर पंडाल तैयार किया जा रहा है। दुर्गापूजा आयोजन समिति के

अध्यक्ष विकास सरकार ने बताया कि कापसी में दुर्गोत्सव की परंपरा 63 वर्षों से लगातार जारी है। हर वर्ष आयोजन को नया स्वरूप देने का प्रयास किया जाता है। इस बार सुंदरवन के कारीगरों की पारंपरिक कला के जरिए बांस के ढांचे को भव्य महल का रूप दिया जा रहा है। पंडाल के साथ आकर्षक स्वागत द्वार और विशेष विद्युत सजावट भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेगी। षष्ठी से विजयादशमी तक पूजा-अर्चना, महाप्रसाद, भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। परलकोट में बंग समाज की बड़ी आबादी के कारण दुर्गोत्सव यहां केवल पूजा का पर्व नहीं,बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मेल-मिलाप का अवसर भी बन चुका है। छह दशक से अधिक पुरानी इस परंपरा में आसपास के गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस बार 60 फीट ऊंचे पंडाल और सुंदरवन के कारीगरों की कला के चलते कापसी का दुर्गोत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र बनने की उम्मीद है।

सेहत : छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की स्कूलों और आवासीय संस्थाओं में जागरुकता बढ़ाने की पहल

बच्चों को बताया जाएगा जंक फूड का खतरा, स्कूलों में लगेगा शुगर-कैलोरी बोर्ड

रायपुर/नवप्रदेश। बच्चों में बढ़ते मोटापे और मधुमेह के खतरे को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने स्कूलों और आवासीय संस्थाओं में खान-पान को लेकर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। आयोग ने प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों के साथ-साथ आवासीय आश्रम शालाओं और छात्रावासों में शुगर एवं कैलोरी जागरूकता बोर्ड लगाने की अनुशंसा की है।

बोर्ड पर दिखेगी शक्कर, नमक और कैलोरी की जानकारी: आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि बच्चों में जंक फूड, मीठे पेय और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ रहा है। ऐसे में केवल रोक लगाने के बजाय बच्चों और पालकों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना जरूरी है। प्रस्तावित बोर्ड के जरिए अलग-अलग खाद्य पदार्थों में मौजूद शक्कर, नमक और कैलोरी की मात्रा को आसान और दृश्य तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा।

ट्रैफिक लाइट सिस्टम से समझेंगे कौन सा खाना बेहतर: बच्चों के लिए जानकारी को आसान बनाने के लिए बोर्ड पर लाल, पीला और हरा रंग आधारित ट्रैफिक लाइट सिस्टम अपनाने की बात कही गई है। इसके माध्यम से बच्चे आसानी से समझ सकेंगे कि कौन से खाद्य पदार्थ सीमित मात्रा में लेने चाहिए और कौन से स्वास्थ्य के लिए बेहतर विकल्प हैं।

स्कूलों में जंक फूड पर नियंत्रण की सिफारिश: बाल आयोग ने स्कूल परिसरों में जंक फूड की बिक्री को नियंत्रित करने के साथ पौष्टिक और स्थानीय खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने की अनुशंसा की है। इसके अलावा विद्यार्थियों के बीच पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए ईट राइट क्लब और छात्र स्वास्थ्य एंबेसडर बनाए जाने का सुझाव दिया गया है। प्रार्थना सभा के दौरान भी पोषण और स्वस्थ खान-पान से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई है।

आश्रम शालाओं और छात्रावासों में भी लागू करने का सुझाव: आयोग ने आश्रम शालाओं, पोटा केबिन, प्रयास और एकलव्य विद्यालयों को भी इस पहल में शामिल किया है। यहां भोजन सारणी के साथ शुगर एवं कैलोरी बोर्ड लगाने तथा बच्चों को स्थानीय और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है।

पालकों और शिक्षकों की बैठक में भी होगी चर्चा: बच्चों की खान-पान की आदतों में बदलाव के लिए पालकों और शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण माना गया है। आयोग ने सुझाव दिया है कि पालक-शिक्षक बैठकों में पोषण, संतुलित आहार और बच्चों के स्वस्थ खान-पान पर चर्चा की जाए। साथ ही बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अच्छा प्रयास करने वाले पालकों को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था विकसित करने की भी अनुशंसा की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर धोटे*, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com